राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रोमांचक मुकाबले में भारत की सात विकेट से जीत...

आईटेल मोबाइल इंडिया ने ब्रांड, ग्राहक संपर्क बनाने के लिए ऋतिक रोशन... 10

वर्ष : 10 | अंक : 273 | पटना, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023 | पौष शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

समाधान यात्रा : मुख्यमंत्री ने औरंगाबाद जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार समाधान यात्रा के क्रम में औरंगाबाद जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री औरंगाबाद जिले के बारूण प्रखंड की कंचनपुर पंचायत पहुंचे और वहां कंचनपुर पंचायत सरकार भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने अन्य पंचायत सरकार भवनों का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने कंचनपुर पंचायत सरकार भवन का जायजा लिया।

उन्होंने जिले में चलाई जा रही राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जिलाधिकारी से जानकारी ली और लाभुकों से बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने जीविका पंचायत कार्यालय का भी उद्घाटन किया और जीविका दीदियों को उसकी चाबी सौंपी। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बालामुरुगन डी ने मुख्यमंत्री को वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने नीरा के उत्पाद, गृह साज-सज्जा के उत्पाद एवं चूडी निर्माण आदि की जानकारी ली। उन्होंने वहां पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए अन्य स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। साथ ही जल- जीवन - हरियाली अभियान के तहत जल संचयन को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने

भूमिहीनों को बासगीत का पर्चा प्रदान किया। उन्होंने मत्स्य पालन करने वाले लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना एवं मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित बाल हृदय योजना के लाभुकों से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री ने जिले में बनाए गए जल छाजन मॉडल प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने यांत्रिकीकरण योजना के अंतर्गत लाभुकों को अनुदानित यंत्र की चाबी सौंपी। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां के बच्चे-बच्चियों से बातचीत की और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में उनसे जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 1,451 जीविका के स्वयं सहायता समूहों को 2 करोड़ 24 लाख 68 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 1.666 परिवारों को 54 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मौसम

अधिकतम तापमान 23.0°C

न्यूनतम तापमान 11.0°C

बाजार

सोना	55,00
चांदी	54,300
सेंसेक्स	53,306
निफ्टी	21,503

मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में रोहतास जिले की समीक्षात्मक बैठक की

कम दर पर लोगों को बिजली की आपूर्ति करा रही सरकार : नीतीश कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उपभोक्तओं को नॉमिनल दर पर बिजली उपलब्ध कराई जाती है। बिजली बिल में किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर गड़बड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाती है बिहार देश का पहला राज्य है जहां उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू किया गया है। इसकी देश भर में तारीफ हो रही है। राज्य सरकार ने इस साल बिजली के मद में 7,800 करोड़ रुपये के अनुदान का भुगतान किया है। हमलोग कम दर पर लोगों को बिजली की आपूर्ति करा रहे हैं लोगों को सहूलियत मिले इसके लिये अलग-अलग कैटेगरी में बिजली आपूर्ति की दर सुनिश्चित की गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को समाधान यात्रा के क्रम में रोहतास जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में रोहतास समाहरणालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ लोगों तक ससमय पहुंचायें, इसमें विलंब न करें। बच्चियों के जन्म से 2 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण टीकाकरण के पश्चात दी जाने वाली आर्थिक मदद सुनिश्चित करायें। जरूरत पड़ने पर कैम्प लगाकर इस योजना का लाभ तीव्र गति से लोगों तक पहुंचायें, यह बहुत आवश्यक है। उच्चतर शिक्षा हेतु इंटरमीडिएट और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली छात्राओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान में देर न करें। इंटरमीडिएट पास अविवाहित छात्राओं और ग्रेजुएशन उतीर्ण करने वाली विवाहित एवं अविवाहित सभी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ देना है। इस योजना से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उनका जल्द से जल्द निष्पादन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि धान अधिप्राप्ति का काम तय मापदंडों के अनुरूप किया जा रहा है। इस वर्ष हमलोगों ने 45 लाख मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है। यहां आसपास के चार जिलों में बड़ी मात्रा में धान का उत्पादन होता है। सबसे स्वादिष्ट और बेहतर चावल का उत्पादन इन्हीं चार जिलों में होता है। बिहार के इन चार जिलों के अलावा यूपी में भी लोग अरवा चावल खाते है। हम शुरू से ही इस इलाके का विजिट करते रहे हैं। जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

बैठक में रोहतास के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली-नालिया, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय-1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना एवं मत्स्य संसाधन के विकास के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता, तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु) हर खेत तक सिंचाई का पानी सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी 1 बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याए रखीं।

ये रहे मौजूद : समीक्षा बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, पिछड़ा एवं अतिपिछडा वर्ग कल्याण मंत्री अनिता देवी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, रोहतास जिले के विधान पार्षदगण, विधायकगण, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी पुलिस महानिदेशक आर एस मट्टी, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, सचिव भवन निर्माण एवं आयुक्त पटना प्रमण्डल कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक रोहतास प्रक्षेत्र नवीन चंद्र झा, जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रोहतास विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समस्या के समाधान को लेकर जो कुछ भी करना होगा हमलोग करेंगे : सीएम

पटना। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमलोगों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण किया है। समाधान यात्रा का मकसद सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यों का जायजा लेना एवं समस्याओं को जानना है। इसी मकसद को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। समीक्षा बैठक में सभी चीजों पर विस्तृत चर्चा होती है। अगर कही कोई कमी या समस्या है तो उस पर पूरी चर्चा होती है। समीक्षा बैठक में कुछ अधिकारी यहां मौजूद रहते हैं और कुछ पटना से जुड़े रहते हैं।

समीक्षा बैठक में एक-एक चीज की जानकारी ली जाती है और उसके समाधान को लेकर निर्देश दिया जाता है। समाधान यात्रा के दौरान एक बार सभी इलाकों में घूमने के बाद हम एक बार फिर से अधिकारियों के साथ बैठक कर जानेंगे कि दिये गये निदेर्शों पर आगे क्या काम हुआ है। समस्या के समाधान को लेकर जो कुछ भी करना होगा हमलोग करेंगे। सासाराम बहुत ही ऐतिहासिक स्थल है। आप लोगों को मालूम है कि हमलोग पहले भी इस इलाके में कितना हुये हैं। पहाड़ी समेत सभी जगहों पर जाकर हमलोग निरीक्षण करते रहे हैं। रोहतासगढ़ जाकर भी हमलोगों ने जायजा लिया है। यहां की हर चीज हमलोग देख चुके हैं। हम काफी पहले से यात्रा करते रहे हैं।सासाराम के लोगों की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की डिमांड ज्यादा नहीं है। कहीं-कहीं पर पानी आने से होने वाली दिक्कत और ड्रेनेज को लेकर लोगों ने अपनी बातें कही हैं। लोगों की बातों को नोट कर लिया गया है। लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। इसी को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। पहले की तुलना में यहां पर बहुत सारा काम कराया जा चुका है फिर भी अगर कहीं कोई काम बचा हुआ है तो उसको हमलोग पूरा करायेंगे।

केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के बिहार सरकार के गिरने वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं वे खुशी मनायें। इन सब बातों पर हम ध्यान नहीं देते हैं। इन सब बातों पर हम कोई नोटिस नहीं लेते हैं।

राहुल गांधी ने वायनाड संसदीय क्षेत्र का दौरा शुरू किया, आदिवासी परिवार से की मुलाकात

वायनाड (केरल), एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं वायनाड से सांसद राहुल गांधी सोमवार को उस आदिवासी व्यक्ति के घर गए जो हाल में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के पास मृत पाया गया था। विश्वनाथन (46) गत 11 फरवरी को कोझिकोड में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास फंदे से लटका मिला था, जहां उसकी पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। गांधी रविवार रात कोझिकोड पहुंचे और आज सुबह पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में विश्वनाथन के घर गए। लोकसभा में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले गांधी ने परिवार के साथ कुछ समय बिताया, उनकी व्यथा और शिकायतें सुनीं तथा उन्हें सांत्वना दी। कोझिकोड मेडिकल कॉलेज पुलिस ने कहा है कि उसने एक मामला पहले ही दर्ज कर लिया था जब रिश्तेदारों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उक्त व्यक्ति अस्पताल से लापता है। हालांकि, बाद में 11 फरवरी को विश्वनाथन फंदे से लटका पाया गया।

जी20 समिट का हुआ शुभारंभ

लखनऊ, एजेंसी। यूपी की राजधानी लखनऊ में जी-20 समिट का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुछ देर पहले किया। सीएम योगी ने इस बैठक में शामिल जी-20 देशों के प्रतिनिधियों के साथ ही केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव, महेन्द्रनाथ पांडेय का स्वागत किया। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल तकनीक आज की सबसे बड़ी जरूरत है और उत्तर प्रदेश में इसका इस्तेमाल कर हमारी सरकार ने कई बड़े अच्छे नतीजों को हासिल किया है। सीएम योगी ने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश में बड़ा वर्क फोर्स है, और सभी को रोजगार देने के लिए सरकार तकनीक का इस्तेमाल कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दे रही है। सीएम ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा जल संसाधन हो या कृषि उत्पादन क्षेत्र,उत्तर प्रदेश इसमें टॉप पर है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के 80 हजार राशन दुकानों पर डिजिटल तकनीक के जरिये ई-पास मशीन का इस्तेमाल शुरू किया। इसके नतीजे में जिन लोगों को शिकायत थी कि उन्हें राशन नहीं मिलता है वो तो दूर हुई ही, साथ ही 1500 करोड़ लोगों को समुचित राशन वितरण करने में सरकार को 1200 करोड़ रुपये की सालाना बचत भी हुई।

संक्षिप्त खबरें

भरोसे के लिये लोगों को सुनना जरूरी, अधिकारों को बुलडोजर के नीचे कुचलना नहीं : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शांति और विश्वास के लिए आम लोगों की बात सुनना जरूरी है न कि ह्लबुलडोजर के नीचे उनके अधिकारों को कुचलनाह्व। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस अभियान के खिलाफ अपनी चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी के सभी उपायुक्तों को सात जनवरी से जम्मू-कश्मीर में सरकारी जमीन से 100 प्रतिशत अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करने के निर्देश के बाद अब तक जम्मू-कश्मीर में 10 लाख कनाल (एक कनाल = 605 वर्ग गज) से अधिक भूमि को पुनः कब्जे में लिया जा चुका है।

फिजी और ऑस्ट्रेलिया जायेंगे एस जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने फिजी जायेंगे। साथ ही वे ऑस्ट्रलिया का भी दौरा करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने फिजी जाएंगे। हिन्दी सम्मेलन भारत और फिजी सरकार मिलकर 15-17 फरवरी को नादी, फिजी में आयोजित कर रहे हैं। जयशंकर पहली बार फिजी की यात्रा कर रहे हैं। विदेश मंत्री 18 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी जायेंगे। सिडनी में वे ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। फरवरी 2022 के बाद से ऑस्ट्रेलिया की यह उनकी तीसरी यात्रा होगी। विदेश मंत्री पहली बार ऑस्ट्रेलिया में होने वाले रायसीना @ सिडनी सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

राहुल गांधी आरोप सत्यापित करें नहीं तो होगी कार्रवाई : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली। लोक सभा सचिवालय द्वारा विशेषाधिकार हनन के मामले में राहुल गांधी को भेजे गए नोटिस पर की जा रही आलोचना पर पलटवार करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि इस बार अनाप-शनाप और बेबुनियाद आरोप लगाने के मामले पर राहुल गांधी पर कार्रवाई जरूर होगी। संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए जोशी ने कहा कि राहुल गांधी अनाप-शनाप और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं और उन आरोपों को सत्यापित (साबित) भी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब देश की जनता के प्रति जवाबदेह हैं। विशेषाधिकार हनन के मामले में काईवाई को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार कार्रवाई होगी।

सीएम चौहान से मे. अरविंद लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने की भेंट

- 150 करोड़ लागत से आधुनिक गारमेंट निर्यात इकाई स्थापित करने संबंधी की चर्चा

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से वस्त्र उद्योग के वैश्विक ब्रांड मेसर्स अरविंद लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुनीतलाल भाई, अध्यक्ष एवं सीईओ आशीष कुमार ने निवास कार्यालय में भेंट की। अरविंद कुमार ने प्रदेश में लगभग 150 करोड़ रुपए के निवेश से आधुनिक गारमेंट निर्यात इकाई स्थापित करने संबंधी चर्चा की। उन्होंने बताया कि परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 2500 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। प्रमुख सचिव औद्यागिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मनीष सिंह,

अरविंद लिमिटेड के हेड कॉर्पोरेट अफेयर्स अंकुर त्रिवेदी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मेसर्स अरविंद लिमिटेड 100 मिलियन मीटर से अधिक डेनिम, 250 मिलियन मीटर से अधिक बुने कपड़ों, विभिन्न वैश्विक कम्पनियों के वर्षवार 74 मिलियन से अधिक वस्त्रों का उत्पादन करते हैं।

न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने ली सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय में स्वीकृत कुल 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत परिसर में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 10 फरवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने उसी दिन दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थीं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 31 जनवरी 2023 को न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की थी। शीर्ष अदालत में इससे पहले गत 06 फरवरी को पांच न्यायाधीशों ने शपथ ली थी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति पी. वी. संजय कुमार, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई थी।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट सदस्यों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए, लेकिन नारेबाजी कर रहे सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ....

विपक्ष के हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्य सभा में कांग्रेस सदस्य रजनी पाटिल के निलंबन और अडानी समूह पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर चल रहे विपक्ष के भारी हंगामे के बीच सोमवार को सदन की कार्यवाही 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही राज्य सभा में बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रश्नकाल के शुरू होने के साथ ही सदन के स्थगित करने की घोषणा की। पहले उन्होंने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग की और रजनी पाटिल के निलंबन का मुद्दा उठाया। सभापति ने कहा कि सदन चलाने में विपक्ष सहयोग नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि सदस्यों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए, लेकिन नारेबाजी कर रहे सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने प्रश्नकाल की शुरूआत में ही सदन की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले भी शून्य काल के दौरान श्रीमती पाटिल का निलंबन रद्द करने और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग को लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अधिकतर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण राज्य सभा की कार्यवाही 20 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। पूर्वाह्न सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि आज दो सदस्यों ने नियम 267 के तहत नोटिस दिया है जिसमें एक नोटिस आम आदमी पार्टी के संजय सिंह का और दूसरा संतोष कुमार पी का है। उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुये कहा कि श्री संजय सिंह सिर्फ तारीख बदलकर एक ही नोटिस को सात बार दे चुके हैं, जो बहुत ही गंभीर है। उन्होंने कहा कि एक ही मुद्दे पर बार-बार नोटिस देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो दो नोटिस मिले हैं वे प्रावधानों के अनुरुप नहीं है और स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं।

शून्यकाल शुरू करते हुये उन्होंने कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दलों के कुछ सदस्यों के नाम पुकारे लेकिन हंगामे का हवाला देकर वे नहीं बोले। सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने हालांकि अपने मुद्दे उठाये। इसी दौरान जब विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुछ बोलना चाहा तो श्री धनखड़ ने कहा कि जिन शब्दों को कार्यवाही से हटाया गया है, उसी का उल्लेख किया जाना उचित नहीं है। कांग्रेस सदस्यों के बार-बार कहने पर सभापति ने श्री खड़गे को अपनी बात रखने के लिए कहा। इस पर श्री खड़गे फिर से उन्हीं शब्दों को लेकर बोलने लगे। उन्होंने श्रीमती पाटिल को निलंबित किये जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में ऐसा किया गया है। इसी बीच सभापति ने उन्हें रोकते हुये कहा कि आप बार-बार सदन में और सदन के बाहर यही कहते हैं। उन्होंने कहा, मैं किसी के दबाव में काम नहीं कर रहा हूं बल्कि मैं नियम के अनुसार और संविधान तथा देशवासियों के हित में काम करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार के दबाव में शब्द को कार्यवाही से हटाया जा रहा है। इसके बाद उन्होंने सत्तापक्ष के सदस्य को शून्यकाल पर बोलने के लिए पुकारा तभी कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आकर नारेबाजी करने लगे। सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस पर कहा कि इस तरह का व्यवहार कब तक चलेगा।

सभापति के अपमान के लिए माफी मांगे विपक्ष : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एवं राज्य सभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्षी दलों पर राज्य सभा के सभापति का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है। संसद के बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन, सोमवार को भी विपक्षी दलों के हंगामे के कारण राज्य सभा की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पाई। सभापति जगदीप धनखड़ लगातार विपक्षी सांसदों को समझाने और सदन की कार्यवाही को चलाने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन हंगामा लगातार जारी रहने पर उन्होंने राज्य सभा की कार्यवाही को 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्य सभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद मीडिया से बात करते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। सभापति के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विपक्ष ने आज एक बार फिर राज्य सभा की कार्यवाही चलने नहीं दी।

राज्यसभा में मंत्री की अनुपस्थिति से सभापति धनखड़ नाराज

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही से अनुपस्थित रहे। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। ने कार्यवाही की। पटेल केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री हैं। राज्य सभा बुलेटिन में कहा गया है, प्रहलाद सिंह पटेल एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। लेकिन जब चेयर द्वारा उनका नाम पुकारा गया, तो वे सदन में नहीं थे। सभापति ने कहा कि कार्यवाही के लिए संबंधित मंत्री को सदन में उपस्थित होना होगा। इससे पहले, सभापति ने आप सांसद संजय सिंह द्वारा पेश किए गए व्यापार नोटिस के निलंबन को खारिज कर दिया। इस पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की। विपक्ष के 14 प्रतिनिधियों ने सोमवार को संसद में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में मुलाकात की और इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया।

देवी चौधरी हत्याकांड में शूटर अभिषेक गिरफ्तार, 50 हजार में लिया सुपारी

साजिशकर्ता मो दानिश व मो शमशाद का कोर्ट में सरेंडर, रिमांड पर पूछताछ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के सदर गली में देवी चौधरी हत्याकांड में पुलिस ने शूटर अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ अभिषेक मेहता उर्फ बौद्धा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, दो मैगजीन, 14 गोली और घटना में इस्तेमाल किया गया मोटरसाइकिल बरामद किया है। वहीं इस मामले में साजिशकर्ता सदर गली के लाला टोली का रहने वाला मो दानिश उर्फ शालू और लोदीकटरा का मो शमशाद उर्फ साइको ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस उन दोनों को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। दरअसल अभिषेक पुराना शातिर अपराधी रहा है, जबकि दानिश का भी आपराधिक इतिहास रहा है। शमशाद पर खाजेकलां थाना में हत्या और हत्या के प्रयास से लेकर आर्म्स एक्ट भी दर्ज है। यह जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी अमित रंजन ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में दी। इस दौरान खाजेकलां थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर और अगमकुआं थानाध्यक्ष सुधीर कुमार भी मौजूद थे। इसी साल 23 जनवरी को सदर गली में देवी चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें उनकी पत्नी सुनीता देवी के फर्द बयान पर चार प्राथमिकी अभियुक्त एवं अन्य के विरुद्ध कांड अंकित किया गया था। मृतक देवी चौधरी के पुत्र राहुल कुमार की हत्या बीते वर्ष हो गई थी। इसमें एक अभियुक्त मो दानिश उर्फ शालू फरार चल रहा था। इसी घटना को लेकर अक्सर दानिश उर्फ शालू के परिवार वाले मृतक देवी चौधरी को केस में समझौता करने के लिए दबाव डालता था। बात नहीं मानने पर इस घटना को अंजाम दिया गया। मामले के उद्भेदन के लिए एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो और एसपी सिटी ईस्ट के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पटना सिटी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसमें सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान में यह बात सामने आई कि वर्ष 2022 में देवी चौधरी के बेटे राहुल कुमार की हत्या लल्लू, गोलू, छोटू, हर्ष एवं दानिश उर्फ शालू के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत कर दी गई थी। इसमें दानिश फरार चल रहा था। वह अपने परिवार वालों के माध्यम से देवी चौधरी पर केस में समझौता कर लेने के लिए अक्सर बोला करता था। इस बात को लेकर देवी तैयार नहीं हुआ और वह खुद दानिश के घर एवं दुकान पर जाकर गाली-गलौज अक्सर किया करता था। इसी बात पर दानिश नाराज हो गया और उसे रास्ता से हटाने की योजना बनाने लगा। राहुल हत्याकांड के बाद दानिश भागकर दिल्ली चला गया और वहीं रह कर इस घटना का षड्यंत्र रचा। इसमें अपने दो भाई शमीम उर्फ डब्लू और मो राजा के अलावा दोस्त मो शमशाद उर्फ साइको और अन्य दोस्तों को शामिल किया। पुलिस के बढ़ते दबाव पर पिछले सप्ताह दानिश और शमशाद ने

कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ किया, तो अनेक चौंकाने वाले खुलासे हुए। इस घटना को अंजाम देने में दानिश और शमशाद के अलावा मो शमीम उर्फ डबलू, मो राजा, अभिषेक कुमार वर्मा उर्फ अभिषेक मेहता उर्फ बौद्धा एवं अन्य के द्वारा अंजाम दिया गया। घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और हथियार को दानिश की निशानदेही पर अगमकुआं के छोटी पहाड़ी के रहने वाले अभिषेक कुमार वर्मा के पास से बरामद किया गया। उसे भी गिरफ्तार किया गया। अभिषेक ने बताया कि दानिश ने इस घटना को अंजाम देने के लिए 50 हजार दिया था। इसी रुपए से एक चोरी की मोटरसाइकिल की व्यवस्था की। एक पिस्टल की व्यवस्था करने के बाद 23 जनवरी को मोटरसाइकिल पर अपने साथ मो शमशाद और साइको को बैठा कर ले गया और देवी चौधरी को सदर गली में गोली मारकर हत्या कर दिया। हत्या करने से पहले घटना करने वाले स्थान का अनेक बार रेकी भी किया गया। घटना को अंजाम देने में लाइनर के रूप में कड़ी निगरानी मो शमीम और डब्लू और मो राजा रखे हुए था। उसी के इशारे पर अभिषेक कुमार वर्मा के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया। अभिषेक सबसे पहले वर्ष 2016 में अपने पिता के गायब होने का बदला लेने को लेकर मेहंदीगंज का रहने वाला महेश महतो पर फायरिंग किया था। इस पर आलमगंज थाना में मामला दर्ज हुआ था और पहली बार वह बाल सुधार गृह गया था।

उसके बाद वर्ष 2017 में खाजेकलां के रवि मोड की हत्या में शामिल था और फरार चल रहा था। वर्ष 2019 में रवि मोड के गुर्गा धनंजय कुमार उर्फ राजन उर्फ मोटा गार्ड की हत्या के प्रयास के मामले में वह फरार चल रहा था। वर्ष 2020 में अगमकुआं थाना में आर्म्स एक्ट के मामले में भी वह फरार चल रहा था। एएसपी अमित शरण ने बताया कि अभिषेक कुमार वर्मा का अआपराधिक इतिहास रहा है। उस पर खाजेकलां थाना में तीन और अगमकुआं थाना में दो मामला दर्ज है, जिसमें दो हत्या, एक हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि है। मो दानिश उर्फ शालू पर भी खाजेकलां थाना में तीन मामला दर्ज है, जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट के अलावा एससी एसटी एक्ट भी लगा है। मो शमशाद उर्फ साइको पर भी खाजेकलां थाना में दो मामला दर्ज है, जिसमें हत्या का प्रयास, हत्या और आर्म्स एक्ट भी है। इस मामले के उद्भेदन में खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, अगमकुआं थाना के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, एसआई श्यामला कुमार, सिपाही कुंदन कुमार, संजीव कुमार, डायल 100 के सिपाही प्रेमचंद चौबे, निर्भय कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

नाराज ईआरएसएस डायल 112 के चालकों का प्रदर्शन

बाइक पर प्रदर्शन रैली निकाल गई

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों के लिए ईआरएसएस डायल 112 चालकों से बिहार पुलिस में लिए जा रहे कार्यों के बदले 5 महिने से वेतनमान नहीं मिलने व बिना नियुक्ति पत्र के कार्य करवाने से नाराज पटना जिले के चालक संघ ने सोमवार को सगुना के पास एक सामुदायिक भवन में अहम बैठक की। बैठक में अपनी मांगों की सूचि बना वे सगुना मोड़ से बाइक पर प्रदर्शन रैली निकाल पटना के डीजीपी को ज्ञापन सौपा। जानकारी देते हुए ईआरएसएस 112 के अध्यक्ष चंदन कुमार, उपाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि पिछले 5 महीनों से उनका वेतन नहीं मिला है। वह सिर्फ आश्वासन पर ही काम कर रहे हैं। वे सेवानिवृत्त आर्मी मैन है और उनकी भर्ती के वक्त यह आश्वासन दिया गया था कि उनकी बहाली के बाद उन्हें 10 % की आरक्षण देते हुए नियुक्ति पत्र दी जाएगी। इतना ही नहीं उनका इंश्योरेंस होगा। उन्हें साप्ताहिक छुट्टी दी जाएगी और समय - समय पर वेतन भत्ता भी मिलेगा। आश्वासन के बावजूद भी उन्हें आज तक कुछ नहीं मिला। वे बिना नियुक्ति पत्र के ही कार्य कर रहे है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री और डीजीपी से पहले भी की गई है। मगर उनके तरफ से कोई जवाब नहीं आया। वे इस बार पटना जिले के करीब 300 ईआरएसएस चालक एकजूट होकर डीजीपी को कर कई महीनों से वेतन के साथ - साथ, साप्ताहिक छुट्टी, आरक्षण की मांग, स्थाई नियुक्ति सहित कई मांग की ज्ञापन सौपा गया है।

संक्षिप्त खबरें

यौन उत्पीड़न के मामले में फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

दानापुर। नगर के महिला के साथ यौन उत्पीड़न कर सोशल मीडिया में वायरल करने के मामले में फरार अभियुक्त को रूपसपुर पुलिस ने गिरफ्तार गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रूपसपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया है कि रूपसपुर थाना कांड सं 313 / 21 धारा -354 अ, 509 क्ढ्उ166 (ए) आईएक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त बिदुपुर वैशाली के इंद्रजीत कुमार एवं रामकृष्णा नगर, पटना अरविन्द कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपित फरार चल रहे थे। जिनसे पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हथियार के साथ तीन किशोर गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान तीन नाबालिग को कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस गुरु गोविंद सिंह पथ के त्रिमूर्ति चौक मंगल तालाब मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान स्कूटी सवार तीन किशोर को रोका गया। गिरफ्तार किशोर के पास से स्कूटी की डिक्की में रखा देसी कट्टा मिला है। थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देख स्कूटी घूमा कर तीनों भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर उन सबों को पकड़ा। इसके बाद स्कूटी के डिक्की की तलाशी में देसी कट्टा मिला। तीनों का मोबाइल भी जब्त किया गया है। जब्त मोबाइल की जांच में हथियार के साथ उनकी फोटो भी है। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

अखंड कीर्तन के साथ धार्मिक आयोजन

पटना सिटी (प्राकि)। देवी स्थान में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के पहली वर्षगांठ पर दो दिनों का धार्मिक अनुष्ठान सोमवार से बक्शी मुहल्ला में आरंभ हुआ। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मिंटू जायसवाल और कोषाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बताया कि पुजारी गब्बर बाबा की ओर से धार्मिक अनुष्ठान के बीच 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ है। मंगलवार को हनुमान जी महाराज का श्रृंगार पूजन, हनुमान चालीसा व सुंदर कांड के पाठ के साथ ही 56 भोग महाप्रसाद का अर्पण और भंडारा होगा। आयोजन को ले सचिव प्रिंस यादव, मनीष कुमार, शशि तिवारी, शिव रतन प्रसाद, मोहित कुमार सोनी, आशीष मेहता आदि सक्रिय हैं। मंगलवार को आयोजन में पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव, महापौर सीता साहू, उप महापौर रेश्मी चंद्रवंशी और पार्षदों के साथ नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक प्रभाकर मिश्र समेत अन्य शामिल होंगे।

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बगहा नगर परिषद ने चलाया अभियान

बगहा, केसरी बगहा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कमलेश कुमार प्रसाद के निर्देश पर सोमवार को अपने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर छापेमारी की गई। पोलीस्टाइरीन व विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तु सहित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तु की रोकथाम के लिए निगरानी टीम ने बगहा चौक के आसपास राशन दुकानों, सब्जी व फल दुकानों, ठेला-खोमचा आदि का निरीक्षण किया। बगहा नगर परिषद के ईओ कमलेश कुमार प्रसाद ने बताया कि आठ दुकानों से लगभग 10 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया। इसके साथ ही 3500 रुपये जुमार्ना भी वसूला गया। इस मौके पर सभी दुकानदारों से अपील की गई कि वे सरकार की प्लास्टिक मुक्त बगहा मुहिम में सहयोग करें।

नाला का पानी सड़क पर बहने के कारण लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा एन एच 727 बगहा चौतरवा मुख्य सड़क के पिपरिया गांव के किनारे बने नाला को अतिक्रमण कर तोड़ दिया गया है. साथी ही नाला को मिट्टी की भराई कर अवरुद्ध करने से नाला का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. जिसको लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को रोषपूर्ण प्रदर्शन किया. इस दौरान बिपत महतो, मनोज साह, दुर्गेश शर्मा, बिहारी यादव, लालबाबू चौधरी, राजेश यादव, इंदल राम, संजय महतो, हरिहर महतो तथा लालजी राम आदि दर्जनों लोगों ने बताया कि इस नाला का रिसाव बदबूदार गंदा पानी शिव मंदिर के मुख्य दरवाजे पर समस्या उतपन्न हो गया है. हलाकि इस नाला का निर्माण एन एच का संवेदक पटेल ग्रुप के द्वारा कराया गया है. लेकिन इसकी रख रखाव तथा देख भाल की कमी के कारण लोग समस्या से जूझ रहे हैं. जबकि इस समस्या को लेकर सीके इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के जीएम से इसकी सुधार करने की कई बार अपील किया जा चुका है. लेकिन अभी तक इसपर कारवाई नहीं हुई.जिससे अजीज होकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है बोले जीएम- एन एच निर्माण कंपनी के जीएम मो.मासूम अंसारी ने इस बाबत पूछने पर बताया कि नाला का निर्माण बेहतर ढंग से किया गया था. लेकिन बीच में ही उक्त गांव के एक ब्यक्ति के द्वारा बालू लदा ट्रेक्टर ट्रॉली से नाला को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. जिससे गांव के बदबूदार गंदा पानी शिव मंदिर सहित सड़क पर बह रहा है. जिससे आम लोगों सहित राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस समस्या से ग्रामीणों ने अवगत कराया था. लेकिन इस नाला को अतिक्रमण करने वाले ब्यक्ति से लाख मना करने के बावजूद भी वह अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहा है. इसके लिए प्रसाशनिक अधिकारियों को पत्र लिख कर समस्या का निदान कराया जायेगा।

पांच लाख दहेज नहीं मिलने पर ब्याहता की हत्या

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित पानी टंकी के समीप शबनम कुमारी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। वह घर के पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। मायके से इनके भाई सूरज कुमार और अन्य लोग आए। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतका के भाई सूरज कुमार पिता ज्योति साव, जो पटना जिला के हथिदह थाना क्षेत्र के महेंद्रपुर के रहने वाले हैं, ने लिखित आवेदन दिया। इसमें सूरज कुमार ने पांच लाख दहेज मांगने और नहीं देने पर प्रताड़ित करने और दहेज के लिए हत्या करने की बात कही। इस घटना के लिए मृतका के पति शिवम आनंद पिता दिलीप साहू, ससुर दिलीप साहू एवं पति के भतीजा अभिषेक कुमार को आरोपित किया गया था। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि इस संबंध में अगमकुआं थाना में कांड 148/23 दर्ज किया गया। दरअसल शबनम अपने पति एवं ससुर के साथ भूतनाथ रोड में रहती थी। उसकी शादी वर्ष 2022 में सूरज के साथ हुई थी। उसकी वर्तमान उम्र करीब 25 साल है। कांड के अनुसंधान के क्रम में शबनम के पति शिवम आनंद और ससुर दिलीप साव को भूतनाथ पानी टंकी को गिरफ्तार किया गया। कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई नवल किशोर सिंह ने दोनों से पूछताछ के बाद जेल भेजा है।

बूथ व संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर पटना साहिब विधानसभा के अंतर्गत चित्रगुप्त मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। मंडल के अध्यक्ष अशोक भारती की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नंदकिशोर यादव ने संगठन के कार्य को विस्तार से कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में भारत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किए। बूथ सशक्तिकरण अभियान में योगदान देने के लिए और शक्ति केंद्र विस्तारक बूथ स्तर पर जाकर कार्यकताओं से मिलकर बूथ और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के महामंत्री विनय केसरी, उपाध्यक्ष सुरेश सिंह पटेल, सुदामा प्रसाद सिन्हा, प्रदेश के पदाधिकारी अनिल श्रीवास्तव, विरेंद्र बहादुर सिन्हा, पार्षद नीलम कुमारी, संजय चंद्रवंशी, अजय आजाद, शंकर जायसवाल, परमानंद जी, अधिवक्ता हेमलता शर्मा, अजय झा, मनोज मिश्रा, विजय तिवारी, अलका यादव, अरुण सहाय, पूजन शाह, मोहन दास गुप्ता एवं कार्यसमिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन चित्रगुप्त मंडल के महामंत्री संजीव चंद्रवंशी उर्फ लड्डू ने किया।

बगहा भाजपा कार्यालय में बगहा नगर मंडल कार्य समिती की बैठक संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा सोमवार को बगहा भाजपा कार्यालय में बगहा नगर मंडल के कार्यसमिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता बगहा के नगर अध्यक्ष विजय कुमार साहू ने किया। जिस के मुख्य अतिथि माननीय भाजपा विधायक सह जिला अध्यक्ष राम सिंह रहे । इस कार्यसमिति में मुख्य रूप सेमहामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला , उपाध्यक्ष भूप नारायण यादव , मनोज कुमार सिंह , दीपक राही , सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हृदया नंद दुबे , जिला मंत्री सह मीडिया प्रभारी रितु जयसवाल , मोहन साहू ,अमरेश श्रीवास्तव , शैलेश दुबे , रणधीर सिंह , अमित पांडे , रोहित चौधरी , गोविंद जयसवाल , दीपक सिंह , रजत जयसवाल , राजन गुप्ता , बंगाली मुखिया , बृजेश मास्टर , लालबाबू चौधरी सहित दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

पारा मेडिकल छात्रों ने किया बीटीएससी का घेराव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बीटीएससी पटना में स्वास्थ्य विभाग के तहत लंबित ओटी असिस्टेंट, एक्स-रे टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन की नियुक्ति के लिए पारा मेडिकल छात्रों ने बिहार तकनीकी आयोग का घेराव कर प्रदर्शन किया। पारा मेडिकल छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि राज्य में सात वर्षों के बाद स्वास्थ्य विभाग के तहत ओटी असिस्टेंट, एक्स-रे टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन आदि पद पर नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित की गई। इसमें बिहार के प्रशिक्षित डिग्रीधारी पारा मेडिकल छात्रों ने आवेदन किया। अनेक माह बीत जाने के बाद भी काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। पारा मेडिकल काउंसिल का गठन नहीं होने और काउंसिल नहीं रहने से देश के लगभग 13 राज्य की नियुक्तियों में बिहार के पारा मेडिकल छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, जबकि बिहार की नियुक्तियों में देश के छात्र आवेदन करते हैं। कोषाध्यक्ष आशुतोष ने कहा की ड्रेसर की नियुक्ति पिछले 25 वर्षों में नहीं हुई है। राज्य सरकार यथाशीघ्र लैब टेक्नीशियन, ड्रेसर, सैनिटरी इंस्पेक्टर आदि सभी पदों पर नियुक्ती विज्ञापन प्रकाशित करे। आंदोलन में पारा मेडिकल छात्र संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार नंदन, पीएमसीएच इकाई के अध्यक्ष मनोहर कुमार, पूजा यादव, विकास कुमार, अमरकांत, अमलेश कुमार, सोनालिका, लाल बहादुर, सूरज मृगेंद्र, सौरभ आदि छात्र शामिल थे।

तख्तश्री पटना साहिब में लगाया गया हड्डी जांच कैंप



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सोमवार को हड्डी जांच शिविर लगाया गया। इसमें सिसको अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा हड्डी रोग से पीड़ित लोगों की जांच कर परामर्श भी दिया गया। यह पूरी तरह से निःशुल्क था। यह कैंप तख्तश्री पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के विशेष प्रयास से लगाया गया था। तख्तश्री कमेटी के उपाध्यक्ष गुरुविन्दर सिंह ने बताया कि सिसको अस्पताल ने तख्तश्री पटना साहिब कमेटी को आश्वासन दिया है कि सेवादारों या अन्य स्टाफ को हड्डी से संबंधित परामर्श या फिर इलाज की आवश्यकता होगी, उसका इलाज निःशुल्क किया जाएगा। इसी के चलते जांच कैंप तख्तश्री पटना साहिब में लगाया गया। इसमें 160 के करीब स्टाफ एवं संगत ने पहुंच कर अपनी शारीरिक जांच करवाई। मौके पर तख्तश्री कमेटी के मैनजर हरजीत सिंह एवं दया सिंह के द्वारा सभी तरह के प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि पारस अस्पताल के साथ मिलकर पिछले दिनों ओपीडी सुविधा भी शुरू की गई है। जल्द ही डायलेसिस यूनिट भी शुरू किया जाएगा। इसका लाभ आने वाले समय में सेवादार या अन्य स्टाफ उठा सकेंगे।

सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के क्रम में हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा रविवार की देर रात हुई दुर्घटना में एक युवक की इलाज के क्रम में मौत हो गई है मामले में मृतक के पिता नगर के डूमवालिया मुहल्ला निवासी मंसूर मियां ने नगर थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। थाने को दिये आवेदन में मृतक के पिता मंसूर मियां का कहना है कि 5 फरवरी की शाम बगहा बाजार के समीप सीता राम मंदिर के पास बाल्मीकि बस से बाइक सवार उसके पुत्र जफरुद्दीन की टक्कर हो गई थी। जिसमें जफरुद्दीन एवं उसका एक दोस्त शमशेर बुरी तरह से जख्मी हो गए थे।स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमंडली अस्पताल ले जाया गया ।जफरुद्दीन की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया । उन लोगों के द्वारा जफरुद्दीन का इलाज गोरखपुर एवं बाद में लखनऊ में कराया गया । लेकिन उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ एवं रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा का कहना हैं कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

लोजपा (रामविलास) का वर्चुअल मीटिंग संपन्न

फतुहा। लोक जनशक्ति पार्टी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर वर्चुअल मीटिंग किया गया। जिसमें लोकजनशक्ति (रामविलास) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जुमई सांसद चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष राजु तिवारी के साथ आज वर्चुअल मिटिंग में हुआ। इस बारे में जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष पटना पूर्वी रंजीत यादव ने कहा कि वर्चुअल मीटिंग में बिहार के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, खासकर बिहार में बढ़ते बिजली दर और सरकार द्वारा बिजली के नाम पर भारी घोटाला को लेकर चर्चा हुआ, कि किस तरह से बिहार सरकार के द्वारा बिहार के जनता को बिजली में लूट रही है। इसके खिलाफ लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ मिल कर विरोध करने और धरना प्रदर्शन करने पर चर्चा हुई।

विदेशी शराब का हुआ बिनिस्टिकरण वहीं लावारिस अवस्था में विदेशी शराब हुआ बरामद

दानापुर खगौल। दानापुर रेलवे स्टेशन जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 1ए के पास ओवर ब्रिज के नीचे से लावारिस अवस्था में दो बैग में रखा 18 बोतल विदेशी शराब बरामद किया इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताएं कि लाबारिस अबस्था मे रखे बैग से कुल13 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।पुलिस शराब को बरामद कर आगे की करबाई मे जुटी हैं।वही जीआरपी थाने में 22 कांडों मे जप्त कुल 298 लीटर विदेशी शराब का बिनिस्टिकरण किया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि यह बिनिस्टिकरण दानापुर रेल डीएसपी प्रशांत कुमार एवं मजिस्ट्रेट सुनील कुमार की देखरेख में की गई।

स्पेशल ट्रेन | पार्टी का आदेश मान बंगाल से भी चुनाव जीते, यह उनकी लोकप्रियता.....

शत्रु पापा बिहारी व बिहार के हैं : लव सिन्हा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहारी बाबू और बॉलीवुड के सफल खलनायक व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा बिहार के हैं और बिहारी हैं। यह बात उनके पुत्र लव सिन्हा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। वे तख्तश्री कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष रहे और आरएस जीत के साथ तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेक गुरु का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे। यहां उन्होंने मत्था टेका और दरबार साहिब की परिक्रमा करने के साथ ही पवित्र कुएं का जल भी छका। इस दौरान उन्होंने कीर्तन भी सुना। दरबार साहिब से निकलने के बाद वह पत्रकारों से मुखातिब थे। जब उनसे पूछा गया कि आपके पिता बॉलीवुड के खलनायक और नायक के तौर पर प्रसिद्ध रहे। वह विशुद्ध रूप से बिहार के और बिहारी रहे हैं, मगर अब वे बंगाल के हो गए हैं। इस पर तपाक से जवाब देते हुए लव सिन्हा ने कहा कि मेरे पिताजी बिहारी और बिहार के हैं। पार्टी के आदेश के तहत वह पश्चिम बंगाल में जाकर चुनाव लड़ें और विजय हासिल की। यह उनकी लोकप्रियता और उनके चाहने वाले लोगों का प्रेम बताता है कि वे लोगों के बीच आज भी कितने लोकप्रिय हैं। वैसे उनके पिता और वे सब बिहारी और बिहार के ही हैं। उन्होंने कहा कि वह राजनीति पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। वे जब भी अपने घर पटना को आते हैं, तो दशमेश पिता के दरबार में मत्था टेकने जरूर आते हैं। दो-तीन दिनों पूर्व कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी वे उस आयोजन में शामिल होने यहां आए थे, मगर तब वह पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में आए थे। आज वह विशुद्ध रूप से शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा के रूप में यहां आए हैं। उनके परिवार का दशमेश पिता के दरबार से पुराना लगाव और आस्था रहा है। जब उनसे पूछा गया कि वह शादी कब कर रहे हैं, तो जवाब में उन्होंने कहा कि जब शादी करूंगा, तो पत्नी के साथ दरबार साहिब में मत्था टेक आशीर्वाद लेने जरूर आऊंगा। तब आप सबों को भी पता चल जाएगा।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना को अधिक से अधिक प्रचारित करें : नीतीश कुमार

- मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में रोहतास जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार समाधान यात्रा के क्रम में रोहतास जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम सदर प्रखंड के मोकर में राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय परिसर में नवनिर्मित छात्रावास भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने गंगा छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं के आवासन एवं दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों पूरी जानकारी ली नवनिर्मित छात्रावास भवन के उद्घाटन के बाद अब इस आवासीय विद्यालय में छात्राओं की आवासन क्षमता 280 से बढ़कर 520 हो गई है। मुख्यमंत्री ने छात्रावास के प्रांगण में सिनगी दई उद्यान का बिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सृजित तालाब का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगवा दें, ताकि लोगों को टहलने में दिक्कत न हो। कन्या आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के समक्ष छात्रा द्वारा नशामुक्ति पर आधारित गीत प्रतुत किया गया जिसे सुनकर मुख्यमंत्री काफी प्रसन्न हुये। मुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद कर विद्यालय में मिल रही सुविधाओं एवं पठन-पाठन के संबंध में पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सासाराम सदर प्रखंड के सेमरा ग्राम का भ्रमण कर सात निश्चय योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। जीविका, जिला उद्योग केंद्र, जिला अल्पसख्यक कल्याण कार्यालय, जिला निबंधन एव परामर्श केंद्र, जिला सामाजिक सुरक्षा सह द्वियांगजन समक्तिकरण कोषांग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत भी की। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना से गरीब तबके के परिवारों से जुड़ी महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। शराबबंदी लागू होने के बाद महिलाओं को नया जीवन मिला है। इससे घरेलू हिंसा बंद हो गई हैं और चारों तरफ शांति का वातावरण कायम है। जीविका और शराबबंदी से महिलाओं का जीवन काफी खुशहाल हुआ है। गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जीविका दीदियों बहुत अच्छा काम कर रही हैं। पूरी मजबूती के साथ आप अपने काम को आगे बताइये सरकार आपकी हर समय मदद करने के लिये तत्पर है। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत विभिन्न मदों में कुल 1.331 लाभार्थियों के एकीकृत परिसंपत्ति सृजन हेतु 3 करोड़ 49 लाख 4390 रुपये का सांकेतिक चेक एवं 8.559 जीविका स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण हेतु 81 करोड़ 32 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री अल्पसख्यक रोजगार ऋण योजना एवं जीविका सेल्फ हेल्प ग्रुप, रोहतास को साकेतिक चेक मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। कृषि यांत्रिकीकरण योजना अंतर्गत फसल अवषेष प्रबंधन यंत्र बैंक की चाबी मुख्यमंत्री ने लाभुकों को प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमिता में रुचि रखने वाले लोगों के लिये मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद सरकार की तरफ दी जाती है। इसमें 5 लाख रुपये का अनुदान एवं 5 लाख रुपये व्याजमुक्त ऋण के तौर पर दिया जाता है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोग ले सकें इसलिये इसे और अधिक प्रचारित करायें।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, पिछडा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री अनिता देवी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम विधायक फतेह बहादुर सिंह, विधायक राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस मट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, प्रधान सचिव पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछडा वर्ग कल्याण पंकज कुमार, सचिय भवन निर्माण सह आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, सचिव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण दिवेश सेहरा जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक जल जीवन हरियाली अभियान राहुल कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक रोहतास प्रक्षेत्र नवीन चंद्र झा, जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक रोहतास श्री विनीत कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

रामकृपाल ने लोस में उठाया गंगा पथ की तर्ज पर एलिवेटेड रोड के निर्माण का मामला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद राम कृपाल यादव ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल में पटना रिंग रोड के शेरपुर में स्वीकृत गंगा नदी पर पुल से लेकर पटना बक्सर फोर लेन के बिहटा या कोईलवर तक गंगा पथ की तर्ज पर एलिवेटेड रोड के निर्माण का मामला उठाया।

कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पाटलिपुत्र में पटना रिंग रोड के शेरपुर में गंगा नदी पर पुल स्वीकृत है। बक्सर पटना फोर लेन सड़क की परियोजना में बिहटा से दानापुर तक एलिवेटेड रोड स्वीकृत है। पटना में गंगा नदी किनारे गंगा पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रथम फेज में जे पी सेतु से दीदारगंज तक का निर्माण कार्य प्रारंभ है। राज्य सरकार ने जेपी सेतु से पटना रिंग रोड से शेरपुर मनेर में प्रस्तावित गंगा नदी पुल तक गंगा पथ को जोड़ने की सहमति प्रदान की है। दीदारगंज से बख्तियारपुर तक गंगा पथ के निर्माण की घोषणा पहले ही राज्य सरकार द्वारा की जा चुकी है।

अतः पटना रिंग रोड के शेरपुर में स्वीकृत गंगा नदी पर पुल से लेकर पटना बक्सर फोर लेन के बिहटा या कोईलवर तक गंगा पथ की तर्ज पर एलिवेटेड रोड के निर्माण की मंजूरी देने की कृपा की जाय।

इसके निर्माण से आरा से बख्तियारपुर तक वैकल्पिक बायपास मार्ग तैयार हो जाएगा। आरा की तरफ से आने वाले वाहनों को पटना में आने या पटना से नॉर्थ बिहार जाने के लिए कई वैकल्पिक मार्गो के विकल्प मिलेंगे। जिससे राजधानी पटना में ट्रैफिक का लोड भी घटेगा और प्रदूषण की भी कमी होगी।

ऊर्जा विभाग के खिलाफ आंदोलन करने का लोजपा रामविलास का एलान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार में बिजली आपूर्ति दर को लेकर ऊर्जा विभाग के खिलाफ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। आंदोलन का निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के सभी वरिया प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद लिया है। इससे पहले लोजपा (रा), संवाददाता सम्मेलन मे मीडिया के समक्ष कई ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत कर चुकी है, जो बिहार में विद्युत आपूर्ति दर के नाम पर बड़े घोटाले की तस्दीक करती हैं। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि बिहार में महंगी विद्युत आपूर्ति दर के नाम पर घोटाले का बड़ा खेल चल रहा है। इसे लेकर लोजपा (रा) साक्ष्यों के साथ लगातार सरकार को आगाह भी करते आ रही है, जिसको लेकर सरकार गलत तथ्यों को जनता के बीच रखते हुए यह मानने को तैयार नहीं। श्री भट्ट ने कहा मजबूरन सरकारी खजाने को लूट से बचाने के लिए और घोटाले पर विराम लगाने के लिए आंदोलन छेड़ना बेहद जरूरी हो गया है।

श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की सिर्फ बात करते हैं, लेकिन उनके कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्हें पता है कि विद्युत आपूर्ति दर के नाम पर प्रदेश की जनता से मनमानी रकम वसूल की जा रही है, लेकिन वह चुप्पी साधे हुए हैं। उनके उर्जा मंत्री भी गलत आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह रहे हैं। लेकिन अब उन्हें चुप्पी भी तोड़नी होगी और उर्जा मंत्री जी को सही आंकड़ो के साथ जवाब देना भी देना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो श्री चिराग पासवान के आह्वान पर लोजपा (रा) का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरेगा और नीतीश कुमार की भ्रष्ट सरकार को राज्य व्यापी आंदोलन चलाएगी और मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी ।

बिहार में बिजली आपूर्ति की दर अन्य प्रदेशों की तुलना में सबसे महंगी है, बावजूद इसके प्रदेश की सरकार विद्युत संचरण क्षति के बहाने मौजूदा बिजली दर में 50 प्रतिशत वृद्धि करने करने की साजिश कर रही है। जो बेहद गम्भीर मामला है और इसे लेकर तमाम बिहारवासियों में खासी-नाराजगी है। सरकार का यह फैसला प्रदेश के प्रत्येक परिवार के घरेलू बजट को सीधे तौर पर प्रभावित कर रही है वही प्रदेश में कल कारखानों और कृषि को भी संचालित करने में अवरोधक बन रही है। अन्य प्रदेशों में प्रति यूनिट बिजली दरों की तुलना अगर बिहार से की जाए तो देखेंगे कि अन्य प्रदेशों के अधिकतम दर से दोगुना से भी ज्यादा दर पर बिहार में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश में बिजली के आपूर्ति और खरीद के बीच मुख्यमंत्री के द्वारा तैयार किए गए सिंडिकेट के द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर जनता के पैसों का लूट की जा रही है, जिसे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रधान महासचिव संगठन मंत्री रविंद्र सिंह संसद प्रदेश संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे समेत पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष जिला प्रभारी सह प्रभारी सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष समेत ,सभी प्रवक्ता शामिल हुए ।

उक्त आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

मुख्यमंत्री पर कुर्सी फेंके जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने सोमवार को समाधान यात्रा के दौरान औरंगाबाद जिले के बारूण प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उपर कुर्सी फेंके जाने की घटना को अति दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए तीखे शब्दों में निन्दा की है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भगवान का शुक्र है कि मुख्यमंत्री को कोई चोट नहीं पहुंची और सुरक्षा कर्मियों द्वारा घेर में ले लिए जाने के कारण वे बाल-बाल बच गए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध प्रकट करने के नाम पर यैसी अमर्यादित हरकतों के लिए कोई स्थान नहीं है। इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जब से मा.मुख्यमंत्री समाधान यात्रा पर निकले हैं प्रायोजित तरीके से यात्रा को विफल करने और व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्चुअल शिवचर्चा व भारत की लोक संस्कृति से जी-20 देश भारतीयों को अपनेपन की हुई अनुभुति : संजीव चौरसिया

पटना। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के द्वारा पटना के विभिन्न 26 स्थानों से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इन सभी शोभा यात्राओं का भव्य अभिनंदन पटना के बेली रोड स्थित खाजपुरा, शिव मंदिर के पास किया जायेगा । गौरतलब हो कि इस महोत्सव के आयोजन के पूर्व सोमवार को एक साथ एक समय पर पटना के विभिन्न 251 मंदिरों पर जूम एप्प के माध्यम से वर्चुअल शिव चर्चा का अयोजन भव्य रूप से किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं एवं शिव भक्तगण शमिल हुए। इस वर्चअल शिव चर्चा का सीधा प्रसारण डाक बाबा मंदिर, मखदुमपुर, दीघा में किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा, दीघा विधायक सह कार्यक्रम संयोजक डॉ० संजीव चौरसिया, पूर्व सांसद, ओम प्रकाश यादव, शिव परिवार के संस्थापक स्वामी हरीन्द्रानन्द महाराज की लवली आनंद, डॉ अमित व वार्ड पार्षद, सुशीला देवी के साथ-साथ इस समिति के अन्य प्रमुख सदस्यगण प्रभात कुमार सिन्हा, मुकेश नंदन एवं अन्य लोग उपस्थित रहें। इस शिव चर्चा में सभी मंदिरों के पुजारी के साथ आम जन मानस हजारों की संख्या में शिव भक्त श्रद्धालुगण वर्चअल शिव चर्चा से जुड़े। डॉ चौरसिया ने बताया की विशेष रूप से इस वर्चुअल शिव चर्चा में जर्मनी, जापान, फ्रांस, अफ्रीकन देशों के साथ ग्लोबल-20 के 15 देश के लोग भी शामिल हुए। इस आयोजन से भारत की लोक संस्कृति से विदेश में रह रहें भारतीयों को भी अपनेपन की अनुभुति हुई।

युवा कांग्रेस को सौंपा गया प्रभार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी और राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अलावरू के निर्देश पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिन्हा सन्नी के सहमति उपरांत प्रदेश पदाधिकारियों को निम्नलिखित रूप से प्रभार सौपा जाता है। कमिशनरी प्रभारी- सारण ईशा भारती (उपाध्यक्ष), भागलपुर- करुण नंदन पासवान (उपाध्यक्ष), मुंगेर- खुशबू कुमारी (उपाध्यक्ष), तिरहुत- मो. मोदस्सिर शम्स (उपाध्यक्ष), दरभंगा- आशुतोष कुमार त्रिपाठी (उपाध्यक्ष), पटना- शारिकुज्जमां फारूकी (उपाध्यक्ष), कोसी अमरदीप कुमार (उपाध्यक्ष), मगध - आशुतोष कुमार त्रिपाठी (उपाध्यक्ष), पूर्णिया अमरदीप कुमार (उपाध्यक्ष), सूरज कुमार अध्यक्ष (खेल प्रकोष्ठ)

जिला प्रभारी अरवल गौतम कुमार (सचिव), अररिया मो. एजाज अनवर (महासचिव), औरंगाबाद-रचित कुमार (सचिव), बांका मनीष कुमार (महासचिव), बेगूसराय- राज कमल यादव (महासचिव), भागलपुर-बिनोद कुमार (सचिव), मो जुल्फिकार (सचिव), भोजपुर- पंकज कुमार उपाध्याय (सचिव), बक्सर-आरिफ नवाज (महासचिव), दरभंगा-अनूप कुमार (महासचिव), प्रशांत कुमार पाठक (सचिव), गया- कुंदन कुमार (सचिव), गोपालगंज - विनय कुमार यादव (महासचिव), जहानाबाद - अमित कुमार (महासचिव), जमुई - अरशद कमाल (सचिव), कैमूर-मनीष कुमार चौबे (महासचिव), प्रिंस रॉय (सचिव) कटिहार आदित्य सिंह (महासचिव), खगड़िया - आलोक आनंद (महासचिव), किसानगंज-मो० फैजान मंजर (सचिव), पप्पू कुमार (सचिव), लखीसराय - आयुष भगत (महासचिव), मधेपुरा - राजी इमाम (महासचिव), मधुबनी - विकास कुमार झा (सचिव), मुंगेर- अभिषेक आनंद (महासचिव), मुजफ्फरपुर- प्रशांत आनंद (महासचिव), राहुल झा (सचिव), नालंदा-सैयद हेजाज अहमद (महासचिव), नवादा-तारिक अनवर बाबा (सचिव), पश्चिम चंपारण-सौरव कुमार (महासचिव), इफ्तेखार खान (सचिव) पटना ग्रामीण- किरण कुमारी (महासचिव) मुकुल यादव (सचिव), पटना टाउन- चितरंजन कुमार (महासचिव), पूर्णिया- मो. इश्तियाक आलम (महासचिव), पूर्वी चंपारण-अभिषेक रंजन (महासचिव) रोहतास-शुभम सिंह (महासचिव), सहरसा-विजय कृष्ण झा (महासचिव), समस्तीपुर- अवनीश कुमार (सचिव), अमृत कुमार झा (सचिव) सारण- तन्नु कुमारी (महासचिव), राज करण (महासचिव) शेखपुरा - मोइनुद्दीन फैसल (महासचिव), प्रिंस राय (सचिव), सीवान- शुभम मुक्ति (महासचिव)

सुपौल-सुदीप कुमार सुमन (सचिव), शिवहर- आसिफ इकबाल (महासचिव), सीतामढ़ी - जयंत केशन (महासचिव), वैशाली - मो. मोहिउद्दीन, रोहित मणिभूषन (सचिव), सभी उपाध्यक्ष अपने प्रभार के प्रमंडल में और पदाधिकारी अपने प्रभार के जिले में हाथ से हाथ जोड़ों, यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो सहित सभी निर्देशित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चत करेंगे। साथ ही प्रत्येक महीने जिले में बैठकों का आयोजन कर जिले में संगठन का विस्तार और जिले के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। अगले तीन महीनों में सभी पदाधिकारियों द्वारा उनके प्रभार क्षेत्र में उपस्थिति, बैठकों कार्यक्रमों का आयोजन और संगठन विस्तार की समीक्षा के आधार पर पदाधिकारियों के प्रदर्शन का आकलन कर केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा।

जननायक की पुण्यतिथि 17 फरवरी को पटना में : राजद

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन : एजाजअहमद

पटना। जननायक कपूर्री ठाकुर के 35 वें पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा 17 फरवरी को बापू सभागार में समारोह का आयोजन किया गया है। एजाज ने बताया कि जननायक कपूर्री ठाकुर पुण्यतिथि के कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव करेंगे। अध्यक्षता राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह करेंगे । इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सहित सांसद,विधायक, विधान पार्षद , पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद और पदाधिकारी भी शामिल होगें। कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिलों मे कार्यक्रताओं के साथ बैठक की जा रही है। इस अवसर पर राज्य भर से जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों पर चलने वाले साथी भाग लेगें।

बाईचुंग भूटिया की अकादमी पटना में फुटबॉल ट्रायल आयोजित करने के लिए तैयार

पटना। एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) 19 फरवरी को पटना के हार्डिंग पार्क में अपनी आवासीय अकादमियों (फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ बोर्डिंग स्कूल) के लिए ट्रायल आयोजित करेगा। बीबीएफएस का लक्ष्य अपनी नवीनतम पहल - 100 ट्रायल. 100 सिटीज. अनलिमिटेड ड्रीम्स के माध्यम से देश के कोने-कोने में फुटबॉल के इच्छुक लोगों तक पहुंचना है। तकनीकी टीम ने फुटबॉल की लोकप्रियता के आधार पर ट्रायल करने और बीबीएफएस आवासीय अकादमी के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों का चयन करने के लिए 100 से अधिक भारतीय शहरों को चुना है। बीबीएफएस भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल अकादमी है और पहले से ही अपने आवासीय कार्यक्रम के तहत प्रतिभाशाली फुटबॉलरों के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। शिक्षा, प्रशिक्षण, भोजन, आवास और प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन को कवर करते हुए 100% तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने के अवसर हैं। यह तो एक शुरूआत है। जैसे-जैसे हमारे संचालन में वृद्धि होगी, हम सूची में और स्थानों को जोड़ते रहेंगे। आखिरकार, योजना भारत के हर जिले को कवर करने की है, एनजोगो और बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूलों के सह-संस्थापक और सीईओ किशोर टेड ने कहा। बीबीएफएस आवासीय अकादमियां पांच शहरों - दिल्ली, महाराष्ट्र, मेघालय, होसुर और केरल में काम कर रही हैं। परीक्षण दो चरणों में होंगे - क्षेत्रीय और राष्ट्रीय। पहले चरण में चयन के बाद चयनित फुटबॉलर फाइनल राउंड के लिए बीबीएफएस आवासीय अकादमियों में से किसी एक में जाएंगे। हम हर युवा तक पहुंचना चाहते हैं और उन्हें हमारा प्रतिनिधित्व करने की अनुमति देना चाहते हैं। परीक्षणों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य प्रतिभाशाली फुटबॉलरों को ढूंढना है और उन्हें शीर्ष पर पहुंचने के लिए एक आदर्श मार्ग प्रदान करना है, भारत के सबसे लंबे समय तक फुटबॉल टीम के कप्तान और बीबीएफएस के सह-संस्थापक भाईचुंग भूटिया ने कहा। बीबीएफएस ने एक मजबूत स्काउटिंग नेटवर्क विकसित किया है जहां कई अकादमी खिलाड़ी भारत आयु-समूह टीमों, इंडियन सुपर लीग, आई-लीग और संतोष ट्रॉफी टीमों के लिए खेले हैं। गौरव बोरा (नॉर्थईस्ट युनाइटेड), रोहित कुमार (बेंगलुरु एफसी), आशिक कुरुनियान (भारतीय राष्ट्रीय टीम), और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सितारे बीबीएफएस में शुरू हुए और रैंक के माध्यम से आगे बढ़े हैं। ट्रायल में 1 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2013 के बीच पैदा हुए खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ट्रायल के लिए रिपोर्टिंग टाइम 8:00 अट क्रळ है। फुटबॉलरों को अपनी किट और एक वैध सरकारी पहचान पत्र साथ रखना होगा। सभी उपस्थित लोगों के लिए क्ठफ100 का पंजीकरण शुल्क लागू है।

राज्य से पलायित कामगारों के हित में संसद में रुडी ने उठाई आवाज

प्रवासी कामगारों के लिए केंद्र से की नीति बनाने की मांग

छपरा। बिहार की प्रगति और बिहारियों के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहने वाले सारण सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने आज बिहार में जातीय गणना में राज्य से पलायित कामगारों गिनती और अन्य राज्यों में दूसरे राज्य के कामगारों की मौत का मामला लोकसभा में उठाया। लोक महत्व के अविलम्बनीय मुद्दे के तहत सांसद ने केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक ऐसा नियम बनाना चाहिए कि एक राज्य के लोग जो दूसरे राज्य में रहते है, वहां मेहनत मजदूरी करते है या अन्य कार्य करते है वैसे कामगार जब वहां उनके साथ कोई दुर्घटना हो जाती है, उनकी मौत हो जाती है तो मौत की स्थिति में शव को उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार को होनी चाहिए। श्री रुडी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार को दुर्घटना पर भी ऐसा नियमन बनाना चाहिए जिसे सभी राज्य मानें क्योंकि यह कार्य केंद्र सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक और गुजरात से असम तक सभी राज्य के लोग एक दूसरे राज्य में रहते है। किसी एक राज्य में केवल वहीं के निवासी नहीं रहते। ऐसी स्थिति में यह कानून बनना चाहिए जो समय की मांग है। दूसरी तरफ सांसद रुडी ने बिहार के जातीय गणना का विषय भी लोकसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की जब-जब नींव हिलती है तब वह मतदाताओं को आमजनता को जातिगत आग में झोंकती है। जातीय गणना भी इसी का उदाहरण है लेकिन वह आंकड़ा कभी भी सच के करीब भी नहीं होगा, झुठा आंकड़ा होगा क्योंकि बिहार के 4 करोड़ से अधिक लोग राज्य से बाहर है जिनकी गणना नहीं होगी। लेकिन वो उस राज्य के मतदाता है। उन्होंने सदन के माध्यम से बिहार सरकार से उनकी गणना कराने की मांग की। उन्होंने पत्रकारों से इस संदर्भ में कहा कि वर्तमान जो गणना बिहार सरकार करा रही है वह पूरी तरह से अवैज्ञानिक पद्धति से हो रहा है। ऐसे में सत्तारूढ़ दल स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी भी जाति के आंकड़े को ज्यादा और किसी को कम करके दिखा सकता है। यह आंकड़ा निश्चित रूप से संदेहास्पद होगा।

बख्तियारपुर-राजगीर-बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल के समय-सारणी में बदलाव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बख्तियारपुर और राजगीर के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 03624/03623 बख्तियारपुर-राजगीर- बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल के समय-सारणी में दिनांक 16 फरवरी से बदलाव किया जा रहा है ।

गाड़ी सं. 06324 बख्तियारपुर-राजगीर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 16 फरवरी से परिवर्तित समयानुसार 07.30 बजे बख्तियारपुर से खुलकर 07.44 बजे हरनौत, 07.53 बजे वेना, 08.03 बजे रहुई रोड, 08.10 बजे सोहसराय हाल्ट, 08.17 बजे बिहार शरीफ, 08.26 बजे पावापुरी रोड, 08.35 बजे नालन्दा, 08.43 बजे सिलाव रूकते हुए 09.25 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी सं. 03623 राजगीर-बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल दिनांक 16 फरवरी से परिवर्तित समयानुसार 09.45 बजे राजगीर से खुलकर 09.50 बजे सिलाव, 09.58 बजे नालन्दा, 10.07 बजे पावापुरी रोड, 10.16 बजे बिहार शरीफ, 10.23 बजे सोहसराय हाल्ट, 10.31 बजे रहुई रोड, 10.39 बजे वेना, 10.48 बजे हरनौत रूकते हुए 12.00 बजे बख्तियारपुर पहुंचेगी ।

उर्स के अवसर पर चिचाकी स्टेशन पर रुकेंगी तीन जोड़ी ट्रेनें

रेलवे द्वारा उर्स के अवसर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चिचाकी स्टेशन पर दिनांक 26 फरवरी से 07 मार्च तक अस्थायी रूप से तीन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का दो-दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है ।

☞ गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस 16.17 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 16.19 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

☞ गाड़ी संख्या 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 10.12 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 10.14 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

☞ गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 18.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

☞ गाड़ी संख्या 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 08.43 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 08.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

☞ गाड़ी संख्या 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस 22.50 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 22.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

☞ गाड़ी संख्या 13308 फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 03.04 बजे चिचाकी स्टेशन पहुँचकर 03.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

मोकामा-पटना फास्ट मेमू स्पेशल का टेकाबिगहा, करौटा एवं बुद्धदेवचक यादव नगर हाल्ट पर 01-01 मिनट का अस्थायी ठहराव

पटना। मैट्रिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की सुविधा के मद्देनजर दिनांक 14 से 22 फरवरी तक गाड़ी सं. 03279 मोकामा-पटना फास्ट मेमू स्पेशल का टेकाबिगहा, करौटा एवं बुद्धदेवचक यादव नगर हाल्ट पर 01-01 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।

पटना-थावे-पटना स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

पटना। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और थावे के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। पटना-थावे स्पेशल का परिचालन अब 31 मार्च तक किया जायेगा । गाड़ी सं. 03215/03216 पटना-थावे-पटना स्पेशल जिसका परिचालन पहले 13 फरवरी तक किया जाना था, उसके 46 फेरे की वृद्धि करते हुए अब 14 फरवरी से 31 मार्च तक परिचालित की जायेगी ।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023

संक्षिप्त खबरें

वीर महिलाओं के लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला तक नौसेना की कार रैली

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना की वीर महिलाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार रैली करने जा रही है। वीरांगनाओं को याद करते हुए नौसेना की यह कार रैली नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला (राजस्थान) के युद्ध स्मारक तक की जाएगी। इस कार रैली के संचालन को लेकर नौसेना ने मैसर्स जीप इंडिया के साथ सहभागिता की है। यह दिल्ली से जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, लोंगेवाला, जोधपुर होते हुए 2300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। नौसेना के मुताबिक इस अखिल महिला कार रैली का शीर्षक शी इज अनस्टॉपेबल (वह अजेय है) का नारा है। टैग लाइन सोर हाई (ऊंची उडान) के साथ यह रैली 12 दिनों यानी 14 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक संचालित होगी। रैली राजस्थान के सीमावर्ती इलाके लोंगेवाला तक जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से अपने भाषण के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि अमृत काल की सोच को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण होगा। नारी शक्ति पर जागरूकता बढ़ाने की दिशा में राष्ट्रीय नेतृत्व की सोच के अनुरूप भारतीय नौसेना ने नौसेना वेलनेस और वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के सहयोग से देश व भारतीय नौसेना की वीर महिलाओं को श्रद्धांजलि देने के रूप में इस महिला मोटर अभियान का संचालन किया है। अखिल महिला कार रैली, शी इज अनस्टॉपेबल (वह अजेय है) के नारे और टैग लाइन सोर हाई (ऊंची उडान) के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लोंगेवाला (राजस्थान) के युद्ध स्मारक तक की जाएगी। यह रैली 12 दिनों यानी 14 फरवरी से 25 फरवरी, 2023 तक संचालित होगी। इस रैली का उद्देश्य आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाना, नौसेना महिला अधिकारियों के योगदान को प्रदर्शित करना, भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए महिलाओं को प्रेरित करना और लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देना है। साथ ही रास्ते में नौसेना के दिग्गजों, वीर महिलाओं के साथ बातचीत करना और एनडब्ल्यूडब्ल्यूए दिवस समारोह के एक हिस्से के तहत एनडब्ल्यूडब्ल्यूए आउटरीच का संचालन करना भी इसका उद्देश्य है।

एफसीआई खोले अधिक सरकारी खरीद केंद्र : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को देशभर के सभी राजस्व जिलों को कवर करने को कहा गया है। एफसीआई से कहा गया है कि उसे अधिक संख्या में सरकारी खरीद केंद्र खोलने चाहिए ताकि किसानों के पास अपनी उपज एफसीआई या किसी अन्य एजेंसी को बेचने के ज्यादा विकल्प उपलब्ध हों।

केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय खाद्य निगम के संचालन की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न प्रबंधन एवं गुणवत्ता नियंत्रण में अधिक पारदर्शिता लाने तथा मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करें। पीयूष गोयल ने भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल तथा आधुनिक बनाने के लिए सभी अधिकारियों से अपने-अपने सुझाव भेजने का आग्रह किया।

उन्होंने एफसीआई के अधिकारियों को खाद्यान्न प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का अधिकतम उपयोग करने और सीमित भूमि क्षेत्र में उच्च क्षमता वाले गोदामों को तैयार करने के लिए बेहतर डिजाइन का सुझाव देने का भी निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने गेहूं और धान की खरीद से संबंधित मुद्दों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि भारतीय खाद्य निगम को सभी राजस्व जिलों को कवर करते हुए अधिक संख्या में सरकारी खरीद केंद्र खोलने चाहिए ताकि किसानों के पास अपनी उपज एफसीआई या किसी अन्य एजेंसी को बेचने के अधिक विकल्प उपलब्ध हों।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के सरकारी खरीद केंद्रों पर ई-पीओपी मशीन के उपयोग की सराहना की। गोयल ने सलाह दी कि किसानों से खरीद प्रणाली में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अन्य राज्यों में भी इसी प्रणाली को लागू किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश की खाद्य मांग, जनसंख्या और विशाल भौगोलिक क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया कि गेहूं के बाजार मूल्य को नियंत्रित करने के उद्देश्य से खुले बाजार बिक्री योजना में अधिक मात्रा में गेहूं की पेशकश की जाए।

उत्तर प्रदेश में भंडारण क्षमता की समीक्षा करते हुए गोयल ने कहा कि एफसीआई के स्वामित्व वाले और किराए के सभी गोदाम भी उच्चतम स्तर के ही होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि खराब स्तर के सभी गोदामों को आवश्यक मरम्मत करवाकर तुरंत अपग्रेड किया जाना चाहिए अन्यथा उन्हें किराए पर लेने पर विचार किया जाना चाहिए।

महरौली में चौथे दिन भी डीडीए का बुलडोजर चला

नई दिल्ली। दक्षिण जिले के महरौली में डीडीए की कार्रवाई लगातार चौथे दिन भी जारी है। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) के द्वारा चौथे दिन भी महरौली में तोड़फोड़ की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड के पास पिछले कई सालों से बनी दुकानों और मकानों को डीडीए के द्वारा तोड़ा गया। इस दौरान जिन लोगों के मकान आदि तोड़े गए उन्होंने अधिकारियों से कार्रवाई को रोकने की गुहार लगाई। इसपर लोगों ने कहा कि हम बीते कई सालों से यहां रह रहे हैं और यहां हमारा बचपन बीता है। वहीं सिख समुदाय के कुछ लोगों ने कहा कि मकानों को आज यहां पर तोड़ा जा रहा है और हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। हमने अधिकारियों से कहा कि हमें थोड़ा समय दिया जाए क्योंकि कोर्ट में केस चल रहा है, लेकिन कोई भी अधिकारी हमारी बात सुनने को तैयार नहीं है। इसपर महरौली मार्केट के प्रेसिडेंट रमेश कुमार ने कहा कि लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। एलजी और प्रधानमंत्री को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली सरकार मान चुकी है कि हमारी डिमार्केशन गलत थी तो इसमें जल्दबाजी क्यों की जा रही है। उधर स्थानीय लोगों ने कहा कि यह बहुत गलत है कि लोगों के मकान तोड़े जा रहे हैं। यहां पर पिछले कई सालों से लोगों का परिवार रह रहा है और उनका व्यवसाय भी यहां है, लेकिन अचानक यहां डीडीए के द्वारा इन मकानों को तोड़ा जा रहा है और उनकी कोई बात नहीं समझी जा रही है।

एमसीडी मेयर चुनाव में मनोनीत पार्षद नहीं डाल पाएंगे वोट

चौथी बार भी टला दिल्ली मेयर का चुनाव

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट से भाजपा को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा संविधान में स्पष्ट है कि मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) मेयर चुनाव में वोट नहीं डाल सकते हैं। साथ ही 16 फरवरी को होने वाले दिल्ली मेयर का चुनाव भी टल गया है। उपराज्यपाल की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने कहा मामले में विस्तृत सुनवाई होनी चहिए। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई 17 फरवरी को होगी। दिल्ली मेयर चुनाव मामले में आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली मेयर की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा कि एमसीडी मेयर चुवाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं कर सकते हैं। इसी मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए कहा कि संविधान के प्रविधान के अनुसार, मनोनीत सदस्य महापौर और उपमहापौर चुनाव के लिए वोट नहीं कर सकते हैं। मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। एलजी कार्यालय की ओर से एएसजी संजय जैन ने कहा कि दिल्ली मेयर का चुनाव भी 17 फरवरी की सुनवाई के बाद की तारीख के लिए स्थगित कर दिया है। शीर्ष अदालत ने आठ फरवरी को शैली ओबेरॉय की याचिका पर उपराज्यपाल कार्यालय, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के प्रोटेम पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा और अन्य से जवाब मांगा था।

आप विधायक सोमनाथ भारती ने LG को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महरौली में सोमवार को भी डीडीए का डिमोलिशन ड्राइव लगातार चौथे दिन जारी है। डीडीए के डिमोलिशन ड्राइव का लोग विरोध कर रहे हैं। अब दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती ने ध्वस्तीकरण को लेकर उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखी है।

दिल्ली सरकार के आदेश को लागू करने को कहा आप विधायक सोमनाथ भारती ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर महरौली विध्वंस अभियान रोकने और नए सिरे से सीमांकन के लिए दिल्ली सरकार के आदेश को लागू करने के लिए कहा है। बता दें कि डीडीए का बुलडोजर अवैध निर्माण पर चला है।

डीडीए की कार्रवाई के खिलाफ लोगों को प्रदर्शन

इससे पहले रविवार सुबह पहुंचे बुलडोजर ने आम बाग, बृजवासी कॉलोनी क्षेत्र में डीडीए की जमीन पर बने अवैध निमार्णों को गिराया। डीडीए की तोड़फोड़ के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। डीडीए डिमोलिशन ड्राइव के दौरान पुलिस भी तैनात रहे। इस दौरान पुलिस पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगा है। हालांकि पुलिस ने इससे इनकार कर दिया।

12 दिसंबर को घरों पर चिपकाया गया था नोटिस

शनिवार को अवैध कब्जे को हटाने के दौरान एक अधिकारी ने अपने बयान में कहा, राजस्व विभाग द्वारा अनाधिकृत और अवैध अतिक्रमण या निर्माण की सीमा की पहचान कर दिसंबर, 2021 में डीडीए और वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आया हाईकोर्ट के आदेश अनुसार अतिक्रमण को हटाया गया है।

पुरातात्विक पार्क में एएसआई, दिल्ली सरकार के राज्य पुरातत्व विभाग और डीडीए के करीब 55 स्मारक आते हैं। पूर्व में 12 दिसंबर, 2022 को अतिक्रमण कर बनाए गए घरों पर एक नोटिस चिपकाया गया था और 10 दिनों के भीतर विवादित भूमि से सभी अनाधिकृत निर्माण को हटाने का निर्देश दिया गया था।

महर्षि दयानंद ने सामाजिक कुरुतियों से लड़ना सिखाया

नई दिल्ली। बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरुतियों का विरोध कर महर्षि दयानंद ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। यह बात मथुरा के विधायक और यूपी के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा ने पीजीडीएवी कॉलेज में आयोजित समारोह में कही। महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कॉलेज प्राचार्य प्रो. कृष्णा शर्मा ने कहा कि दयानंद सरस्वती ने शिक्षा और वेद पाठ का जो रास्ता दिखाया है वह समाज को प्रेरणा देता रहेगा। पीजीडीएवी कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद ने धर्म के नाम पर पाखंड का विरोध किया।

बर्थडे पार्टी के नाम पर चल रहा था अवैध कसिनो

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- 4 लाख नकदी के साथ 46 मोबाइल बरामद छापेमारी के बारे में और जानकारी साझा करते हुए

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के बाद भी अपराधिक घटनाएं कम नहीं हो रही है। पुलिस नई दिल्ली के ज्योति नगर थाना क्षेत्र के हरमन पैलेस में एक अवैध कसिनो का भंडाफोड़ किया गया, पुलिस ने छापेमारी में 41 लोगों और 4.98 लाख रुपये नकदी, मोबाइल फोन और कसिनो सिक्कों के साथ गिरफ्तार किया। 4 लाख नकदी के साथ 46 मोबाइल बरामद छापेमारी के बारे में और जानकारी साझा करते हुए, पुलिस ने कहा कि एक कसिनो-स्टाइल में सट्टा (सट्टेबाजी सिंडिकेट) लगवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया और 41 लोगों को रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। करीब 5 लाख (4.98 लाख नकद), 46 मोबाइल फोन और 2,800 कसिनो सिक्के बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बारे में बताते हुए एक अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई एएटीएस और ज्योति नगर पुलिस स्टेशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर ज्योति नगर के हरमान पैलेस में छापा मारा गया, जिससे कसिनो स्टाइल में लोगों को जुआ खिलाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड हुआ। इस छापेमारी के दौरान 41 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आगे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि बर्थडे पार्टी चल रही है, लेकिन छापेमारी के दौरान पता चला कि पार्टी के नाम पर जुआ और कसिनो चल रहा था। पुलिस ने तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपितों के पास से 4.98 लाख रुपये, 28 सिक्कों के सेट (2800 के सिक्के), 46 मोबाइल फोन और 25 ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं।

बीजेपी विधायक के ऑफिस में चोरों ने की सेंधमारी, सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चोरों ने भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक के कार्यालय में कथित रूप से सेंध लगाई और वहां से दो टेलीविजन ले गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर से भाजपा विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि शनिवार रात चोरों ने यह सेंधमारी की जिसके बारे में पुलिस को सूचित कर दिया गया है। चोरी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि चोर दो टेलीविजन ले गए और कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। पिछले कुछ सालों में यह तीसरा मौका है जब उनके विश्वास नगर कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने जनवरी 2017 में आखिरी बार उनके कार्यालय में चोरी की थी।

डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान महरौली में सोमवार को भी जारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली सरकार के बीच डीडीए के अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर कई दिनों से घमासान जारी है। चौथे दिन यानी सोमवार को भी डीडीए ने महरौली क्षेत्र में अपना अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं रोका।

गौरतलब है कि दिल्ली के महरौली में डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान चल रहा है। इसको लेकर दिल्ली सरकार और डीडीए के बीच काफी दिन से तनातनी बनी हुई है। दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद भी डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहा।

इसके लिए दिल्ली सरकार ने रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भी दिशा निर्देश जारी किए थे। आपको बता दें कि दिल्ली के महरौली इलाके में डीडीए का डेमोलिशन अभियान सोमवार को भी जारी रहा। इस बात की संभावना जताई जा रही थी कि डीडीए का अतिक्रमण विरोधी अभियान रुक सकता था, लेकिन डीडीए ने महरौली क्षेत्र में डिमोलिशन की कार्रवाई जारी रखी। दिल्ली सरकार और डीडीए के बीच चल रही तनातनी के बीच डीडीए की टीम ने महरौली क्षेत्र में कई घरों को तोड़ दिया। आम आदमी पार्टी के विधायक और पार्षद ने डीडीए की इस कार्रवाई का विरोध भी किया।

स्थानीय अभिजीत कुमार ने बताया कि लोग लगातार इस डेमोलिशन को रोकने के लिए विरोध कर रहे हैं। लेकिन डीडीए अपनी मनमानी करता रहा। डीडीए का दस्ता लोगों के घर को तोड़ता रहा। दिल्ली सरकार ने डीएम साउथ के डीमार्केशन की गलती को स्वीकार करते हुए डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। इसके लिए रेवेन्यू डिपार्टमेंट को भी निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद भी डीडीए का अतिक्रिमण विरोधी अभियान जारी है।

दिल्ली दंगे 2020 : गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी 2020 के दंगों को आयोजित करने के लिए आपराधिक साजिश के मामले में निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आदेश सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने दलीलें सुनीं और आदेश सुरक्षित रख लिया। फातिमा को मार्च 2022 में ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। विस्तृत आदेश की प्रति की प्रतीक्षा है। फातिमा के वकील, अधिवक्ता सुशील बजाज ने पहले प्रस्तुत किया था कि अभियोजन पक्ष के सभी गवाह या तो सुने गए हैं या वे व्यक्ति हैं जो सभी विरोध सभाओं में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने तर्क दिया कि साक्ष्य की पुष्टि करने के लिए पहला कदम होना चाहिए। बजाज ने यह भी आरोप लगाया था कि प्रत्येक गवाह क्षमा प्राप्त आरोपी है और वे फातिमा के खिलाफ गवाहों के रूप में काम कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, खुलासा बयान में फातिमा ने 15 जनवरी के सीलमपुर प्रदर्शन के बारे में पुलिस को बताया था कि भीड़ योजना के अनुसार बढ़ने लगी थी, इस भीड़ को भड़काने और लामबंद करने के लिए बड़े नेता और वकील आने लगे थे। उमर खालिद, चंद्रशेखर रावण, योगेंद्र यादव, सीताराम येचुरी और वकील महमूद प्राचा शामिल थे। चार्जशीट के मुताबिक, वकील महमूद प्राचा ने कहा कि प्रदर्शन में बैठना आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और बाकी नेताओं ने सीएए और एनआरसी को मुस्लिम विरोधी बताकर समुदाय में असंतोष की भावना को हवा दी थी। चार्जशीट में अर्थशास्त्री जयति घोष, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और एक्टिविस्ट अपूवार्नंद और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता राहुल रॉय के नाम भी शामिल हैं। बयान में, कार्यकताओं देवांगना कलिता और नताशा नरवाल ने कहा था कि उन्हें तीन व्यक्तियों ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध करने और किसी भी हद तक जाने के लिए कहा था। नागरिकता के समर्थकों और इसका विरोध करने वालों के बीच झड़प के बाद 24 फरवरी 2020 को पूर्वोत्तर दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी।

जजों की नियुक्ति व तबादले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा, जो अपेक्षित, उसे पूरा करना करें सुनिश्चित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र से कहा कि वह यह सुनिश्चित करे कि न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादले के संबंध में जितना अपेक्षित है, उतना हो जाए। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत भी इस मुद्दे से चिंतित है और यह मुद्दा एक से अधिक है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा, यह इस तरह अंतहीन नहीं चल सकता, किसी बिंदु पर आपको कोड़ा मारना होगा। अन्यथा, यह अंतहीन चलेगा। जस्टिस कौल ने कहा, जो हो रहा है उससे हम भी उतने ही चिंतित हैं, लेकिन कभी-कभी.. भूषण ने कहा कि केंद्र सरकार ने कुछ चुनिंदा न्यायाधीशों की नियुक्तियों को अधिसूचित किया है, लेकिन जिन मामलों में वे और न्यायाधीशों के स्थानांतरण पर भी सरकार द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है, उन सब का क्या। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैं इसे दो सप्ताह के बाद रख रहा हूं। कृपया सुनिश्चित करें कि जो अपेक्षित है वह पूरा हो गया है। कृपया अटॉर्नी जनरल को सूचित करें। एडवोकेट्स एसोसिएशन, बेंगलुरु द्वारा अवमानना याचिका लेते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं।

याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी. दातार ने कहा कि एक चार्ट तैयार किया गया है और एक श्रेणी मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है, जिन पर कुछ नियुक्तियां की गई हैं जबकि कुछ अन्य लंबित हैं। खंडपीठ ने कहा कि इस संबंध में राज्य सरकार से सहमति लेनी होगी। अदालत ने मामले को 2 मार्च को विचार के लिए रखा क्योंकि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की ओर से वकील ने एक संक्षिप्त स्थगन मांग लिया। 3 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी देने में देरी पर केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा था कि इसके परिणामस्वरूप प्रशासनिक और न्यायिक दोनों तरह की कार्रवाई हो सकती है, जो कि सुखद नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से कहा, हमें कोई स्टैंड न लेने दें, जो बहुत असुविधाजनक होगा। और आगे कहा कि यदि न्यायाधीशों के स्थानांतरण को लंबित रखा जाता है तो यह एक गंभीर मामला है।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि स्थानांतरण एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है और इस प्रक्रिया में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी। पीठ ने मौखिक रूप से एजी से कहा, हमें एक कठिन निर्णय लेना होगा। हमें कड़ा रुख अपनाने के लिए मजबूर न करें। केंद्र सरकार ने हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में सात नए न्यायाधीशों और विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कई अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। शीर्ष अदालत केंद्र द्वारा न्यायिक नियुक्तियों के लिए समय सीमा का उल्लंघन करने के खिलाफ एडवोकेट्स एसोसिएशन ऑफ बैंगलोर द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित नामों को मंजूरी देने में देरी पर नाराजगी जताई थी।

मुख्यमंत्री गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा से अपराध शाखा ने की तीसरी बार पूछताछ

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा सोमवार को पूछताछ के लिए रोहिणी स्थित दिल्ली पुलिस अपराध शाखा के दफ्तर पहुंचे, जहां करीब एक घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। राजस्थान में कथित तौर पर हुआ फोन टैपिंग का मामला अभी शांत नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा सोमवार को पूछताछ के लिए रोहिणी स्थित अपराध शाखा के ऑफिस पहुंचे। यहां उनसे करीब एक घंटे तक पूछताछ हुई। पूछताछ के बाद लोकेश शर्मा ने कहा कि उनपर फोन टैपिंग का आरोप गलत है। उनके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एक रिकॉर्डिंग आई, जिसे उन्होंने अपने पत्रकार साथियों को भेजा, ताकि यह साफ किया जा सके कि किस तरह एक लोकतान्त्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश चल रही है। शर्मा ने कहा कि वे जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। जांच एजेंसियों को यह जांच करनी चाहिए कि वह ऑडियो किसकी है, उसमें किसकी आवाज है। उन्होंने कहा कि मैं साफतौर पर बता चुका हूं कि इस फोन टैपिंग के मामले में मेरी कोई भूमिका नहीं है। मेरी भूमिका मात्र इतनी है कि सोशल मीडिया के जरिए रिकॉर्डिंग उनके पास आई और उन्होंने इसे सार्वजनिक किया। उल्लेखनीय है कि मार्च 2021 में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की शिकायत पर शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। राजस्थान का यह फोन टेप विवाद 2020 का है, जब कांग्रेस नेता सचिन पायलट और अशोक गहलोत गुट के बीच विवाद चल रहा था। उसी विवाद के बीच गजेंद्र सिंह शेखावत और कांग्रेस नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का यह ऑडियो क्लिप सामने आया था। ऑडियो लीक होने पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को ई-मेल भेजकर शिकायत की थी, जिसमें लोकेश शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। अब तक इस मामले में कुल पांच बार अपराध शाखा लोकेश शर्मा को पूछताछ के लिए बुला चुकी है। आज तीसरी बार लोकेश शर्मा ने अपराध शाखा के प्रश्नों का सामना किया है।

संक्षिप्त खबरें

एनएमसीएच के अधीक्षक ने लिया अपना फैसला वापस 10% बाली

गया।13 फरबरी 2023 को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल के अधीक्षक और ब्लड बैंक प्रभारी ,के साथ शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष के बीच बैठक रखी गई थी जिसमे सर्व सम्मति से 10 % कार्ड पर ब्लड देने की फैसला को बापस लिया गया है। इसके साथ ही जरूरतमंद को हमेशा ब्लड मिले उसके लिए 30 यूनिट ब्लड हमेशा ब्लड बैंक में स्टॉक रहे और 30 यूनिट से ऊपर ब्लड रहा ब्लड बैंक में तभी ब्लड डोनर्स कार्ड पर ब्लड दिया जाएगा।और ब्लड बैंक में जो 30 यूनिट स्टॉक में रखा हुआ ब्लड है बो आप और हम सभी के परिवार को आपातकाल में ब्लड मिले इस लिए रखा गया है।इस निर्णय से गया जिला के संस्था और ब्लड डोनर्स में खुशी की लहर आने वाले 23 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर में गया के लोग बढ़ चढ़ कर करेंगे रक्तदान।

पालीगंज मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

पालीगंज सोमवार को पालीगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित किया गया।जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर मंडल पालीगंज में भाजपा कि ओर से आर्य समाज मन्दिर सह पुस्तकालय परिसर में आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता एवं संचालन मंडल महामंत्री दुर्गेश नारायण यादव ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा ने बताया कि अपनी कार्य कुशलता के कारण आज हमारी भाजपा पार्टी देश की शीर्ष पार्टी बन चुकी है।वही मौके पर भाजपा के पटना जिला महामंत्री रवि कुमार ने बताया कि हमारी पार्टी बिहार की जनता को विकास के प्रति सजग बनाने में जुटी है।जिसके लिए बिहार मे भी भाजपा की सरकार लाने की जरूरत है।वही बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने सहित आगे की रणनीति पर चर्चा किया गया।

जिले के सभी अनुमंडल स्तरीय बुनियाद केंद्र पर दो दिवसीय विशेष शिविर का होगा अयोजन

मधुबनी। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निर्देश पर जिले में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग मधुबनी द्वारा जिले के सभी अनुमंडल स्तरीय बुनियाद केंद्र पर दिनांक 15 फरवरी 2023 (बुधवार) एवं 16 फरवरी 2023 (गुरुवार) को दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। बताते चलें कि पंडौल, बेनीपट्टी, झंझारपुर, जयनगर एवं फुलपरास में अवस्थित अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र पर पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक वैसे पात्र लाभुक जिनके द्वारा बैटरी चलित ट्राईसाईकिल हेतु अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं किया गया है, उन लोगों का ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत करवाया जाएगा।इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत वैसे लाभुक जिनका अभी तक जीवन प्रमाणीकरण भौतिक सत्यापन नहीं हो पाया है, उन लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण भौतिक सत्यापन का कार्य भी किया जाएगा।प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा कोषांग आशीष प्रकाश अमन ने जानकारी दी है कि इस आयोजन के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मारपीट के फरार वारंटी को गुप्त सूचना पर अभियुक्त के घर से गिरप्तार कर जेल भेजा गया

मधुबनी/खजौली ।समयकालीन अभियान के तहत खजौली थाना क्षेत्र के पाली मोहन गांव से मारपीट के फरार वारंटी नारायण साहू को बीती रात एसआई कविता माटे ने गिरप्तार कर।सोमवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने कहा कि मारपीट का आरोपित नारायण साहू पुलिस के नजर फरार चल रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात फरार अभियुक्त के घर से गिरप्तार कर जेल भेज दिया गया।

87 वां त्रिमूर्ति शिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन

असरगंज (मुंगेर)असरगंज मुख्य बाजार कलाली मोड़ गांव के समीप हाथी नाथ कला परिषद् में प्रजापति ब्रम्हा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह, असरगंज ग्राम पंचायत के मुखिया डा राकेश कुमार एवं पूर्व भाजपा अध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम का संचालन स्नेहा दीदी ने किया।इस मौके पर असरगंज ग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया, मकवा पंचायत के पूर्व मुखिया ज्योति वैद्य, असरगंज चेम्बर्स आफ कामर्स के सचिव लाल बहादुर साह, मकवा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण नन्दन सिंह सहित विश्वविद्यालय के भाई बहन उपस्थित थे।

श्रवण श्रुति, वंडर ऐप के तहत आई. सी. डी. एस. किये गये कार्यो पर संतोष व्यक्त, तेजी लाने का निर्देश : जिलाधिकारी

स्वास्थय एवं आई सी॰डी॰एस॰ में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी सेवाओं का बेहतर लाभ के लिए कार्यशाला का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आज गया के होटल आर्यावर्त, में आई॰सी॰डी॰एस॰, स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला का उद्घाटन जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थय एवं आई सी॰डी॰एस॰ में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी सेवाओं का बेहतर लाभ, लाभुकों तक पहुँचाना था। सोमवार को इस कार्यशाला में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि अपने स्तर से सभी सेवाओं का लाभ, लाभार्थियों को देना सुनिश्चित करें। जिसमें विशेष रूप से टी॰एच॰आर॰, जननी बाल सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना इत्यादि का लाभ ससमय और सही प्रकार से सभी योग्य लाभार्थी को देना सुनिश्चित करें ।

महिलाओं में एनिमिया को दूर करने एवं बच्चों में पाई जाने वाली विकलांगता जिसका ससमय इलाज से सुधार संभव है।उसपर फोकस कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं हेतु विभिन्न कैम्प लगाकर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे लोगों को जानकारी के अभाव में विभिन्न कारणो से होने वाली जन्मजात विकृतियों से नवजात शिशुओं को बचाया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने श्रवण श्रुति और वंडर ऐप के तहत आई॰सी॰डी॰एस॰ एवं स्वास्थय विभाग द्वारा किये गये कार्यो पर संतोष व्यक्त किया गया एवं उसमें और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। अब तक के 33 हजार बच्चों को श्रवण श्रुति प्रोजेक्ट के तहत स्क्रीनिंग किया गया है। मई महीने तक जिले में 01 लाख बच्चों को स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य निर्धारित रखा गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा श्रवण श्रुति की तरह से ही अन्य दिव्यांगता एवं जटिल बीमारियों के लिए विषेष कार्य करने पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने यह आह्वान किया गया कि स्वास्थय एवं आई॰सी॰डी॰एस मिलकर बहुत सारे कार्यो को और बेहतर तरीके से कर सकते है एवं गया जिले को एक उदाहरण स्वरूप स्थापित कर सकता हैं

। आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग आपस में पूरी तरह से समन्वय करते हुए गया जिले के सभी प्रखंडों में व्यापक पैमाने पर 5 साल से कम उम्र वाले बच्चों को स्क्रीनिंग कराने में पूरी प्रभावी रूप से कार्य करें। आगे यह भी कहा कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार बताया गया है कि हर 1000 बच्चों में से 5 से 8 बच्चे में लो हियरिंग पाई जाती है। श्रवण श्रुति प्रोजेक्ट में गया जिला को मॉडल बनाते हुए राज्य के 10 जिलों को शामिल किया गया है जहां उनके बच्चों को भी यह उपचार दिया जा रहा है। वंडर प्रोजेक्ट के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में कहा कि गर्भवती महिलाओं को टी एच आर वितरण नियमित तौर पर किया जाए।

बच्चा जन्म होने से पहले सभी प्रकार की जांच कराने हेतु एक एसओपी बनाया जाए और हर आंगनवाड़ी सेंटर पर जांच की व्यवस्था रखी जाए। आगे यह भी निर्देश दिया है कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं संबंधित सुपरवाइजर भी यह नियमित तौर पर जांच करते रहे कि उनके क्षेत्र में टी एच आर वितरण नियमित तौर पर हो रहा है या नहीं। प्रायः यह देखा गया है कि गर्भवती महिलाओं में लगभग 40 से 50% वैसी महिलाएं पाई जाती हैं जो एनीमिया से ग्रसित रहती हैं। इन्हीं सभी छोटी-छोटी बीमारियों को देखते हुए वंडर ऐप कार्यक्रम शुरू की गई है।जिससे उनकी सभी प्रकार की जांच समय अवधि में हो और उन्हें डिलीवरी के दौरान कोई समस्या ना हो सके। वंडर प्रोजेक्ट से यह सुनिश्चित कराया जाएगा कि जच्चा और बच्चा दोनों को स्वस्थ रखा जाए।जिला पदाधिकारी ने तमाम पदाधिकारियों को कहा कि श्रवण श्रुति प्रोजेक्ट तथा वंडर प्रोजेक्ट में पूरी मेहनत लगन और ईमानदारी से कार्य करें जिससे भविष्य में आपको गर्व होगा कि आपके इस मेहनत से कितने बच्चे को सफलतापूर्वक जीवन दिया है।

सोमवार को आयोजित इस कार्यशाला को यूनिसेफ के राज्य स्तर से आये हुए प्रतिनिधियों ने भी सम्बोधित किए, यूनिसेफ से आए राधवेन्द्र कुमार एवं डॉ षिवानी धर ने बताया कि कम्युनिटी में पोषक तत्व की कमी होने के बच्चों में पूर्ण रूप से विकास नहीं हो पाता है अतः बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए जरूरी है कि उनके खान-पान एवं पोषण देखभाल का विषेष घ्यान रखा जाय।

आज इस कार्यक्रम में पर सिविल सर्जन, गया द्वारा बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण देखभाल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। डॉ एम ई हक द्वारा एम॰सी॰पी कार्ड मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है ।

आज इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में आई॰सी॰डी॰एस॰ के तहत 80 प्रतिशत बच्चों का ग्रोथ मॉनिटरिंग पोषण ट्रैकर के माध्यम से कर लिया गया है। इसके साथ ही अन्य गतिविधियों का आयोजन कर लगातार कुपोषण को दूर करने के लिए विभागीय दिशा निर्देष का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस कार्यशाला का संचालन यूनिसेफ की सुश्री ईषा द्वारा किया गया है। इस कार्यशाला में विभिन्न प्रखंडों के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक ,ब्लॉक हेल्थ मेनेजर एवं डेभलपमेंन्ट पार्टनर शामिल हुए हैं ।

मधुबनी के प्लेटफार्म पर भी चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट का केंद्र स्थापित करने का दिया निर्देश जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। पंचायत एवं वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण इकाइयों के गठन करने का दिया निर्देश। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति एवं जिला बाल सलाहकार परिषद की त्रैमासिक बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक के दौरान बाल अधिकारों एवं उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा हुई। इनमें किशोर न्याय परिषद मधुबनी बाल कल्याण समिति मधुबनी बालिका गृह बालक गृह विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण बाल गृह (बालक) मधुबनी से संबंधित मामलों के साथ साथ गुमसुदा बच्चों की प्राप्ति के बाद उनका उम्र निर्धारण बालक एवं बालिका गृहों के बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधा, जिला परवरिश योजना चाइल्ड लाइन एक्ट के दायरे में आए हुए बच्चों को मुख्य धारा में लाने बाल विवाह के मामलों पर कार्रवाई जिले में मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के दायरे में चाइल्ड लाइन के बच्चों का समावेशन, चाइल्ड ट्रैफिकिंग व स्पेशल जूबिनाइल प्रोटेक्शन यूनिट आदि से संबंधित मामलों पर विस्तृत चर्चा हुए व जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाल संरक्षण गृह (बालक) एवं बाल संरक्षण गृह (बालिका) में पूर्व निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इनमें कौशल विकास हेतु सिलाई कढ़ाई व चित्रकारी का प्रशिक्षण भी दिया जाए। उनके द्वारा कन्या विवाह योजना के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि चाइल्ड लेबर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत जिन बच्चों को छुड़ाया जाता है, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने इसके लिए सतत शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया और सरकारी के साथ साथ निजी विद्यालयों को भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाने पर जोड़ दिया। उन्होंने रेलवे स्टेशन मधुबनी के प्लेटफार्म पर भी चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट का केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बॉर्डर एरिया में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका की सराहना की और ह्यूमन ट्रैफिकिंग में उनकी और प्रखर भूमिका की उम्मीद जताई। उन्होंने सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस और मानव तस्करी रोकने की दिशा में कार्य करने वाले एनजीओ के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया और कहा कि इससे कई मासूमों के अधिकारों की रक्षा बेहतर तरीके से की जा सकती है।

बिहारी अस्मिता के सवाल और विकास वैभव के समर्थन में सड़कों पर उतरे बिहारी युवा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के समर्थन में सोशल मीडिया के बड़े ट्विटर ट्रेंडिंग अभियान के बाद अब बिहार के युवा सड़कों पर उतर गए हैं इसी क्रम में सोमवार की शाम गया के गांधी मैदान परिसर गांधी मंडप मैं सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने विकास वैभव के समर्थन में जमकर नारेबाजी की तथा गृह रक्षा वाहिनी की डीजी शोभा अहोतकर को अविलंब बर्खास्त करने की मांग राज्य सरकार से की है। इस विरोध प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने कहा कि सवाल सिर्फ विकास वैभव को गाली देने का नहीं यह गाली पूरे बिहारी आवाम को दी गई है। आप कितने भी बड़े पद पर रहे हैं पर

आपके लिए सुचिता जरूरी है मैडम के सर पर पद का पावर चढ़ गया है बिहार का अपमान बिहारी आवाम कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता एक तरफ से विकास वैभव जी जैसे ईमानदार अधिकारी को प्रताड़ित करती हैं और दूसरी तरफ उन्हें ही कारण बताओ नोटिस जारी कर देती हैं आज पूरा बिहारी समुदाय इस अपमान के खिलाफ सड़कों पर है अगर सरकार ने अभिलंब कोई कार्रवाई नहीं की और उल्टे विकास वैभव को अगर प्रताड़ित किया तो जन आंदोलन और उग्र होगा इसके लिए पूरी तरह से राज्य सरकार जिम्मेदार होगी यह आंदोलन सोता सपूत है इस कारण से इसका स्वरूप और विकराल हो सकता है आयोजित विरोध प्रदर्शन में संजीव कुमार , शिवम सिंह ,पीयूष राज, समीर खान समेत सैकड़ों युवा शामिल थे।इस अवसर पर आदरणीय विकास वैभव के समर्थक पीयूष राज ने कहा है कि बिहार में सर एक बड़े यूथ आईकॉन हैं और उनके आदर्शों से प्रभावित होकर बिहार के युवा एक बड़े मुहिम पर निकले हैं ऐसे में उनके आइकॉन को अगर कोई प्रभावित करेगा बिहारी अस्मिता को लाल करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा विकास वैभव झूठ नहीं बोल सकते उन पर पूरे बिहारी आवाम को विश्वास है भले वह आईपीएस अधिकारी हैं पर अब बिहारियों के मान स्वाभिमान के प्रतीक हैं।

मैट्रिक परीक्षा आज से प्रारंभ जयनगर में 05 परीक्षा केंद्र पर कुल 4370 छात्रा परीक्षार्थी होंगे शामिल

केंद्राधीक्षक समेत पदाधिकारियों के साथ एसडीएम ने की बैठक परीक्षा के सफल संचालन को ले दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर। मधुबनी जीला सोमवार को अनुमण्डल कार्यलय स्थित एसडीएम के कक्ष में एसडीएम बेबी कुमारी के अध्यक्षता में मैट्रिक परीक्षा के सफल संचालन को लेकर केंद्राधीक्षक, स्टेटिक दण्डाधिकारी जोनल मजिस्ट्रेट और सुपर जोनल मजिस्ट्रेट समेत अन्य कई पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ परीक्षा के सफल संचालन को बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर एसडीएम गोविंद कुमार, ईओ डा. इन्द्र कुमार मण्डल, बीईओ पूनम राजीव समेत कई पदाधिकारी केंद्राधीक्षक और मजिस्ट्रेट उपस्थित थे। अनुमण्डल मुख्यालय जयनगर में मैट्रिक की परीक्षा 14 फरवरी मंगलवार आज से प्रारंभ हो रही जो 22 फरवरी तक परीक्षा होना निर्धारित है। परीक्षा को लेकर एसडीएम बेबी कुमारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन और विधिव्यवस्था को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। 14 फरवरी मंगलवार से 22 फरवरी तक दो पालियों में परीक्षा का संचालन होना निर्धारित है। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर विभाग और वरीय

अधिकारियों के द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत केंद्राधीक्षक समेत दण्डाधिकारी, पदाधिकारियों और पुलिस प्रशासन को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। जिनमे समय पर प्रश्नपत्र वितरण, सघन जाच और कोई किसे के बदले अन्य परीक्षा में शामिल न हो, सभी कर्मी परिचय पत्र लगा कर रखने, ट्रैफिक विधिव्यवस्था सही से रखने समेत अन्य दिशा निर्देश शामिल हैं। अनुमण्डल मुख्यालय में 05 परीक्षा केन्द्र बनाये गए है । कुल पाँच परीक्षा केंद्रों पर कुल 4370 छात्रा परीक्षार्थी शामिल होंगी। पाँच परीक्षा केंद्रों में प्लस टू हाई उच्च विद्यालय पर प्रथम पाली में 476 और द्वितीय पाली में 480 कुल 956 डॉन बास्को पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 447 और द्वितीय पाली में 451 कुल 898 माउंट कारमेंट स्कूल में प्रथम पाली में 250 द्वितीय पाली में 244 कुल 494 और सेंट जेवियर्स स्कूल प्रथम पाली में 558 द्वितीय पाली में 559 कुल 1117 एवं मिडिल स्कूल दुल्ली पट्टी में प्रथम पाली में 464 एवं द्वितीय पाली में 441 कुल 905 सभी पाँच केंद्रों पर कुल 4370 छात्रा परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगी। परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें परिक्षार्थी भी बोर्ड के निर्देश और समय अनुसार ही केंद्र पर पहुँच जायें। परीक्षा केंद्र और आस पास 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नही होगा। परीक्षा केंद्र के समीप चाय ,पान ,नास्ता , होटल, किताब की दुकानेंऔर फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेगी।परीक्षार्थी मोबाईल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री लेकर परीक्षा परिसर में नहीं जायेंगे। परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सीडीटीवी निगरानी परीक्षा का संचालन होगा और वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। कदाचार करने या विधिव्यवस्था भंग करने अफवाह फैलाने वालों और निर्देश का पालन नहीं करने पर कानूनी करवाई की जायेगी। परीक्षा के सफल संचालन, स्वच्छ और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करने को ले सभी से सहयोग की अपील की गई। अभिवभावक भी निर्देश का पालन करेंगे। कदाचारमुक्त वातावरण और शांतिपूर्ण परीक्षा माहौल में परीक्षा का सफल संचालन हो यह हम सभी का दायित्व और कर्त्तव्य भी है।

खजौली विधान सभा क्षेत्र मे विधायक के द्वारा पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर। जयनगर क्षेत्र में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत खजौली विधान सभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद के पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के बरही पंचायत में बरही गाँव में जनक साफी के घर से अयोधी पासवान के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधायक अरुण शंकर प्रसाद समेत कई जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकताओं और गणमान्य लोग अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोंगो और भाजपा कार्यकताओं को पाग दोपट्टा फूल माला पहनाकर स्वगात कर सम्मानित किया गया। विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खजौली विधान सभा क्षेत्र में अभियान के तहत लगातार विकास कार्यो को किया जा रहा हैं । इसी विकास कार्य के क्रम मे यह भी सड़के शामिल है जिसका आज उद्घाटन किया गया हैं। क्षेत्र में कई अन्य सड़क निर्माण कार्य और अन्य विकास कार्यो को किया जा रहा हैं जो आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। मौके पर विधायक और प्रतिनिधि थे।

आलू के पौधे में टमाटर फलने से कृषि समन्वयक विधा सागर सिंह ने खेत पहुँच कर जांच पड़ताल किये

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली। मदना गांव स्थित आलू के खेत मे आलू के पौधा में फले टमाटर का जांच करते कृषि समन्वयक विधा सागर सिंह व अन्य।प्रखंड क्षेत्र के खजौली पंचायत के मदना गांव में गंगा प्रसाद सिंह के खेत में आलू की पौधे में टमाटर की फल लगे देखने के बाद अगल बगल एवं आसपास गांव में चर्चा का विषय बन गया. इस तरह से आलू की पौध में टमाटर फलने को देखने के लिए दर्जनों लोग गंगा प्रसाद सिंह के खेत मे सुबह से भीड़ जुटी रही। वही मदना गांव के ग्रामीणों द्वारा प्रखंड़ कृषि समन्यवक विधा सागर सिंह

सूचना देने पर कृषि समन्यवक ने मदना गांव पहुचकर आलू की पौधे में हरा टमाटर फल लगा फल को देखा। वही आलू की पौधों को जांच पड़ताल किया गया उन्होंने कहा कि मदना गांव निवासी किसान गंगा प्रसाद सिंह द्वारा 5 कट्ठा में आलू का फसल लगाया था । उसी खेत में आलू के पौधे में टमाटर आकार टमाटर की तरह फल दूसरे राज्य में मिट्टी एव जलवायु के फर्क होने से आलू की पौधे में टमाटर जैसे फल निकल जाता है।

संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित

संग्रामपुर (मुंगेर)। गत शनिवार को संगठन विस्तार को लेकर भाजपा मंडल कार्यकताओं की एक बैठक प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू होप कोचिंग संस्थान में आयोजित की गई.जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीर कुंवर सिंह एवं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामखेलावन शर्मा मौजूद थे.सर्वप्रथम सभी उपस्थित कार्यकताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया. इसके बाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव के शहीद सैनिक राहुल कुमार की शहादत पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. संगठन विस्तार को लेकर हुई चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से मंडल महामंत्री के पद पर दीपेश चतुवेर्दी का चयन किया गया।

कन्वेंशन की तैयारी को लेकर सीपीआईएम की बैठक हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर। जयनगर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीआईएम के प्रखण्ड के बरही ब्रांच में पार्टी की जी.बी. बैठक उपेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक रामजी यादव और कुमार राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई।

बैठक में बरही ब्रांच सचिव शिव कुमार यादव रामवतार सिंह शत्रुधन साह मंजू देवी मीना देवी ललिता देवी कविता देवी चन्दे बैदा रामा पासवान रिंकु देवी समेत पार्टी के कई कार्यताओं अन्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में पार्टी की सदस्यता एवं जन संगठन की सदस्यता अभियान समय से पूरा करने एवं 21 फरवरी

को मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम सम्प्रदायिकता विरोधी कन्वेंशन को लेकर कार्ययोजना तैयार किया गया। उक्त कार्यक्रम में जो साथी भाग लेगे वे दिनांक 21 को 10:45 में जयनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंच इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ कर जाने की सहमति बनी। मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम को पार्टी केन्दीय कमिटी सदस्य जम्मू कश्मीर के जन नेता विधायक यूसुफ तारीगामी सम्बोधित करेगें। बरही एवं चातर ब्रांच में जी.बी. बैठक कर पार्टी के लोकल कमिटी सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पार्टी से जुड़े एवं अन्य बुद्धजीवी वर्गो को भी जी.बी. बैठक में आह्वान किया गया। एक तरफ केंद्र सरकार ढिढोरा पिट रही हैं कि जम्मू कश्मीर के अन्दर 370 एवं 35 अ हटाने के बाद सब कुछ ठीक ठाक हो गया है पर भारत सरकार के ये दावे कितना सही है और देश को भारत सरकार किस ओर ले जाना चाहती हैं। आज जम्मू कश्मीर के साथ साथ देश का हाल यह हो गया है कि देश की सम्पति धीरे धीरे कारपोरेट घरानों के हवाले किया जा रहा है आज उसे बचाने के लिए संघर्ष की आवश्यकता हैं जी लाल झण्डों के बदौलत ही संभव हो सकता हैं। आप सभी कॉमरेड यूसुफ तारीगामी को सुने और लाभ उठाएं ।

लोक अदालत में आपसी समझौता से होता है वादों का निष्पादन उभपक्ष की होती है जीत: जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपंकर पांडे

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सुलहनीय वादों से संबंधित बैंकिंग दावा एवं बीमा वाद धन वाद सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी वाद राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले, पेंशन मामले, वैवाहिक वाद, मोटरयान दुर्घटना बाद, विद्युत वाद, पानी विपत्र से संबंधित वाद, दूरभाष वाद, श्रम एवं मजदूरी वाद से संबंधित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निदेर्शानुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के तत्वाधान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर श्री दीपक पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजीव नयन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के द्वारा किया गया तथा मंच का संचालन सुश्री सोनम कुमारी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मुंगेर ने की। इस मौके पर जिला पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के नवीन कुमार सिंह मौजूद थे। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के श्री दीपक पांडे ने न्यायिक पदाधिकारी गण अधिवक्ता गण कर्मचारी गण एवं आमजन को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया साथ ही उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नालसा द्वारा आयोजित की गई है। जिसमें आपसी समझौते के तहत मुकदमा का निष्पादन किया जाता है इसमें दोनों पक्षों के जीत होती है वही सचिव राजीव नयन ने राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं अधिक से अधिक मुकदमों के निष्पादन का अनुरोध किया गया इस अवसर पर श्री गुंजन पांडे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मुंगेर मनोज कुमार अध्यक्ष एवं श्री अमित कुमार सिंह महासचिव विधिक संघ मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से 12 पीठों का गठन किया गया जिसमें न्यायिक सदस्यों के रूप में पीठ संख्या 01 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय श्री सुनील दत्त पांडे पीठ संख्या 02 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 06 श्री प्रशांत कुमार, पीठ संख्या 03 में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 07 श्री बिपिन बिहारी राय, पीठ संख्या 04 में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रबाल दत्ता, पेट संख्या 05 में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रीमती खुशबू श्रीवास्तव, पीठ संख्या 06 में मुंसिफ प्रथम श्री लाल बिहारी पासवान, पीठ संख्या 07 में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री विमलेश कुमार, पीठ संख्या 08 में मुंसिफ द्वितीय श्री भोला सिंह, पीठ संख्या 09 में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्री अनूप कुमार उपाध्याय, पीठ संख्या 10 में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्री ब्रजकिशोर चौधरी, पीठ संख्या 11में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री सोनम कुमारी, पेट संख्या 12 में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री मोनिका मेहता, ने आपसी समझौता के वादों का निष्पादन किए।

प्रज्ञा आरोग्यं संस्थान में एक दि

सम्पादकीय

महंगाई डायन कब जात है...

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान मुद्रास्फीति, महंगाई की दर 5.3 फीसदी रह सकती है। फिलहाल यह दर 6 फीसदी से अधिक है, जो तय लक्ष्मण-रेखा लांघती लग रही है। अलबत्ता खतरनाक स्थिति नहीं है। एक तरफ महंगाई को काबू में रखने के दावे किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। अब रेपो रेट 6.50 फीसदी 2018 के बाद सबसे ऊंची दर है। रिजर्व बैंक का अर्थशास्त्र कहता रहा है कि इससे महंगाई को कम किया जा सकता है। पेशेवर अर्थशास्त्र इसके बिल्कुल विपरीत है, क्योंकि बाजार में पैसा नहीं होगा, तो मांग घटेगी। मांग कम होने का सीधा असर आपूर्ति और उत्पादन पर पड़ता है। उससे अर्थव्यवस्था की विकास दर भी प्रभावित होकर कम होती है। रोजगार के अवसर भी कम हो जाते हैं।

बैंकों के ऋण जरूर महंगे हो जाते हैं। उनसे भी आम आदमी ही प्रभावित होता है। अच्छा है कि 2023-24 में महंगाई कम हो सकती है, क्योंकि इस साल 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं और 2024 में तो निर्णायक लोकसभा चुनाव होने हैं। इधर कुछ नए सर्वेक्षण सामने आए हैं, जिनमें महंगाई को मोदी सरकार की सबसे बड़ी नाकामी आंका गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में और भी गिरावट आ सकती है, नतीजतन मुद्रास्फीति भी घट सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि कच्चे तेल की कीमतें 40 डॉलर प्रति बैरल कम हो चुकी हैं, फिर भी उनका फायदा आम उपभोक्ता को नहीं दिया गया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने तेल कंपनियों को पत्र लिख कर आग्रह किया था कि कंपनियों के घाटे की लगभग भरपाई की जा चुकी है और कच्चे तेल की कीमतें भी नियंत्रण में हैं, लिहाजा आम उपभोक्ता के लिए कीमतें कम की जाएं।

लेकिन तेल कंपनियों ने केंद्रीय मंत्री के आग्रह की भी परवाह नहीं की और पेट्रोल, डीजल के दाम यथावत हैं। महंगाई, मुद्रास्फीति की दर बढे में तेल की बड़ी भूमिका है। कच्चा तेल 135-140 डॉलर प्रति बैरल भी हुआ है और 30-40 डॉलर तक भी लुढका है और अब 90-94 डॉलर प्रति बैरल के बीच में घूम रहा है। भारत अपनी मुद्रा में रूस से भी सस्ता तेल खरीद रहा है। सवाल है कि तेल सस्ता होने पर आम उपभोक्ता को पेट्रोल, डीजल आदि सस्ते क्यों नहीं मिलते? तेल कब तक आम आदमी का तेल निकालता रहेगा? बेशक रिजर्व बैंक के गवर्नर ने 2023-24 के दौरान मुद्रास्फीति की दर नियंत्रण में आने का भरोसा दिलाने की कोशिश की है, लेकिन यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में नियंत्रित अर्थव्यवस्था नहीं है। यदि किसी वस्तु के दाम महंगे कर दिए गए, तो उन्हें तेल की कीमतें घटने या सामान्य हालात होने के बावजूद सस्ता नहीं किया जाएगा। एक और उदाहरण दूध का है। यदि उसके दामों पर नियंत्रण और निगाह के लिए कोई नियामक एजेंसी तय नहीं की गई, तो उसकी स्थिति भी तेल जैसी अनियंत्रित हो जाएगी। बेशक खुदरा और थोक महंगाई की दरें फिलहाल कम हैं। सब्जियों के दाम स्थिर हैं, लेकिन आटा, चावल, अरहर की दाल, उड़द और चना दाल, राजमां और सरसों का तेल आदि वस्तुएं महंगी हुई हैं।

बजट के बारे में : बजट से इतर

अरुण कांत शुक्ला

बजट के बारे में बजट से इतर बात यह है कि देश के आम लोगों की प्राथमिकताएं नीति आयोग में बैठे अर्थशास्त्रियों और वित्त मंत्रालय में बैठे उन उच्च अधिकारियों की प्राथमिकताओं से एकदम भिन्न हैं जो साल दर साल यह तय करते हैं कि सरकार के पास रुपया आयेगा कहाँ से और रुपया बटेगा किसे? याद करें कि बजट के ठीक पहले जब खबरिया चैनल्स के एंकर हाथ में माईक लेकर बाजार हाट में लोगों से पूछ रहे थे कि वे बजट में क्या चाहते हैं तो गृहणियां मंहगाई कम होनी चाहिए बोल रही थीं तो युवा रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिये कह रहे थे। वृद्धजनों को दवाईयों की कीमतों और स्वास्थ्य सेवाओं के सस्ते होने की फिक्र थी। पर, क्या यह बजट जिसे अपने भाषण के दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीथारमण ने अनेक बार अमृतकाल का पहला सप्तऋषी बजट कहकर पेश किया गया है, आम लोगों की उन प्राथमिकताओं को पूरा करता है?

वित्तमंत्री ने जिन वस्तुओं के सस्ते होने की संभावना व्यक्त की है उनमें से किसी का भी आम आदमी के रोजमर्रा जीवन से कोई सीधा संबंध नहीं है। मसलन, मोबाईल पाट्र्स और टेलीविजन के ओपन सेल के कलपुर्जों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गयी है। टीव्ही पर आयात शुल्क कम होगा, उसके सस्ते होने की संभावना है। रबर पर ड्यूटी कम होने से खिलौने, साईकिल, आटोमोबाईल सस्ते हो सकते हैं। वैसे यदि अभी तक के बजटों में जब कभी भी इस तरह कस्टम ड्यूटी या आयात शुल्क या अन्य कोई भी टेक्स कम करके चीजों के सस्ते होने का सब्जबाग दिखाया गया है तो अनुभव तो यही कहता है कि वह सब्जबाग ही होता है और उसका कोई भी लाभ उपभोक्ता तक नहीं पहुँच पाता है। स्वयं नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश की 25 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है याने हर चौथा भारतीय गरीब है। पर, समय समय पर आने वाली वैश्विक रिपोर्ट और नीति आयोग की रिपोर्ट की बात को छोड़ भी दें तो स्वयं हमारे प्रधानमंत्री गर्व से बार बार बताते हैं कि वे देश के 81 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त 5 किलो राशन पिछले 2 साल से दे रहे हैं और यह विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान सहायता योजना है। अब जिस महंगाई के कम होने की राह यह देख रहे होंगे, उसे तो इस बजट में छुआ भी नहीं गया है।

भारत में मध्यम वर्ग कितना विशाल है, जिसका उदाहरण अनेक बार प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री सहित सरकार से लगभग सभी जनता से दो चार होने वाले नुमाइंदे करते रहते हैं और उसके बारे में कितनी चिंतित यह सरकार है, वह भी जान लेते हैं। पिछले वर्ष लगभग मई माह के अंत में ह्यप्रधानमंत्री को सलाह देने वाली आर्थिक सलाहकार परिषदह्न के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ह्यभारत में असमानता की दशाह्न पर एक रिपोर्ट प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपी थी।रिपोर्ट के अनुसार यदि कोई भारतीय 25000 रुपया प्रति माह या वर्ष भर में 3 लाख रुपया कमा रहा है तो वह उन 10 फीसदी भारतीयों में से एक है जो उच्चतम वेतन अर्जित करते हैं। इसका सीधा मतलब था कि देश के 90 फीसदी लोग 25000 रुपए प्रतिमाह भी नहीं कमाते हैं। यह रिपोर्ट लोगों के आय विवरण, बाजार में श्रम की उपयोगिता, लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और घरेलू सुविधाओं और स्थिति के आधार पर समाज में कितनी आर्थिक असमानता मौजूद है उस पर न केवल प्रकाश डालती है, अंत में यह भी बताती है कि वर्ष 2017-2018 से 2019-2020 के मध्य किस तरह समाज के उच्चतम 1 फीसदी की आय 15 फीसदी बड़ी, जबकि उसी दौरान नीचे के 10 फीसदी की आय 1 फीसदी कम हुई। रिपोर्ट में अंत में सुझाव दिया गया था कि इस असमानता को कम करने के लिये एक शहरी रोजगार योजना और सार्वभौम आधार आय योजना का लाना बहुत जरुरी है।

रोजगार सृजन वह क्षेत्र है जिस पर वित्तमंत्री को सबसे अधिक फोकस इसलिए करना चाहिए था कि बीता वर्ष बेरोजगार युवाओं के आंदोलनों से भरा हुआ वर्ष था।रेलवे में भर्तियों को लेकर हुआ आन्दोलन और अग्निवीर योजना के नाम पर युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर किया गया आन्दोलन भुला देने योग्य घटनाएं नहीं हैं। यद्यपि जनवरी 2023 में बेरोजगारी की दर कम हुई है पर 7 फीसदी से अधिक की यह दर उस देश के लिये बहुत अधिक है जहां के लिये देश के प्रधानमंत्री कहते नहीं थकते हैं कि यह दुनिया की सबसे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और विश्वगुरु बनने की राह पर है। पर, अफसोस की बात है की निर्मला जी ने रोजगार सृजन के मुद्दे सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र द्वारा किये जा रहे अवेहलनापूर्ण रवैय्ये पर कोई चिंता जाहिर करने का उपक्रम भी नहीं किया। ये जो रोजगार मेला भरवाकर टीव्ही में प्रधानमंत्री से रोजगार पत्र देने का इवेंट आयोजित किया जा रहा है, उससे रोजगार के संकट को नहीं निपटा जा सकता है। बजट में पूंजीगत व्यय 7.5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया गया है। इसे वित्तमंत्री ने वर्तमान बेरोजगारी संकट के लिये ब्रम्हास्त्र बताया है। सरकार इससे कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलकर युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देने का इरादा रखती है। मुझे याद है जब अटल जी प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने एक बार कहा था कि हम युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे और उन्हें देश में रोजगार नहीं मिलता है तो वे विदेश में रोजगार प्राप्त करने योग्य होंगे। यदि इन कौशल केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य युवाओं की अंतर्राष्ट्रीय पहुँच बढ़ाने के लिये है तो हम पहले से प्रतिभा पलायन से पीड़ित मुल्क में प्रतिभाओं को पलायन का एक और मौका देने की कगार पर बैठ रहे हैं।

नदी जल शक्ति से विकास का नया दौर

वस्तुत : देश में एक लम्बे समय से जल परिवहन में शामिल अंतदेर्शीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। जिन जल मार्गों को देश के प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जल मार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे। लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सडक, रेल और वायु मार्गों की होड़ में परम्परागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए। ज्ञातव्य है कि देश में 7500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है।

डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज- एमवी गंगा विलास को झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कई अन्य अंतदेर्शीय जलमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में नदी जल मार्ग की क्षमता के लाभ लेने के नए दौर का सूत्रपात हो रहा है। वस्तुतः देश में एक लम्बे समय से जल परिवहन में शामिल अंतदेर्शीय जलमार्गों और तटीय नौवहन के विकास की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। जिन जल मार्गों को देश के प्राकृतिक पथ कहा जाता है वे अतीत में भारतीय परिवहन की जीवन रेखा हुआ करते थे। ये जल मार्ग शताब्दियों से कारोबार, उद्योग और आर्थिक शक्ति का मुख्य आधार हुआ करते थे। लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद जलमार्गों की लगातार उपेक्षा हुई। खासतौर से बीती एक शताब्दी में भारत में जल परिवहन क्षेत्र बेहद उपेक्षित होता चला गया। देश की आजादी के बाद भी सडक, रेल और वायु मार्गों की होड़ में परम्परागत जीवनदायी जलमार्ग नजरअंदाज होते गए।

ज्ञातव्य है कि देश में 7500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट और करीब 14500 किलोमीटर संभावित नौवहन योग्य जलमार्ग है। देश को इस विशाल नदी मार्ग पर हमेशा बहती रहने वाली नदियों, झीलों और बैकवाटर्स का उपहार भी मिला हुआ है। गौरतलब है कि देश खासतौर से 2014 के बाद, नदी जल मार्गों की प्राचीन शक्ति का उपयोग करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ा है। देश की बड़ी नदियों में जलमार्ग विकसित करने के लिए नया कानून और विस्तृत कार्ययोजना लाई गई है। 2014 में देश में केवल 5 राष्ट्रीय जलमार्ग थे, अब देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं और लगभग दो दर्जन पहले से ही चालू हैं। इसी तरह, नदी जलमार्ग के माध्यम से कार्गो परिवहन में 8 साल पहले 30 लाख मीट्रिक टन से 3 गुना वृद्धि हुई है। जलमार्ग पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अच्छे हैं और पैसे की भी बचत करते हैं। जलमार्गों के संचालन की लागत सडक मार्गों की तुलना में ढाई गुना कम है और रेलवे की तुलना में एक तिहाई कम है।

यही कारण है कि चीन और अमेरिका सहित कई यूरोपीय देशों ने जैसे-जैसे विकास की ओर कदम बढ़ाए, वैसे-वैसे वे अपने जल मार्गों का अधिक उपयोग करने लगे। कई यूरोपीय देश अपने कुल माल और यात्री परिवहन के लिए जल परिवहन का बहुतायत से उपयोग करते हैं। इतना ही नहीं, यूरोप के कई देश आपस में इसी साधन से बहुत मजबूती से जुड़े हुए हैं। उन्होंने जल मार्गों को अपनी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बना लिया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 11 और 12 नवंबर को वाराणसी में पीएम गतिशक्ति मल्टी मॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन के दौरान यह बात उभरकर सामने आई कि भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गतिशक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है और इनके तहत जल परिवहन के विकास से लॉजिस्टिक कास्ट के बोझ को घटाया जा सकता है। इसी तरह से मेरीटाइम इंडिया मिशन 2030 देश के बंदरगाहों के विकास और लॉजिस्टिक लागत घटाकर समुद्री अर्थव्यवस्था से देश को लाभान्वित करने से संबंधित है। मैटीराइम इंडिया समिट 2021 में यह रेखांकित हुआ है कि भारत बंदरगाह विकास की नई रणनीति से सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक परियोजना के लिए वर्ष 2035 तक 82 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी, जलमार्गों का विकास किया जाएगा। इस समय इस मिशन के तहत बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और लाइटहाउस के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। भारत की तटीय सीमा के साथ 189 प्रकाश स्तंभ हैं।

इनमें से सरकार 78 प्रकाश स्तंभ के आसपास पर्यटन का विकास करने की योजना पर काम कर रही है। ऐसे में अब और राष्ट्रीय जलमार्गों से देश की आर्थिक-सामाजिक तस्वीर को संवारने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जाने होंगे। भारत में विकासशील जलमार्गों की निरंतर विकास प्रक्रिया एक विकसित भारत के निर्माण के लिए मजबूत कनेक्टिविटी तथा देश के व्यापार और पर्यटन को नई ऊंचाई देने के लिए जरूरी है। चूंकि भारत में हजारों किलोमीटर के जलमार्ग नेटवर्क को विकसित करने की क्षमता है। अतएव भारत में जो 125 से ज्यादा नदियां और नदी धाराएं हैं, वे लोगों और सामान के ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल की जा सकती हैं और ये वाटर-वे, भारत में पोर्ट लेड डेवलपमेंट को भी बढ़ाने में मदद करते हुए दिखाई दे सकती है। अब जल परिवहन का बुनियादी ढांचा तैयार करने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारी भरकम संसाधन जुटाने के लिए पीएम गतिशक्ति योजना और नई लॉजिस्टिक नीति के तहत प्रावधानों के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जल परिवहन क्षेत्र के विकास के लिए इस बात की वैधानिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी कि विभिन्न नदी तटीय इलाकों के कारखाने तथा अन्य उपक्रम अपनी माल ढुलाई में एक खास हिस्सा जलमार्गों को दें।

जल मार्ग उपयोग करने वालों को कुछ सब्सिडी भी दी जानी होगी। इससे अंतदेर्शीय जल परिवहन और तटीय जहाजरानी दोनों को बढ़ावा मिलेगा, सस्ते में परिवहन होगा और उद्योग कारोबार को प्रोत्साहन मिलेगा। खासतौर से खतरनाक सामग्री और गैस, पेट्रोल या रसायनों का एक हिस्सा जल परिवहन को आवश्यक रूप से हस्तांतरित किया जाना सुनिश्चित करना होगा। हम उम्मीद करें कि वाराणसी में दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज और कई अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ भारत से नदी जलमार्ग के क्षमताओं के उपयोग के नए दौर की शुरूआत आम आदमी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभ पर होगी। साथ ही पीएम गतिशक्ति योजना, नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 के तहत अंतदेर्शीय जलमार्गों को भारी प्रोत्साहन देने की रणनीति से जल मार्गों के प्रभावी व्यावसायिक उपयोग, सस्ते जल परिवहन और जलमार्गों पर पर्यटन विकास के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। भारत में जलमार्गों के विकास से ढुलाई लागत यानी लॉजिस्टिक कास्ट को घटाकर भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा । ऐसे में नदी जल मार्ग भारत की नई सामर्थ्य बनते हुए दिखाई देंगे। ये विकास के मार्ग बनेंगे।

महिलाओं के लिए नई इबारत लिख रही डॉ. सुनीता जनावा

2007 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही सुनीता जनावा वर्तमान में सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी में अंग्रेजी विषय की सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ विभिन्न विभागों का गठन करके कुछ अलग कार्यभार अध्यापकों को दिया जाता है जिससे कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में डॉक्टर सुनीता जनावा को वर्ष 2019 में महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बनाया गया। क्षेत्र में जुड़ते ही इनकी मानवीय रूचि उजागर हुई और सामाजिक कल्याण के कार्य में स्वयंसेवकों का इन्होंने ख्याल रखते हुए उनके अरमानों को पंख लगा दिए। जुड़ते ही सबसे पहले उन्होंने संगठन के रूप में मानसिक रूप से तैयार किया और उनके अंदर एक सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत हुई।

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नारी आज बुलंदियों को छू रही हैं, नित नए ऐतिहासिक कारनामों की इबारत लिख रही हैं। इसी कड़ी में एक और नाम है डॉ. सुनीता जनावा। आज उनका नाम प्रखर समाजसेवी, नारी शिक्षा उत्प्रेरक, महिला रोजगार जागरूकता अभियान के वाहक के रूप पूरे इलाके में लिया जा रहा है। 2007 से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही सुनीता जनावा वर्तमान में सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय सिवानी में अंग्रेजी विषय की सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

महाविद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ विभिन्न विभागों का गठन करके कुछ अलग कार्यभार अध्यापकों को दिया जाता है जिससे कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में डॉक्टर सुनीता जनावा को वर्ष 2019 में महाविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी बनाया गया। क्षेत्र में जुड़ते ही इनकी मानवीय रूचि उजागर हुई और सामाजिक कल्याण के कार्य में स्वयंसेवकों का इन्होंने ख्याल रखते हुए उनके अरमानों को पंख लगा दिए। जुड़ते ही सबसे पहले उन्होंने संगठन के रूप में मानसिक रूप से तैयार किया और उनके अंदर एक सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत हुई।

यही नहीं सिवानी उपमंडल प्रशासन द्वारा गोद लिए गए पास के गांव ढाणी मिट्टी में इन्होंने पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और जब 2020 में कोरोना महामारी ने विकराल रूप दिखाया तो उस कठिन दौर में भी सुनीता जनावा और उनकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने अपने मजबूत इरादों और हौसलों की बदौलत न सिर्फ लोगों को इस महामारी से बचाव के बारे में जागरूक किया बल्कि मास्क सैनिटाइजर इत्यादि बचाव के साधन भी अपने निजी कोष से आमजन में उपलब्ध करवाएं। महाविद्यालय में एनएसएस प्रभारी के रूप में पांच बड़े वैक्सीनेशन कैंप आयोजित करवा कर पूरे महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित उनके परिवारजनों और स्टाफ को भी इस महामारी से सुरक्षित रखने में अपना योगदान दिया। स्वास्थ्य के प्रति इनकी जागरूकता और चेतना इस बात से जाहिर होती है कि पिछले 3 वर्षों में इन्होंने महाविद्यालय में पांच बड़े रक्तदान शिविर आयोजित किए हैं और इनसे लगभग 450 यूनिट रक्तदान हुआ है और स्वयं भी 9 बार रक्तदान कर चुकी है। यही नहीं ये हिमोग्लोबिन जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर, बीएमआई जांच व अन्य स्वास्थ्य जागरूकता शिविर भी आयोजित करवाती रहती है।

इनका जन्म फतेहाबाद जिला के छोटे से गांव ढाणी छतरियां में हुआ। माता-पिता ने इनका पालन-पोषण एक लड़के की भांति करते हुए बहुत छोटी आयु में ही स्कूटर, ट्रैक्टर, गाड़ी चलाना सिखाया। बचपन से ही परिवारिक संस्कारों में मिला यह आत्मविश्वास और हौसला इन्हें जीवन में हर मोड़ पर आगे बढ़ता रहा। 12वीं तक की पढ़ाई अपने गृह जिला में करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए पिताजी ने इनका दाखिला हिसार करवाया और यहाँ रहकर इन्होने एमए इंग्लिश की डिग्री हासिल की। इसी दौरान इनकी शादी हो गई। शिक्षित परिवार में विवाह होने से पढ़ाई जारी रही और ससुराल पक्ष के पूर्ण सहयोग से इन्होंने शादी के बाद बीएड, एमफिल, पीएचडी की डिग्री हासिल की। इनके पति सतीश जनावा सुपरिंडेंट इंजीनियर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

समाज उत्थान और समाज के प्रति इनका निस्वार्थ भावना हर किसी को अपनी तरफ खींच लेती है। समाज कल्याण और सामाजिक उत्थान में इनका योगदान देख कर प्रशासन ने उन्हें अनेकों बार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। जिनमें मुख्य रुप से 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर मुंबई की कृष्णा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इनको कर्मवीर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 15 अगस्त 2022 को लोहारू में आयोजित किए गए स्वतंत्रता दिवस समारोह में माननीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री देवेंद्र बबली के हाथों प्रशस्ति पत्र मिला। इससे पूर्व 2021 में उपमंडल प्रशासन सिवानी इनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित कर चुका है। इन सबसे अलग इन्हें कवयित्री के रूप में भी जाना जाता है और जब भी मौका मिलता है ये विभिन्न मंचों से अपनी प्रेरणादायक लेखनी से युवाओं को प्रोत्साहित करती है। ऑल इंडिया रेडियो पर भी विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत कर चुकी है। सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण, मानवाधिकार, कैरियर काउंसलिंग कर अन्य हेल्प डेस्क के माध्यम से ये स्वयं और अपने स्वयंसेवकों की टीम से लोगों को जागरूक करते हैं। अपने स्वयंसेवकों को इन्होंने बौद्धिक रूप से सशक्त किया है ताकि वो सुंदर भविष्य के जागरूक नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सके।

डॉ. सुनीता अपने अब तक के सफर के लिए अपने माता-पिता, सास-ससुर और अपने जीवन साथी के योगदान के अलावा वर्तमान में इनकी कर्मभूमि सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री राजकुमार ख्यालिया का धन्यवाद करती है और कहती है कि हर बेटी, बहू को हम हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करें तो वह समाज में एक नई जगह बनाएगी और समाज नित नई ऊंचाइयों को छुएगा। उनका मानना है कि किसी भी सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य योजना घोषणा करने की बजाय हम सबको कंधे से कंधा मिलाकर एकजुट होकर अपना योगदान देते रहना होगा। अगर हम सब अपनी सकारात्मक सोच को व्यवहार में उतारने का प्रयास करें तो समाज बेहद खूबसूरत हो सकता है।

मॉरीशस को मॉरीशस रूट से न पहचाने

विनीत नारायण

चूँकि भारत और मॉरीशस के बीच हुए दोहरे करारोपण संधि के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता कर भारत में एफडीआई के द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में मॉरीशस रूट कहा जाता है। भारत में मॉरीशस रूट के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से कंपनियां भारत में निवेश करवा टैक्स बचाती हैं। अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिण-पूर्व तट से से लगभग 900 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के तट पर और मेडागास्कर के पूर्व में स्थित द्वीपीय देश मॉरीशस भारतीयों के लिए काफी आकर्षक स्थान है। अपने झील, झरनों, हरे भरे जंगलों व प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मॉरीशस हर नवविवाहित जोड़े के लिए बरसों से हनीमून मनाने का स्थान बना हुआ है। परंतु क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी एक कारण है जिसके लिए मॉरीशस भारतीयों को बहुत प्रिय है।

सुंदर पर्यटक स्थल होने के कारण मॉरीशस में केवल हनीमून मनाने वाले पर्यटक ही नहीं आते। बल्कि टैक्स हैवन के नाम से मशहूर इस छोटे से द्वीप पर हर उस व्यक्ति की नजर बनी रहती है जो किसी न किसी तरह से भारत में आयकर की चोरी करना चाहता है। चूँकि भारत और मॉरीशस के बीच हुए दोहरे करारोपण संधि के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता कर भारत में एफडीआई के द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में मॉरीशस रूट कहा जाता है। भारत में मॉरीशस रूट के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से वे सभी कंपनियाँ जो भारत में निवेश करवाती हैं कैपिटल गेन्स टैक्स देने से बच जाती हैं।

कई वर्ष पहले इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इनवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) की एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कई कंपनियों ने 1982 में हुए इस संधि का दुरुपयोग किया है। इस समझौते के मुताबिक भारतीय कंपनियों को मॉरीशस में टैक्स रेजीडेंसी की सुविधा मिल जाती है। जिस कारण वे जीरो कैपिटल गेन्स वाली श्रेणी में आ जाती थी। जाहिर सी बात है कि मॉरीशस रूट से अपना ही पैसा घुमा कर ये कंपनियाँ अपना निवेश वापिस भारत में ले आती हैं। इसी के चलते देश को करोड़ों के टैक्स का चूना लग जाता है। जबकि इस टैक्स के पैसे को देश के विकास कार्यों में लगाया जा सकता था। पर ऐसा नहीं हो रहा।

मॉरीशस रूट हो या किसी अन्य टैक्स हैवन देश से आने वाला निवेश, हमारे देश में ऐसा काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। देश की कई नामी कंपनियाँ ऐसा कई बरसों से कर रही हैं। नियमों में इस कमी का फायदा उठा कर ये लोग टैक्स चोरी कर देश में होने वाले विकास को पीछे धकेल रहे हैं। आम आदमी को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ समय पर नहीं दी जाती तो इसके पीछे टैक्स में होने वाली चोरी ही मुख्य कारण होता है। सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, विकास कार्यों और सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए टैक्स पर ही निर्भर करती है। यदि टैक्स में कमी आती है तो विकास कार्यों में भी बाधा आएगी।

मॉरीशस रूट से आने वाले निवेश केवल एफडीआई के जरिये ही नहीं होते। उद्योगपतियों के अलावा भ्रष्ट नेता व अफसर भी इसका फायदा उठाते हैं। ये लोग भ्रष्टाचार के द्वारा कमाये गये अपने काले धन को हवाला के जरिये विदेशों में स्थित मॉरीशस जैसे टैक्स हैवन देशों में भेजते हैं। वहाँ पर कुछ शैल कंपनियों की मदद से उसी पैसे को कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को मन-माने दाम पर खरीदवाते हैं। भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो ये सही होता है। परंतु मॉरीशस रूट से होने वाले ऐसे निवेश नियम कानून की धज्जियाँ उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे व मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नियत से इसमें निवेश करते हैं। परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रुपये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रुपये प्रति शेयर पर खरीदा। आरोप है कि ये अपने ही काले धन को घुमाकर किया गया। इसकी जाँच के लिये दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस दे कर इसकी जाँच के आदेश भी दिये। परंतु जाँच को लंबा खींचने और ढुलमुल रवैये अपनाने से इस मामले की जड़ तक नहीं पहुँचा जा सका।

संक्षिप्त खबरें

भोरे में 172 बोतल शराब व दो बाइकें बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र की अलग अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 172 बोतल शराब बरामद की। इस दौरान दो बाइकों को जब्त करने के साथ ही एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पहली कार्रवाई थाना क्षेत्र के बैरौना गांव में की, जहां से छांगुर प्रसाद को 11 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरी कार्रवाई थाना क्षेत्र के खरपकवां गांव में हुई, जहां पुलिस ने एक बाइक से 134 बोतल शराब बरामद की। हालांकि इस दौरान धंधेबाज फरार होने में कामयाब हो गये। तीसरी कार्रवाई लखरांव बाग के पास की गयी। यहां एक बाइक व 27 बोतल शराब बरामद की गयी। जबकि धंधेबाज कल्याणपुर का चोखुरी राजभर फरार होने में कामयाब हो गया।

बथुआ बाजार ज्वेलरी लूट कांड में पुलिस के हाथ 10 दिन बाद भी खाली

पुलिस को सफलता नहीं मिलने से बाजार वासियों में पुलिस के विरुद्ध आक्रोश

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाने के बथुआ बाजार में गत 10 दिन पूर्व हुए दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूटकांड के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी की हाथ अब भी खाली है। पुलिस को सफलता नहीं मिलने से बाजार के व्यवसायियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी की टीम विभिन्न जगहों पर अब भी छापेमारी कर रही है। परंतु अपराधी अपने ठिकाना प्रतिदिन बदल दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों का हुलिया पहचान कर जल्द ही धर दबोचने की दावा कर रही है। एसआईटी के टीम सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों के अलावा सीवान सारण गोपालगंज सहित विभिन्न अपराधिक ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। लेकिन अब तक पुलिस को सफलता हाथ नहीं लग पाई है। इसको लेकर व्यवसायियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शराब पीने के आरोप में तीन गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के मांझा थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में पुलिस छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताता जाता है कि सोमवार को मांझा थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जनटोली गांव के मोहन राम, गद्दी टोला गांव के संदीप सिंह एवं आलापुर गांव के मनोज पड़ीत शामिल है। गिरफ्तार आरोपितो को पुलिस ने जेल भेज दिया।

उदघाटन मैच में कुशीनगर ने बलिया को हराया

गोपालगंज। जिले के पंचदेवरी प्रखंड के बहेरवा बाजार में डीएसटी स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन मैच बलिया व कुशीनगर के बीच खेला गया, जिसमें कुशीनगर की टीम ने बलिया को 33 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। इससे पूर्व मैच का उदघाटन पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद् गोपालगंज मुकेश पांडेय ने फीता काटकर किया। मैच में बलिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कुशीनगर की टीम निर्धारित 15 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 219 रनों का लक्ष्य बलिया टीम के सामने रखी। जवाब में खेलने उतरी बलिया की टीम 185 रनों पर ही सिमट गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बलिया टीम के खिलाड़ी विनोद को दिया गया। आयोजन समिति के सदस्य राहुल तिवारी व आतिश द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सिकटा गोरखपुर व कटेया के बीच खेला जायेगा।

अचानक फिर लुढ़का पारा, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट

मुजफ्फरपुर। आज अचानक तापमान में कभी आई। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में क्रमशः1.7और3.1डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ0 राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आज अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कल काअधिकतम तापमान27.6और न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस था। सापेक्ष आर्द्रता आज सुबह में 77 प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 39 प्रतिशत हो गया। पतियां हवा की गति भी आज कल के वनिस्पत अधिक रही।आज पतियां हवा की गति 11.6 किमी प्रति घंटा रिकार्ड की गई। वाष्पोत्सर्जन 5.8मिलीमीटर रहा।

मकसूदपुर के घर और शौचालय की दीवारें देने लगी स्वच्छता का संदेश

सीएम के समाधान यात्रा को लेकर दुल्हन की तरह सजाए गए गांव

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव प्रखंड के मकसूदपुर गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 15 फरवरी को समाधान यात्रा के अंतर्गत आगमन का कार्यक्रम निर्धारित होने के बाद मकसूदपुर की गलियों की आबोहवा बदलने लगी है। प्रखंड के परसौनी खास पंचायत के मकसूदपुर गांव में 10 दिन पहले तक कुछ नया नहीं था। परंतु जैसे ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा के अंतर्गत परसौनी खास गांव स्थित लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा तैयार किए गए तालाब और मकसूदपुर गांव के निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित होने की जानकारी मिली। परसौनी खास तालाब के साथ-साथ मकसूदपुर गांव की गलियों की भी आबोहवा बदलने लगी।

शामपुर बाजार मुख्य पथ से मकसूदपुर गांव में जाने वाले जीस उबड खाबड़ ईटीकरण पथ से गुजरने में लोगों को दिक्कत महसूस होती थी। वहां पर मुख्यमंत्री की अगवानी को लेकर स्थानीय मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने पीसीसी सड़क का निर्माण करा दिया गया है। पीसीसी सड़क बन जाने के बाद घरों से निकलने वाले पानी के संचयन के लिए 100 फिट नाली और कई सोखते का भी निर्माण कराया गया। गांव में स्थित जिस आंगनबाड़ी केंद्र के फर्श के प्लास्टर भी उड़ने लगे थे। उस आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग के द्वारा टाइल्स, बेसिन लगाने के साथ भवन का रंगरोगन कर उसे चकाचक कर दिया गया है। अब आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर की दीवारें बच्चों को ककहरा से लेकर अल्फाबेट्स की जानकारी देने लगी हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के बाहरी दीवाल पर मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत लड़की के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सहयोग व छात्रवृत्ति राशि के बारे में भी जानकारी दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर स्थित झाड़ियां उग आई सरकारी प्रति जमीन को बांस की फट्ठी से घेरकर पोषण वाटिका का निर्माण किया गया। जिसमें लगे पौधों से निकालने वाले सब्जियों से कुपोषित बच्चों को पोषण देने की तैयारी शुरू हो गई है। गली के दोनों तरफ बने शौचालय, घर, पशु सेड आदि की दीवारों पर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार और जिला जल एवं स्वच्छता समिति गोपालगंज के माध्यम से रंगरोगन कराने के साथ उस पर लोगों को प्रेरित करने वाले स्लोगन लिखे गए हैं। अब मकसूदपुर की गलियों की दीवारें अब शौचालय का प्रयोग करने, घर व उसके आसपास स्वच्छ रखने, जल संचय करने, घरों से निकलने वाले कचरे को कंपोस्ट खाद बनाने आदि के लिए प्रेरित करने लगी हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन की तैयारी को लेकर पंचायत से लेकर जिला स्तर के कई विभागों के आला अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का परसौनी खास तालाब और मकसूदपुर गांव में जमावड़ा लगा रह रहा है। खुद डीएम डॉ नवल किशोर चैधरी, एसपी स्वर्ण प्रभात, डीडीसी, एडीएम, एसडीएम राकेश कुमार सहित कई अधिकारी लगातार पंचायत का दौरा कर पंचायत में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारी का जायजा ले रहे हैं। बीडीओ मनोज कुमार पंडित, सीओ रविश कुमार, बीपीआरओ आदित्य अंशु, मनरेगा के पिओ राजीव रंजन, पूर्व प्रखंड प्रमुख सह स्थानीय बीडीसी राम आशीष सिंह खुद कैंप कर परसौनी खास तालाब और मकसूदपुर गांव में चल रही तैयारी पर नजर रखे हुए हैं। जिससे परसौनी खास तालाब के साथ-साथ मकसूदपुर की गलियों की आबोहवा पूरी तरीके से बदल गई है।

घर मे फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

बरौली प्रात : किरण संवाददाता

बरौली थाने के नगर परिषद क्षेत्र के भड़कुइया वार्ड नंबर 11 में एक युवक का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक स्वर्गीय पृथ्वी राम का पुत्र देवेन्द्र राम बताया गया है। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच पडताल करने में जुट गयी है। बताया जाता है कि मृतक देवेन्द्र राम की पत्नी रविवार को अपने पांच बच्चों के साथ अपने मायके चली गयी। वही सोमवार की सुबह जब देवेन्द्र राम पड़ोसियों को दिखायी नही तो लोगों ने उसके दरवाजे को खटखटाया। लेकिन दरवाजा नही खुला। जिसके बाद ग्रामीणों ने किसी तरह अंदर जाकर देखा तो करकटनुमा मकान में उसका शव लटका हुआ था। ग्रामीणों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी, दरोगा संग्राम सिंह, जयहिंद यादव, गुरुदेव प्रसाद दल बल के साथ पहुंच गए और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वही सूचना पाकर पंहुची पत्नी श्रीकांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने मृतक की माँ जो दिल्ली में है उसे भी फोन कर बातकर मामले की जानकारी ली। जिसके बाद मृतक की मां ने साजिस के तहत हत्या किए जाने का अरोप लगाया है। वही इस घटना को लेकर लोगो मे तरह तरह की चर्चा भी हो रही है। इस संबध में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई आवेदन नही मिला है।

यूपी से बिहार में शराब की तस्करी करने वाले दो शराब माफिया गिरफ्तार

कुचायकोट थाने की पुलिस ने यूपी के एटा से की गिरफ्तारी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के कुचायकोट थाने की पुलिस ने यूपी के एटा जिले में छापेमारी कर दो शराब माफिया को गिरफ्तार किया है। यूपी से बिहार में अवैध शराब की आपूर्ति करने वालें दोनो शराब माफियाओं को गिरफ्तार करने के बाद बिहार लाया गया है। गिरफ्तार शराब माफिया यूपी के एटा जिले के निधैलकुआं थाने के नागलहेडी गांव के दीपक कुमार और मदनपुर गांव के काली चरण बताए गए है। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओं संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होने बताया कि कुचायकोट थाने के बलथरी चेकपोस्ट पर 12 जुलाई 2022 को वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से करीब 1700 लीटर शराब के साथ चालक बिटु यादव को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत पांच लोगो के विरूद्व प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। कांड के अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता सह थानाध्यक्ष शशिरंजन प्रसाद एटा के दो शराब माफियाओं की संलिप्ता पायी। जिसके बाद तकनिकी शाखा व गठित छापेमारी दल के सहयोग से बैकवर्ड- फारवार्ड लिंकेज के तहत कारवाई करते हुए शराब मामले में संलिप्त पाए गए दोनो शराब माफियाओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब माफियाओं से पूछताछ की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार, निरज कुमार सिंह, प्रवीन कुमार, रविशंकर सिंह शामिल थे।

जगतौली में वार्ड सभा में हुआ जमकर हंगामा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

मुखिया और पंचायत सचिव को लौटना पड़ा वापस, ग्रामीणों ने मुखिया पर लगाया मनमानी का आरोप

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे प्रखंड की जगतौली पंचायत में ग्रामीणों ने वार्ड सभा के दौरान जमकर हंगामा किया। स्थिति यह हो गई कि वार्ड सभा के दौरान हुए हंगामें के कारण पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव को वहां से लौट जाना पड़ा। उनके वापस लौटने के बाद भी ग्रामीण काफी देर तक प्रदर्शन करते रहे। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि सोमवार को प्रखंड की जगतौली पंचायत के वार्ड नंबर दो विश्रामपुर गांव में वार्ड सभा का आयोजन कर स्वच्छता को लेकर ठेला चालक की बहाली करनी थी। ग्रामीणों द्वारा एक मत से मुकेश राम का चुनाव किया गया। लेकिन आरोप है कि मुखिया अशोक साह इसे मानने से इंकार दिये। जिसके कारण बहाली की प्रक्रिया के दौरान हंगामा हो गया। नाराज ग्रामीणों के साथ मुखिया अशोक साह की खुब कहासुनी हुई। जिससे नाराज मुखिया और पंचायत सचिव दुर्गेश शर्मा बैठक को बीच में ही छोड़ कर चले गये। उने जाने के बाद भी ग्रामीण मुखिया पर मनमानी करने का आरोप लगा कर हंगामा करते रहे। ग्रामीणों का कहना था कि यहां तीसरी बार आम सभा का आयोजन किया गया है। लेकिन अभी तक बहाली की प्रक्रिया पुरी नहीं हुई है। वहीं मुखिया अशोक साह ने बताया कि कुछ लोग राजनीतिक दुश्मनी निकालने की कोशिश कर रहे हैं। हंगामा करा कर पंचायत का विकास कार्य बाधित करना चाह रहे हैं।

छात्रा को चाकू मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के मांझा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव की छात्रा को चाकू मारने के मामले में एक युवती व एक युवक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उक्त दोनों पर छात्रा पर दो अज्ञात युवकों से हमला कराने का आरोप है। घायल छात्रा के फर्दब्यान के आधार पर उक्त प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। ज्ञात हो कि गत रविवार की दोपहर पिपरा गांव की एक छात्रा अपने जीजा के भाई के साथ घर से मैट्रिक परीक्षा सेंटर पर जा रही थी। तभी बाइक सवार युवकों ने उसका पीछा कर उसे चाकू मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका ईलाज चल रहा है। वहीं इस मामले में छात्रा का कहना है कि बाइक सवार दो अज्ञात युवक जिनकी उम्र करीब 22 वर्ष थी उनके द्वारा ही उसपर हमला किया गया था। उसने बताया कि गत 3 फरवरी को उसके गांव की नवेसी कुमारी व पुरानी बाजार के

नवादा परसौनी में भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा का हुआ आयोजन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव प्रखंड के नवादा परसौनी शिव मंदिर पर आयोजित होने वाले सात दिवसीय भागवत कथा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का प्रारंभ नवादा परसौनी शिव मंदिर के प्रांगण में स्थित यज्ञशाला से हुई। जहां झांकी, रथ, बैंड बाजा व केसरिया ध्वज के साथ 11 सौ कन्याएं कलश लेकर नवादा परसौनी गांव होते हुए तीरमुहानी पुल पर पहुंचीं। जहां बाण गंगा कहीं जाने वाली दाहा नदी के जल में यज्ञाचार्य संतोष तिवारी, धीरेंद्र जी महाराज, सत्येंद्र मिश्रा, रंजन दुबे टूना तिवारी, सागर जी, कन्हैया शुक्ला आदि ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच जलभराई की। जहां से पुनः कलश यात्रा नवादा परसौनी गांव होते हुए नवादा परसौनी गांव होते हुए शिव मंदिर स्थित यज्ञशाला तक पहुंची। जहां विधिवत मंत्रोच्चार के बीच कलश की स्थापना की गई। इस दौरान यजमान की भूमिका अक्षयलाल प्रसाद साह, फागु यादव, मनीष सिंह, राजू सिंह, रविंद्र यादव, राजेंद्र साह सहित सात लोगों ने निभाई। कलश यात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, समाजसेवी रंजीत यादव, सरपंच सोहराब आलम, सत्येंद्र यादव, झापस मांझी, मनेंद्र यादव, छोटन पासवान, जनक यादव आदि मौके पर उपस्थित थे। इस दौरान यज्ञ के व्यवस्थापक रंजीत यादव ने बताया कि काशी से आए भागवत कथा वाचक महर्षि विपरेंदु जी महाराज के द्वारा सात दिनों तक भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। जो 14 फरवरी से लेकर 20 फरवरी तक चलता रहेगा।

मुखिया हत्याकांड में अब तक पुलिस को नही मिला सुराग

अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही पुलिस

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

मुखिया के हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। कई लोगों से पूछताछ भी कर चुकी है। लेकिन अबतक पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग हाथ नही लग पाया है। सदर एसडीपीओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस राजनीतिक, सामाजिक व व्यवसायिक सहित अन्य पहलुओं पर घटना की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि संदेह के आधार पर एक दर्जन लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पूछताछ लगातार जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही हत्या के मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा। विदित हो कि थावे प्रखंड के फुलुगनी पंचायत के वर्तमान मुखिया लोहरपट्टी निवासी महमद कुरेश को गुरूवार को बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियो ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसको लेकर मुखिया के बड़े पुत्र शाहिद हुसैन ने थाने में अज्ञात अपराधियो के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। वही मुखिया की हत्या को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने हत्या में शामिल अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई है। गठित एसआईटी टीम के द्वारा बिहार से लेकर यूपी तक टेक्निकल सेल के मदद से वैज्ञानिक तरीके से लगातार पुलिस छापेमारी कर रही है। एसआईटी टीम जिले के कई थाना क्षेत्र एवं पड़ोसी जिले सिवान के अपराधियो के सबंधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

सीएम के स्वागत में सजा टोला सिपाया, दिखा रही विकास की मिशाल

सोलर लाइट की रौशनी से जगमग हुआ दलित बस्ती, सड़को का कराया गया पेवर ब्लॉक से सोलिंग

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

सीएम के स्वागत में कुचायकोट प्रखंड का टोला सिपाया पंचायत सज गया है। जहां सीएम नीतीश कुमार का आगमन होने वाला है। सीएम का आगमन आगामी 15 फरवरी को समाधान यात्रा के क्रम में होना है। सीएम के आगमन से पंचायत के गांवों का स्वरुप बदलने लगा है। वही पंचायत के गांवों में प्रशासन के द्वारा करायी गयी तैयारियां विकास का मिशाल कायम कर रही है। विकास के इस दौर में सबसे आगे तो दलित बस्तियां दिख रही है। दलित बस्तियों के सभी घरों को जहां नल-जल योजना के तहत स्वच्छ जल मुहैया कराया गया है। वही सड़कों को पेवर ब्लॉक से सोलिंग करायी गया है। गांव की एक-एक सड़के सोलर लाईट की रौशनी से जगमग हो गयी है। धरातल पर सरकार की विकास योजनाओं की झलक भी दिखने लगी है। जिला प्रशासन के द्वारा सभी 42 विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यो को पूरा कराये जाने को लेकर लगा दिया गया है। पंचायत के सभी गांवों में अलग-अलग विभागों के द्वारा विकास कार्य कराया जा रहा है। सभी विभागों के अधिकारी सीएम के आगमन को लेकर अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को बेहतर ढंग से सजाने में लगे हुए है। वही सभी विभागों के कार्यो की मॉनीटरिंग डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी सहित एसपी स्वर्ण प्रभात के साथ-साथ डीडीसी अभिषेक रंजन, अपर समाहर्ता सुनील कुमार, एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार, डीटीओ मनोज कुमार रजक, एसडीसी राधाकांत सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों में बीडीओ वैभव शुक्ला, सीओ सुमन सौरभ के द्वारा तैयारी कराया जा रहा है।

हर दरवाजे पर दिख रहा विकासः टोला सिपाया पंचायत के हर घर के दरवाजे पर सरकार की विकास दिखने लगी है। किसी के घर के सामने पक्की सड़के बन गयी, तो कही सडकों की पीसीसी, पेवर ब्लॉक, सोख्ता निर्माण, पशु शेड, बकरी शेड, कुँआ जीर्णोद्धार कराया गया है। वही सोलर लाईट, शौचालय, साफ सफाई, पार्किंग आदि की व्यवस्था, बैनर्स, नल जल, आवास योजना के लाभार्थियों, राशन, लक्ष्मीबाई पेंशन, छात्रवृत्ति, छात्राओं के लिए साईकिल योजना आदि सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान कराया गया है।

हेलीपैड का निर्माण कार्य पूरा, सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजरः सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन के अधिकारियों की देखरेख में हेलीपैड के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वही सेफ हाउस की व्यवस्था पर भी प्रशासन के वरीय अधिकारी के स्तर से अपनी निगरानी में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था पर प्रशासन अधिकारियों की पैनी नजर है।

दिवारों की करायी गयी वॉल पेटिंग, सड़कों की हुयी सफाई

सीएम के आगमन को लेकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की तैयारी भी चारों ओर नजर आ रही है। सभी शौचालयों की रंग- रोगन कराया गया है। वही स्वच्छ व्यवहार को लेकर सरकारी भवनों के दिवारों पर वॉल पेटिंग कराया गया है। चारों ओर स्वच्छता के संदेश देखने को मिल रहा है। वही सड़को की साफ-सफाई कराकर पानी का छिडकाव कराया गया, ताकि सीएम का काफिला आने के दौरान धुल न उडे। लोगों को परेशानी नहीं हो इसको ध्यान में रखकर तैयारी किया जा रहा है

उदघाटन व शिलान्यास की तैयारी में जुटा प्रशासन

सीएम के हाथों नयी योजनाओं की शिलान्यास और पूर्ण योजनाओं की उदघाटन कराये जाने की तैयारी में जिला प्रशासन के अधिकारी जुटे हुए है। इस कार्य में डीडीसी अभिषेक रंजन से लेकर अपर समाहर्ता सुनील कुमार व जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार के द्वारा तैयारी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक योजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास कराया जा सके।

उचकागांव प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में बने एक टूरिस्ट प्लेसः एडीएम

टूरिस्ट प्लेस के लिए हर संभव मदद मुहैया करायेगी जिला प्रशासन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव प्रखंड के परसौनी खास स्थित लघु जल संसाधन, जिला परिषद और पंचायत समिति मद से विकसित किए गए तालाब के प्रांगण में एडीएम सुनील कुमार के नेतृत्व में मुखिया जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एडीएम सुनील कुमार ने कहा कि प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में स्थानीय जनप्रतिनिधि परसौनी खास तालाब जैसा एक टूरिस्ट प्लेस विकसित करें। जिसके लिए जिला प्रशासन हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। उन्होंने परसौनी खास तालाब के रखरखाव की जिम्मेदारी मत्स्य संसाधन विभाग या किसी सोसायटी को देने का निर्देश दिया। उन्होंने तालाब में लगे बोट की सराहना करते हुए तालाब में बोट की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तालाब में लगे बोट व पार्क आदि से होने वाली आमदनी से तालाब के रखरखाव व तालाब को और विकसित करने में खर्च किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अपने समर्थकों व डीलर यूनियन के साथ 15 फरवरी को कुचायकोट के सिपाया में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा कार्यक्रम में आने की अपील की। उन्होंने कहा कि परसौनी खास पंचायत में विकसित किए गए तालाब का वीडियो फुटेज तैयार कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। वही इस जिले के जनप्रतिनिधियों को इस तालाब को दिखाकर दूसरे पंचायतों में इसी तर्ज पर तालाबों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी तालाब पर जिला स्तर पर 21 फरवरी को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तालाब का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने तालाब में बत्तख की संख्या एक हजार तक करने, तालाब में लगे बोट में चढ़ने के लिए लगाए गए सीढ़ी के बंद रास्ते को तुरंत खुलवाने के लिए जिला परिषद के जेई अमरेंद्र कुमार सिंह को निर्देश दिया। मौके पर एसडीएम राकेश कुमार, सदर एसडीएम प्रदीप कुमार, बीडीओ मनोज कुमार पंडित, सीओ रवीश कुमार, पीओ राजीव रंजन, पिंटू यादव, अकलू यादव, मोहम्मद असलम, राजू मियां, पिंटू सिंह आदि उपस्थित थे।

विद्यालय छोड विधायक जी के साथ उद्घाटन कर रहे गुरू जी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज के बैकुंठपुर प्रखंड के शाहपुर उच्च विद्यालय में पुस्तकालय व गर्ल कॉमन रूप के उद्घाटन के दौरान सूबे के शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलने वाली तस्वीर सामने आयी है। जहां कबीरपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक अष्टभुजा सिह बच्चों का भविष्य अधर में छोड़कर अपनी पत्नी व प्रधानाध्यापिका दिव्या सिंह के साथ पुस्तकालय के उद्घाटन के दौरान राजद विधायक के साथ खड़े दिख रहे है। जिसका फोटो सोशल साइट पर वायरल हो रहा है। सोशल साइट पर फोटो वायरल होने के बाद लोग सोशल साइट पर लिख रहे हैं। बिहार में बहार है। गुरुजी विद्यालय छोड़कर विधायक और बिडीओ के साथ पत्नी की सेवा में लगे है। बताया जाता है कि शनिवार को राजद विधायक प्रेमशंकर यादव के द्वारा शाहपुर उच्च विद्यालय में पुस्तकालय व कॉमन रूम का उद्घाटन किया जा रहा था। विधायक जी छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षक बनकर उन्हें पुस्तक के विषय में जानकारी दे रहे थे और इसके महत्व को लेकर छात्र-छात्राओं के बीच चर्चा कर रहे थे। किशोर मंच पर बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस दौरान सिधवलिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार, बीइओ ओम प्रकाश यादव, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार आदि मौजूद थे।

अब सवाल उठता है कि एक तरफ बच्चों के भविष्य के लिए राजद विधायक बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उद्घाटन करने पहुंचे तो दूसरी तरफ गुरुजी बच्चों के भविष्य के बजाय अपनी पत्न ी की तरफदारी में लगे रहे। शाहपुर उच्च विद्यालय कि प्रधानाध्यापिका दिव्या सिंह है। इस विद्यालय से महज 6 किलोमीटर दूर कबीरपुर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय है। जहां के शिक्षक प्रधानाध्यापिका के पति अष्टभुजा सिंह है। पत्नी के विद्यालय में राजद विधायक के द्वारा उद्घाटन के समय वह विद्यालय छोड़कर खुद उपस्थित रहे। बच्चो के भविष्य की चिंता छोड कभी बीडीओ के साथ फोटो तो कभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ फोटो सुट करते नजर आ रहे थे। इस संबध में विधायक प्रेमशंकर यादप का कहना है कि मैं बच्चों के भविष्य को बनाने के लिए उनके बीच उनका हौसला अफजाई करने पंहुचा था। लेकिन शिक्षक के द्वारा विद्यालय छोड़ कर आना दुर्भाग्यपूर्ण व जांच का विषय है।

संक्षिप्त खबरें

अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

आरा। अधिवक्ता प्रमोद शंकर तिवारी के निधन हो जाने पर एक शोक सभा सोमवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट परिसर स्थित अधिवक्ता हॉल में किया गया। संचालन सचिव जयंत कुमार सिंह ने किया। शोक सभा में दिवंगत स्वर्गीय तिवारी के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। तत्पश्चात अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायिक कार्यो सेअपने को अलग रखा। वहीं दूसरी ओर उक्त अधिवक्ता के निधन पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय के अध्यक्षता में शोक सभा किया गया। जिसमें स्वर्गीय तिवारी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक सभा में न्यायिक पदाधिकारी, पीपी नागेश्वर दुबे, जीपी राजनाथ सिंह, अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह, कन्हैया जी उर्फ मडी, अरविंद कुमार तिवारी, अरशद मोहम्मद जफर, नागेंद्र सिंह अजय दुबे, विजेता विजय वर्धन एवं तारक नाथ सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

पर्यवेक्षक सह जिला ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर की प्रतिनियुक्ति पर हर्ष

सुपौल। जिले के राधे श्याम पब्लिक स्कूल, सुपौल के प्राचार्या डॉ0 सुजाता को सीबीएसई बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा 2023 के पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त की गई हैं। साथ ही सुपौल जिला स्तरीय जिला ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर भी प्रतिनियुक्त की गई हैं। जिससे विद्यालय परिवार में काफी खुशी व्याप्त है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राधे श्याम यादव एवं सभी शिक्षक -शिक्षिकेतर कर्मचारियों द्वारा स्कूल के प्राचार्या डॉ. सुजाता को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

मैट्रिक की परीक्षा में इस बार लड़को की अपेक्षा लड़कियों की संख्या रहेगी ज्यादा;-डीएम*

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में डीएम सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में मैट्रिक परीक्षा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीएम ने बताया कि सरकार और मुख्यमंत्री की सोच के मुताबिक लड़कियों को आगे बढ़ाने का जो प्रयास सरकार के द्वारा किया जा रहा है, उसका असर भागलपुर में देखने को मिल रहा है। वही परीक्षा के दौरान किसी भी तरीके की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या मोबाइल ले जाने पर रोक है। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में बच्चे शामिल होंगे, इसीलिए उनकी मदद अभिभावकों को भी करनी होगी और परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने की अपील उन्होंने परीक्षार्थियों से की है। वही जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्र तक परीक्षार्थियों को बिलंबता न हो इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिससे किसी भी बच्चों को संबंधित केन्द्रों पर पहुंचने में देरी न हो वही उन्होंने परीक्षा केंद्र पर किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसका भी ध्यान रखना है।

जिस घर में अंधेरा था, अब हर घर में जलेगा चिराग

भागलपुर। जिस घर में अंधेरा था अब हर एक घर में जलेगा चिराग इस मिशन को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास भागलपुर शाखा आगे बढ़ रही है, और इसी बाबत आज लोजपा के सदस्यों को बढ़ाने और लोगों तक लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास से जुड़ने की अपील करते दिखे है, उन्होंने कहा अपना जिला व राज्य बदलेगा तो राष्ट्र बदलेगा। इसी बात को लेकर आज भागलपुर में एक अहम बैठक रखी गई, और सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया गया, साथ ही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ता लोगों से अपील करते दिखे, कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा हर घर में एक चिराग जलेगा जिस घर में अंधेरा था। वही कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, अमर कुशवाहा, संगीता तिवारी के अलावे दर्जनों लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ता व अधिकारी मौजूद थे।

गड़हनी नगर के कई वार्डो में पानी के लिए हाहाकार नल-जल योजनक फेल, पेयजल संकट छाया

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।नवगठित नगर पंचायत गड़हनी में लगभग सभी वार्डो में नल-जल योजना फेल।अभी ठंड खत्म भी नही हुआ कि फरवरी में ही चापाकल का लेयर गायब।नगर पंचायत के वार्ड 06,07,08,09 समेत अन्य वार्डो में पानी के लिए हाहाकार मचा हैं।

इसकी शिकायत मिलने पर सोमवार के अहली सुबह गड़हनी नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद सुनय परमार उर्फ बब्लू सिंह व वार्ड पार्षद चंदन सोनी समेत कई गण्यमान्य लोगो ने घर-घर जा कर लोगो से पूछा और जायजा लिया।वही उंसने बताया कि अभी ही वार्डो में पानी नही मिलना बहुत ही निंदनीय हैं,सभी वार्डो में पानी की सप्लाई के लिए पीएचडी विभग और गड़हनी बीडीओ को लिखा जाएगा।वही लोगो के बीच नगर पंचायत गड़हनी के द्वारा जल्द-से-जल्द पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी।बतादें की महाजन टोली व अन्य कई इलाकों में इन दिनों पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ हैं।लोगो को पीने के लिए पानी का आसरा बुढ़वा महावीर मंदिर का चापाकल जीवन दान साबित हो रहा हैं।वही नगर पंचायत के नवगठित वार्ड संख्या 6 व 07,08,09 के आधी इलाको में पानी की भारी किल्लत देखा जा रहा हैं।लोग रोजाना सुबह पानी के लिए हाथ मे बाल्टी लेकर इधर -उधर भटकते नजर आ रहे हैं।कभी इस घर तो कभी उस घर मे पानी के लिए दौड़ लगा रहे हैं।अगर कही भी पानी नही मिल रहा तो अंत मे बुढ़वा महावीर मंदिर के प्रांगण से पानी लेजाकर अपना काम निपटा रहे हैं।वही ग्रामीण बताते हैं कि आजादी के समय से ही जब-जब पानी का किल्लत हुआ हैं तो मंदिर का चापाकल जीवन दान बना हैं। मंदिर का चापाकल भी काफी हार्ड चल रहा और थोड़ा-थोडा पानी दे रहा हैं।वार्ड नंबर सात के ग्रामीणों की माने तो पूर्व में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत नल-जल योजना फेल हैं,पानी उसमे भी न के बराबर मिल रहा।ग्रामीण बंटी राठौर की माने तो वही फरवरी के महीने में पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा हैं,वही पूर्व में जब-जब भीषण गर्मी उतपन्न होता हैं,तो सबसे ज्यादा पानी की किल्लत हमारे मोहल्ले में होता हैं।पूर्व में भी ऐसा कई बार हो चुका हैं।सागर कुमार के माने तो पानी की किल्लत बहुत ज्यादा हैं,लेकिन पहला निर्वाचित उपमुख्य पार्षद हैं जो पूछने आए,आज से पहले कोई भी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि शुद्धि लेने नही आए।अगर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था नही हुआ तो स्थिति और बदतर हो जाएगा।राजकुमार ने बताया कि सबसे ज्यादा उस समय पानी की किल्लत होता हैं जब बच्चे को स्कूल जाना होता हैं आज के समय मे सबसे पहले पानी भरना जरूरी हो गया हैं।इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि पानी के किल्लत से जुड़ा सूचना प्राप्त हुआ हैं,जाँच कर वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा हैं।तकी लोगो की परेशानी दूर हो सके।

एक पिस्टल, दो देशी कट्टा के साथ एक अपराधी हुआ गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता।

नाथनगर (भागलपुर)। थाना क्षेत्र के बाईसबिघी चौक के समीप देर शाम सीआईटी टीम ने एक अपराधी को एक पिस्टल, दो देशी कट्टा व चार गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित की पहचान चंपानगर गढ़कछारी के मो. नूर इस्लाम के रूप किया है। वही मामले को लेकर नाथनगर इंस्पेक्टर मो. खलीक उजमा ने बताया कि डीएसपी के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएटी की टीम गठित की गयी । वही मामले को लेकर सीआईएटी सेक्टर 4 की टीम ने युवक की गिरफ्तारी के साथ नाथनगर थाना को सुपुर्द कर दिया है। गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी पिस्टल एवं एक कट्टा व तीन जिंदा कारतूस 7एमएम व एक 315 की गोली बरामदगी की है। वही गिरफ्तार युवक से पूछताछ के दौरान उसके घर से एक देसी कट्टा , एक पिस्टल का मैगजीन एवं 315 का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

स्कॉर्पियो एवं ऑटो की सीधी भिड़ंत में ऑटो सवार एक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव के समीप सोमवार की सुबह स्कॉर्पियो एवं ऑटो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो पर सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में दो का जगदीशपुर अनुमंडलीय एवं एक का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पुलिस ने मौके से स्कॉर्पियो जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर वार्ड नंबर-16 निवासी रामचंद्र चौधरी का 35 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र चौधरी है। वह ताड़ के पेड़ से ताड़ी उतार कर बेचने का काम करता था। जख्मियों में जगदीशपुर वार्ड नंबर-17 निवासी 60 वर्षीय इम्तेयाज खान, डुमरांव टोला निवासी 22 वर्षीय कृष्णा कुमार एवं एक अन्य युवक शामिल है। इधर, मृतक के बड़े भाई शिवजी चौधरी ने बताया कि उनकी छोटी बहन शकुंतला कुमारी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव अपनी बड़ी बहन सविता कुमारी के घर 15 दिन पूर्व में घूमने के लिए गई थी। सोमवार की सुबह उसी को लाने के लिए वे ऑटो से रामपुर मिल्की गांव जा रहे थे। उसी दौरान बौलीपुर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

महायज्ञ के लिए कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में बखोरापुर में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। हाथी घोड़े गाजे-बाजे के साथ हजारों की संख्या में यज्ञ समिति के तरफ से कलश यात्रा का शुभारम्भ किया गया जो कि यज्ञ स्थल से लौहर फरना भाया केशोपुर होते हुए गंगा घाट लोग पहुंचे और वहां से जल लेकर पुनः जय मां काली बखोरापुर वाली मंदिर होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। काफी संख्या में महिला तथा पुरुष ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया।भीड़ इतनी हो थी की केशोपुर से लौहर फरना तक लंबी लाइन लग गई। काफी संख्या में हाथी घोड़े ऊंट इत्यादि शामिल हुए। लोगों में काफी उत्साह था। जगह जगह स्वामी जी के जयकारे लग रहे थे।

कलश यात्रा को लेकर सुबह से ही लोगों का जुटना आरंभ हो गया था। 12 बजते हीं यज्ञ स्थल से गंगा घाट के लिए लोग रवाना हो गए। स्वामी जी से दर्शन करने हेतु काफी दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। यज्ञ समिति की तरफ से 18 तारीख तक लगातार भंडारे का आयोजन किया गया है। एक तरफ भव्य बने पंडाल में श्री वैकुंठनाथ स्वामी जी महाराज श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज का प्रवचन हो रहा है तथा दूसरी तरफ भव्य बने पंडाल में लोग प्रसाद ले रहे हैं। रोड के एक तरफ ज्ञान यज्ञ का आयोजन तथा दूसरी तरफ जय मां काली बखोरापुर वाली का भव्य मंदिर यह दृश्य देखते ही बन रहा है। पूरा आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बन गया है। रात्रि में भी लोग दूर-दूर से घूमने हेतु आ रहे हैं। पूरे पंचायत के लोग काफी उत्साह से व्यवस्था में लगे हुए हैं। स्वामी जी महाराज ने कहा कि बखोरापुर गांव एक तीर्थ स्थल के रूप में बन चुका है जहां जय मां काली बखोरापुर वाली दरबार में माता रानी के दर्शन करने हेतु सालों भर हजारों की संख्या मैं लोग आ रहे हैं। उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हिस्सा लेने का सौभाग्य हरि कृपा से ही मिलती है।

उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा कष्ट हो या परेशानी हो हरि नाम का भजन पल भर में उसे समाप्त कर देता है। ईश्वर की प्रेरणा से ही हमें जीवन में अच्छे कर्म करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कठिन परिस्थिति में भी ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि सुख और दुख जीवन का अभिन्न अंग है संसार में कोई भी इससे वंचित नहीं है। सुख और दुख दोनों भाई हैं यह जीवन में आते रहते हैं सुख में ज्यादा उत्साहित नहीं होना चाहिए तथा दुख में ज्यादा हतोत्साहित भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े संसाधनों से जिस कष्ट को नहीं टाला जा सकता वह हरि भजन से पल भर में टल जाता है।

अनवरत स्पर्श कुष्ठ निवारण अभियान के तहत महिलाओं को संगठित कर बनाया समूह

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान दृष्टि विहार के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को लेकर महात्मा गांधी के शहादत दिवस को लेकर विगत 30 जनवरी से अनवरत स्पर्श कुष्ठ निवारण अभियान कार्यक्रम के तहत आज शाहकुंड प्रखंड के पचरुखी गांव पहुंची ।

इस दौरान स्थानीय इलाके के दर्जनों महिलाओं के साथ संस्था की सदस्यता नम्रता सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में विभिन्न गांव से करीब 150 महिलाओं की उपस्थिति में उनके बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए, महिलाओं से अपील की महिलाएं अपनी बातों को रखने के लिए आगे बढ़े, साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी हर समस्या का साझा कर सकती हैं, चाहे वह स्वास्थ्य से जुड़ी हो या फिर नारी प्रताड़ना को लेकर उक्त सभी समस्याओं से निपटने के लिए स्थानीय महिलाओं की एक समूह का गठन किया गया। वही उन्होंने गठित टीम के साथ साप्ताहिक बैठक करने की बात कही। बैठक में महिलाएं अपनी स्वास्थ्य तथा हर प्रकार की समस्याओं को समूह के समक्ष रखेंगी। उक्त समूह का कार्यभार सोनी कुमारी को दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान सचिव दिलीप कुमार सिंह ने महिलाओं के स्वावलंबन हेतु एक स्किल सेंटर खोलने का वादा किया। वही कार्यक्रम समापन के बाद विभिन्न गांव से आई हुई 150 महिलाओं को संस्था की ओर से भोजन भी कराया गया है। मामले को लेकर सचिव दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि संस्था के द्वारा भागलपुर शहरी क्षेत्र, गांव में तथा संस्था की टोली पटना जंक्शन, हनुमान मंदिर, चिड़िया घर रोड, आर ब्लॉक, बाल महिला विकास केंद्र, दिल्ली, सफदरगंज, आईटीओ, मंडी हाउस, होते हुए उत्तराखंड स्टेट के नैनीताल, रामपुर, ढिकुली, नादिया पड़ाव आदि जगहों पर संस्था की टोली के द्वारा स्पर्श कुष्ठ निवारण अभियान चला, साथ ही लोगों के बीच में मास्क, साबुन, डिटर्जेंट, ब्लीचिंग पाउडर एवं डिटॉल साबुन आदि का वितरण किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी के संदेश -रघुपति राघव राजा राम सबको सन्मति दे भगवान

के संदेश के साथ शाहकुंड प्रखंड के पचरुखी गांव में भव्य समापन किया गया।कार्यक्रम के क्रम में शाजिया खातून ने समापन पर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। विभिन्न गांव से आई हुई 150 महिलाओं का नेतृत्व -नम्रता सिंह, आरती कुमारी, शाजिया खातून, नूतन कुमारी, परवीन बेगम, निखत खातून, आदि महिलाओं ने भरपूर सहयोग दिया।

एपीएचसी में पहली बार शुरू हुआ प्रसव तो गूंजी किलकारी

बोचहा।प्रखंड क्षेत्र के एपीएचसी नरमा में प्रसव कराने की सुविधा शुरू हो गई है। सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अतुल कुमार की मौजूदगी में नर्सो ने पहली महिला का सफलतापूर्वक प्रसव करवाया। महिला शकुंतला देवी पति सुमित मंडल उम्र 24 साल का प्रसव करवाया गया। महिला ने एक नन्हे बच्चे को जन्म दिया है। महिला और शिशु दोनों स्वस्थ हैं। चिकित्सा प्रभारी डा अतुल कुमार ने बताया कि नन्हें का वजन दो किलो सात सौ ग्राम है।

प्रसव कराने का सौभाग्य एनएम विभा कुमारी व जीएनएम ज्योति कुमारी प्राप्त हुआ है। इस मौके पर हेल्थ प्रबंधक आलोक कुमार भी मौजूद रहे। इधर, आरबीएस टीम को आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच में दो मासूम अतिकोपोषित, एक गूंगे बहरे व एक आंख की रोशनी कम होने का मासूम पाया गया। आरबीएस टीम के चिकित्सक डा विनोद कुमार ने बताया कि बुधनगरा गांव में हुई आंगनवाड़ी केन्द्र पर हेल्थ चेकअप के दौरान नागेश्वर पासवान की डेढ़ वर्षीय पुत्र युवराज एवं उमेश पासवान के 1 साल के पुत्र दिलखुश अति कुपोषित पाया गया।

भाकपा माले न्यू डेमोक्रैसी ने मुसहरी सशस्त्र किसान आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भाकपा माले न्यू डेमोक्रेसी प्रखंड कार्यालय गंगापुर में मुसहरी सशस्त्र किसान आंदोलन के महान शहीद राज किशोर सिंह, तस्लीम, रामदेव पासवान, पशुपति नाथ वर्मा, महेश झा, विजय शाह, शंकर शाह, भोला पंडित अशोक सिंह, शंकर साह, महेश ठाकुर ,महेश शर्मा ,देवेंद्र शर्मा ,का शहादत दिवस मनाया गया। 1968 के मुसहरी संघर्ष के साथी रामवृक्ष राम ने राज किशोर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया ।उसके बाद आए पार्टी कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इन शहीदों का उद्देश्य देश में सामंतवाद, साम्राज्यवाद, दलाल और नौकरशाही को ध्वस्त कर गरीब, भूमिहीन ,मजदूर किसान व आम मेहनतकश जनता का राज स्थापित करना था । सशस्त्र किसान आंदोलन ने संशोधनबाद ,नवसंशोधन बाद के बीच स्पष्ट विभाजन रेखा खीच दिया था। आज भी देश में किसान और मजदूर का शोषण जारी है। बड़े पूंजीपति अमीर हो रहे हैं ।बेरोजगारी, बेकारी, महंगाई चरम पर है। वर्तमान मोदी की फासीवाद सरकार बड़े करपोरेटो के लूट के साथ खड़ी है। शोषण विहीन ,वर्ग विहीन समाज की स्थापना करना ही सही सही मायने में उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह संकल्प उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने लिया।इस अवसर पर पार्टी के जिला प्रवक्ता रूदल राम सहित , इस्माइल, सुरेश दास कनौजिया , कृष्णा महतो ,चंदन कुमार ,महादेवी कालो देवी, सुरेश दास कनौजिया आदि उपस्थित थे।

सकरी में लगा महादंगल अखाड़ा, अंतर राज्यीय महिला-पुरुष पहलवानों ने कुश्ती प्रतियोगिता में दिखाए अपने दाव

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के बन्दरा प्रखंड के सकरी कोठी एपीएचसी प्रांगण में रविवार को अंतर राज्य स्तरीय महिला-पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार,यूपी,झारखंड आदि राज्यों के अंतर जिला क्षेत्रों से आए हुए महिला-पुरुष पहलवानों ने अपने-अपने दावं आजमाए। इस दौरान दंगल प्रतियोगिता में कई प्रकार के दाव-पेंच आजमाए जाते रहे। जिसे देखकर यहां मौजूद अंतर जिला क्षेत्रों के महिला-पुरुष सहित विभिन्न आयु वर्गो के दर्शकों में रोमांच बढ़ता रहा।

नगाड़े की चोट,माईकिंग तथा दर्शकों के तालियों के बीच पहलवानों ने अपने दावं एवं ताकत की बदौलत एक दूसरे को पछाड़ देने की हर कोशिश की। जिसे देख दंगल प्रतियोगिता देखने के लिए मुजफ्फरपुर के अलावा पड़ोसी समस्तीपुर एवं दरभंगा जिला क्षेत्र के बंदरा,बोचहां,मुशहरी,गायघाट,कटरा,मुरौल, सकरा, पूसा, कल्याणपुर, सिंघवारा समेत विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। जिसके कारण से सड़कों पर भी काफी देर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गयी।

दिन के 11 बजे के बाद शुरू हुआ दंगल प्रतियोगिता शाम के 4बजे बजे तक (करीब 5 घंटे तक) चलता रहा। इससे पहले दंगल प्रतियोगिता की शुरूआत गायघाट राजद विधायक निरंजन राय ने फीता काटकर किया। उनके साथ राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता,जितेंद्र किशोर,फूलबाबू राय,आफताब आलम,गाजी शाहनवाज, विनय यादव,चन्देश्वर प्रसाद कुशवाहा,उमेश कुशवाहा,रविन्द्र सहनी, अरविंद राय,शौकत अली मुन्ना,शत्रुध्न राय,रत्नेश कुशवाहा,उपप्रमुख उमेश राय,नवीन कुमार सहित आरजेडी की जिला एवं प्रदेश स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों की टीम भी मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड स्तरीय विभिन्न संकायों के प्रतिनिधि-पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर विधायक निरंजन राय ने बताया कि कुश्ती पूर्वजों से हमारा पारंपरिक एवं प्रतिष्ठित खेल रहा है जो अब समाप्ति के दौर में आ चुका है। जिसको जीवंत रखने के लिए इस तरह का आयोजन प्रत्येक साल उनके सानिध्य में यहां कराया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्रीय पहलवानों को बल मिलता है और उनका उत्साह बढ़ता है। उन्होंने बताया कि पहले क्षेत्रीय स्तर पर आयोजन किया गया, फिर अंतर जिला और बाद में अबकी बार अंतर राज्य स्तर पर इसका आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि अगली बार इसको और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा पड़ोसी देश नेपाल से भी पहलवानों को आमंत्रित किया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल भावना से आपसी समन्वय स्थापित होती है।भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के साथ लोग आपस में मिलते हैं।सामाजिक समरसता को बल मिलता है और इलाके का नाम भी राष्ट्रीय पटल पर आता है।खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए उन्होंने क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण कराने की भी घोषणा की।

राहुल हत्याकांड की विशेष जांच दल गठन कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल का दौरा कर जिला के कॉटी नगर पंचायत के वार्ड संख्या बारह स्थित कोठिया में विगत 9 फरवरी को लालबाबु सहनी के सत्रह वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े हत्या किए जाने का तीखी भर्त्सना की।

विदित हो कि राहुल स्थानीय चौक से खरीदारी कर पैदल घर लौट रहा था इस दौरान सड़क पर ही चार बाइक पर सवार सात अपराधकर्मियों ने अंधाधुंध फायरिंग करते हुए हत्या कर दी। इस लोमहर्षक हत्या से गाँव में दहशत का माहौल कायम है और ग्रामीण खौफजदा हैं। दुर्भाग्यवश कुछ निहित स्वार्थी तत्व इस घटना का अपना हित साधने में इस्तेमाल करने में प्रयासरत है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल घटनास्थल पर तहकीकात के दौरान मृतक के परिजनों तथा प्रत्यक्षदर्शियों से सम्पर्क करने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस हत्याकांड का विशेष जांच दल का गठन करने, हत्याकांड में गिरफ्तार दोनों अपराधियों की फॉरेंसिक वैज्ञानिक विधि से जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा हत्या में शामिल तमाम अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा सुनिश्चित करने की मांग किया है।। पार्टी ने मामले की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करने तथा मृतक के परिजन को दस लाख रुपये मुआवजा की राशि भुगतान करने एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भीस्र मांग की है।

NIOS से प्रशिक्षित शिक्षकों का विभागीय पत्रांक-375 दिनांक-16.08.2017 के आलोक मे पुनः वेतन निर्धारण की मांग

गया।एनआईओएस से प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने अपर मुख्य सचिव,शिक्षा विभाग एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा को पत्र लिखकर समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

निम्नांकित बिन्दुओं पर ध्यानाकृष्ट करवाते हुए श्री ठाकुर ने यथाशीघ्र इसके समाधान को लेकर दोनो विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है।

1. केंद्रीय अध्यादेश जिसमे दिनांक-31.03.2019 तक सभी अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षित होने का अध्यादेश है जिसे शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के उपर्युक्त आदेशानुसार हमलोग प्रशिक्षित हुए हैं।

2. संबंधित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका मे वेतन निर्धारण उपर्युक्त मापदंडों को दृष्टिगत करते हुए सेवा निर्धारण दिनांक-31.03.2019 को होना चाहिए परन्तु विभागीय पदाधिकारियों के लापरवाही या गलत आदेशानुसार 22.05.2019 से सेवा पुस्तिका संधारित हुआ।

3. साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा ठक्कर प्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन निर्धारण अलग-अलग तिथियों मे किया गया जो उपर्युक्त अध्यादेश एवं शिक्षा विभाग के पत्र के विपरीत है।

अंत मे श्री ठाकुर ने निदेशक प्राथमिक शिक्षा एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग से ठक्कर प्रशिक्षित शिक्षकों का 31.03.2019 से वेतन निर्धारण कराने का आदेश जारी करने की मांग किया ताकि अलग-अलग जिलों मे वेतन निर्धारण करने मे भ्रम की स्थिति से बचा जा सके एवं 31.03.2019 तक प्रशिक्षण प्राप्त/उत्तीर्ण शिक्षकों के साथ प्रतिमाह हो रहे आर्थिक नुकसान की भरपाई की जा सके।

शराब और बाईक के साथ एक शराब तस्कर हुआ गिरफ्तार

मधुबनी/जयनगर। जयनगर थाना पुलिस के द्वारा नेपाल निर्मित तस्करी के शराब एवं एक बाईक के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ़्तार किया।जयनगर पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के द्वारा शराब मामले में कई गई करवाई को लेकर थाना अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पुलिस पदाधिकारी सुप्रिया कुमारी और बीएमपी पुलिस बल के द्वारा थाना क्षेत्र में गस्ती और वाहन चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के रजिस्ट्री ऑफिस के सड़क के समीप एक पर बाईक पर लदी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ़्तार किया। जब्त शराब में 240 बोतल नेपाली देशी शराब है।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व रैडियोलाजिस्ट डा के पूत्र परिवार पर सांसद गया ने गहरी शोक व्यक्त किया -विजय मांझी

गया। मगध मेडिकल कॉलेज के पूर्व रेडियोलॉजिस्ट रहे और मगध कॉलोनी निवासी रामजी सिंह के चिकित्सक पुत्र राहुल हर्षवर्धन, उनकी पत्नी, पुत्र के निधन पर सांसद विजय कुमार ने गहरा शोक प्रकट किया है। सांसद ने घटना को हृदयविदारक बताते हुए कहा कि दिल्ली प्रवास पर होने के कारण घटना की जानकारी देर से प्राप्त हुआ। लोकसभा के बजट सत्र के समाप्ति के बाद गया लौटते ही शोकाकुल परिवार से मुलाकात घटना की जानकारी लूँगा। सामाजिक क्षेत्र के दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि मेरे गृह प्रखंड के वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश सिंह के करीबी रिश्तेदार साथ घटित घटना से मन काफी व्यथित है। इलाके ने अनुभवी चिकित्सक और एक होनहार पुत्र खोया है। उनके पिता रामजी सिंह सहित शोकाकुल परिवार को ईश्वर हिम्मत प्रदान करें। मेरी सम्वेदना शोकाकुल परिवार के साथ है।

घर में लगी आग सब कुछ जलकर राख।

संग्रामपुर (मुंगेर)।रामपुर पंचायत के वार्ड नंबर 14 में मुस्लिम मोहल्ला मस्जिद के पास डब्लू खान के घर में आग लगने से हजारों रुपए का समान जलकर राख। इस आग में करीब एक दर्जन कबूतर,मुर्गा की झुलस कर मौत हो गई, वही बकरी और समान बचाने में छोटू खान और डब्लू खान पैर जल गया। डब्लू खान ने बताया कि घर में रखा चावल, कपड़ा,जनरेटर, एवं अन्य सामान जलकर राख हो गया तो वही बकरी भी झुलस गई मेरा पैर एवं छोटू खान का पैर जल गया जिसका इलाज स्थानीय लोगों से कराया गया। बबलू खाने कहां है इस अगलगी में घर में रखा कबूतर और मुर्गा भी जलकर राख हो गया मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार राय ने आग लगने की खबर अंचलाधिकारी स्नेहा सत्यम को दी, सीओ स्नेहा सत्यम ने आग लगने की खबर सुनकर राजस्व कर्मी को जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

बाईक सवार अपराधियों ने शिक्षिका से 80 हजार रुपए लूटे

मुजफ्फरपुर।महुआ - मुजफ्फरपुर मार्ग पर मनियारी थाना क्षेत्र के महंत मनियारी स्थित एसबीआई बैंक शाखा से दक्षिणी दिशा में पलसर सवार दो अपराधियों ने सोमवार की दोपहर शाहपुर मरीचा स्कूल के शिक्षिका से अस्सी हजार रुपए छीन लिया. ।घटना के समय शिक्षिका बैंक से अपने रुपए की निकासी करके घर के लिए ऑटो पकड़ने जा रही थी।.बताया जा रहा है कि पल्सर बाइक सवार दो अपराधी पीछे से आया और झपट्टा मारकर शिक्षिका के हांथ से रुपए से भरा बैग छीनकर भाग चला।पीड़ित शिक्षिका हाई स्कूल शाहपुर मरिचा में कार्यरत है।.पुत्र की बेहतर पढ़ाई के लिए पटना स्थित शिक्षण संस्थान में फीस जमा करने के लिए रुपए की निकासी की थी।.पीड़िता ने मामले को लेकर थाना में आवेदन देने की बात बताई है. ।सूत्रों की मानें तो उक्त मामले में पुलिस ने करवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ में मिली सुराग से पुलिस ताबतोड़ छापेमारी कर रही है. ।देर शाम तक पुलिस पीड़िता को भी थाने पर बैठाकर बदमाशों की पहचान के लिए रखा हुए थी। थानेदार कुमार संतोष रजक ने छिनतई की घटना की पुष्टि की है लैकिन पुलिस हिरासत में लिए गए दो संदिग्धों की पुष्टि नहीं किया है.।

भारतीय जनता पार्टी का मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

नासरीगंज(रोहतास):- नगर के वार्ड 08 माली टोला स्थित एपेक्स कोचिंग क्लासेज में भारतीय जनता पार्टी का मंडल कार्यसमिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार और संचालन प्रखंड अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय ने किया। बैठक की शुरूआत भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं धुपोद्विप करके की गई। मंडल कार्यसमिति बैठक में भाजपा को मजबूत करने एवं तन, मन और धन से निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा का संकल्प लिया गया। इस बैठक में शक्ति केन्द्र विस्तारक को बुथ कमिटी, पन्ना प्रमुख बनाने, सरल एप्प डाउनलोड कराने एवं प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री की बात को प्रत्येक बुथों पर सुनने पर चर्चा की गई। देवतुल्य सभी बुथ अध्यक्षों को इन सभी कार्यो को समयान्तर्गत पुरा करने की जिम्मेवारी होगी। इस बैठक में प्रखण्ड प्रभारी अमित कुशवाहा, जिला सह संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ सुरेश पाण्डेय, रघुनाथ शरण गुप्ता, बंशीधर कुशवाहा, ददन सिंह, ललन पंडीत, रौशन कुमार सिंह, जय सियाराम, संदीप बहादुर सिंह, राजीव गौतम, अनिल यादव, गोलु उपाध्याय, अमित शर्मा, मनु भगत, मुना गुप्ता एवं लल्लू साह के साथ बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के मुजफ्फरपुर आगमन से जनप्रतिनिधियों में जगी उम्मीद

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा।समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मुजफ्फरपुर आ रहे हैं। वे यहां विकास योजनाओं की स्थिति का जायजा लेंगे और आम जनता से संवाद भी करेंगे। उनके आगमन को लेकर जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी तक सभी युद्धस्तर पर जितने भी सरकारी भवन है उनको रंग रोगन कर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इतना ही नहीं जिन -जिन रास्तों से बिहार के मुखिया नीतीश कुमार का काफिला गुजरेगा ,उस सड़कों के छोटे छोटे गढ़ों को ढूंढ कर भरने का कार्य किया जा रहा है।

वहीं आथर पुल के आधे अधूरे एप्रोच पथ का निर्माण एक दो साल नहीं, पिछले आठ साल से अधूरे पड़े एप्रोच पथ को पूरा करने के लिए भरोसा दिला रही शासन, प्रशासन व निर्माण एजेंसी के खिलाफ आथर ग्रामवासीयों का सब्र का बांध टूट रहा है और अपना दर्द बयां करने के लिए मंगलवार को समाधान यात्रा के दौरान सीएम से मुलाकात करेंगे। सोमवार को पंचायत के मुखिया सुरेश चौधरी ने विधायक अमर पासवान से मिलकर आथर पुल के अधूरे पड़े एप्रोच पथ को लेकर मुलाकात किया है और वस्तुस्थिति से अवगत कराया है।

मुखिया सुरेश चौधरी ने बताया कि वर्ष 2014 में बूढ़ी गंडक नदी के आथर घाट पर शुरू हुआ पुल निर्माण के कार्य में पुल बनकर तैयार हो गया, लेकिन एप्रोच पथ का निर्माण अधूरे पड़ा हुआ है। निर्माण एजेंसी कालीकरण का काम एक लेयर करके छोड़ दिया और काम बंद करके फरार है। स्थिति है कि गुणवत्ता पूर्ण काम नहीं होने के कारण एक लेयर चढ़ाई गई गिट्टी बिखरने लगा है। पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही भी अभी नहीं हुआ है, इससे पहले ही पुल की गिट्टी उखड़ने लगा है और पुल के उतरी छोड़ से चौथे एक स्पेन की ऊपरी सतह पर लोहे की पट्टी डालकर बनाई गई ज्वाइंट उखड़ गया है। इधर रामपुर जयपाल पंचायत के सरपंच संघ अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में न्याय मित्र की बहाली नहीं हुई है बगैर न्याय मित्र के ग्राम कचहरी चलने से कठिनाइयों का सामना हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिले में मुख्यमंत्री का आगमन से पंचायतों का कायाकल्प हो रहा है बोचहां प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में समाधान यात्रा का प्रोग्राम होता तो जिस तरह मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर दोनों पंचायतों को चमकाया जा रहा है साथ ही सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतार दिया जा रहा है उसे देखकर आसपास के गांव के लोग कहने पर विवश हो गए कि एक बार मुख्यमंत्री हमारे गांव में भी आ जाते तो उनके गांव की सूरत बदल जाती।

इधर, विधायक अमर पासवान ने कहा कि पंचायत के मुखिया संग आथर ग्रामवासी का दर्द जायज है। मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराए है। समाहरणालय मे सीएम के साथ होने वाली बैठक में समस्या को रखा जाएगा। इसमें आथर पुल के अलावे गरहा हथौड़ी मार्ग पर लटका सनाठी पुल, चंदवारा व मुसहरी में विश्वनाथ साहनी के घर से रजवाड़ा बांध तक अधूरे पड़े एप्रोच पथ के बारे में सीएम को अवगत कराया जाएगा।

पुल पर आवागमन शुरू होने से 40 से 50 किलोमीटर पटना की दूरी होगी कम

आथर घाट पर पुल पर से आवागमन शुरू होने के बाद दरभंगा से पटना जाने वाले लोगों को 40 से 50 किलोमीटर दूरी कम हो जायेगा। इस पर आवागमन शुरू होने से सबसे ज्यादा कटरा, गायघाट, औराई, बोचहा, बंदरा व आसपास प्रखंड के लोगों को काफी सहूलियत होगी। सरकार की योजना है कि इस पुल को 57 के मैथी टाल प्लाजा व समस्तीपुर सड़क से जोड़ा जाएगा। इसी से पटना जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। लेकिन अधूरे पड़े काम से ग्रामीणों का सपना अधूरा पड़ा हुआ है।

पर्याप्त संख्या में तेज तर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो की हुई प्रतिनियुक्ति

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिला अरविंद कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 का जिले में कदाचारमुक्त एवम शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजन को लेकर संयुक्त आदेश जारी कर पर्याप्त संख्या में तेज तर्रार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। जिले में कुल 61 परीक्षा केंद्रों पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 (मैट्रिक) 14 फरवरी 2023 से शुरू होकर 22 फरवरी 2023 तक आयोजित होगी। इसके सफल आयोजन के लिए सदर अनुमंडल के अंतर्गत 28 बेनीपट्टी अनुमंडल के अंतर्गत 06 जयनगर अनुमंडल अंतर्गत 05 झंझारपुर अनुमंडल अंतर्गत 16 एवं फुलपरास अनुमंडल अंतर्गत 06 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मैट्रिक परीक्षा के कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों से संबंधित केंद्राधीक्षक स्टेटिक दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।बताते चलें कि प्रथम पाली में परीक्षा का आरंभ पूर्वाहन 9:30 बजे से तथा द्वितीय पाली में परीक्षा का प्रारंभ अपराहन 1:45 से होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए आवागमन के दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कठिनाई ना हो इसके लिए विशेष रुप से ट्रैफिक पुलिस की प्रतिनियुक्ति की गई है।परीक्षा के दिन सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर की परिधी में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू होगी।डीएम-एसपी स्वयं परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा का जायजा लेंगे। डीएम ने परीक्षा के दैरान सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखने का निर्देश दिया है।

देश में लोकतंत्र है इस लोकतंत्र में जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में बिहार सरकार विफल है: आर पी सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/हवेली खड़गपुर। देश में लोकतंत्र है इस लोकतंत्र में जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में बिहार सरकार विफल है जनता के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वासघात किया है बिहार की जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी 40 हजार करोड शिक्षा पर प्रतिवर्ष खर्च किया जा रहा है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए खड़कपुर अनुमंडल क्षेत्र के खंड बिहारी बेसिक स्कूल में कही।

उन्होंने कहा कि सरकार आज पुलिस को अपराध नियंत्रण पर नहीं लगाकर बल्कि रोड पर चलने वाले आम जनता के मुंह सूंघने पर लगाया है शराब बंदी कानून पुलिस की संचिकाएं में सिमट कर रह गई है जनतांत्रिक व्यवस्था को मुख्यमंत्री के कार्य से आधार पहुंच रही है। अपराध नियंत्रण पर कोई कार्यवाही ना होती है सिर्फ शराब पर ही मुख्य फोकस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जमीन पर लोकतंत्र तभी होगा जब पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जिला परिषद का अधिकार पंचायती राज व्यवस्था पर कर दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसानों को काफी फायदा होगा जैविक खेती काफी खचीर्ली है। श्री सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई ऐसी फैक्ट्री नहीं है जो 5 दिनों में केंचुआ खाद तैयार कर सके रासायनिक खाद और कीटनाशक के प्रयोग से हमारी खेत बंजर बन रही है किसानों को सरकार मनरेगा की राशि किसानों की खेती के लिए सीधे किसानों के खातों में भेजें , तभी किसानों की आय दोगुनी हो सकती है। पूरे बिहार में उर्वरकों की कालाबाजारी की और मारामारी हो रही है।

आरपी सिंह ने कहा कि बिहार में मेधावी की कमी नहीं है सरकार उन मेधावियों को व्यवस्था नहीं कर पा रही है। उद्योग के मामले में उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के नाम पर सरकार 17 वर्षो से विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने का गाना गा रही है। श्री सिंह ने कहा कि कई राज्यों उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब छत्तीसगढ़ आदि कई प्रदेशों का नाम लेकर कहा कि उन्हें कोई विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया गया है फिर भी राज्य में उद्योग का जाल बिछा हुआ है। बिहार बदलो कार्यक्रम की अध्यक्षता जिच्छु मंडल ने की संचालन अमन चौधरी कर रहे थे। इस मौके पर निरंजन कुमार वासदेव , चंडी मंडल सत्य प्रकाश, प्रीतम सिंह आदि ने सभा को संबोधित किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उनके भाषण सुनने के लिए आए।

संवाद कार्यक्रम का आयोजन

सासाराम। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ,जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में आज कृषि और स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के अभिभावकों के साथ कुलाधिपति ने संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया ।कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की आज देश में कृषि को प्रमुखता की दृष्टि से नहीं देखा जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है ।उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि उनके घर के बच्चे जो आने वाले समय मेंकृषि स्नातक होने जा रहे हैं उनसे समाज एवं देश के हित में नए-नए कृषि अनुसंधानों को अपनाने तथा उस पर अध्ययन करके आसपास के क्षेत्रों को कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुरातन काल में भारत कृषि के बदौलत ही सोने की चिड़िया था और सोने की चिड़िया को लूटने के ख्याल से ही विभिन्न देशों के आक्रमणकारी यहां आते गए और भारत को लूटते गए ।उस समय न तो कोई उद्योगधंधा था और ना ही इतनी वैज्ञानिक क्षमताएं थी ।इसके बावजूद कृषि पर ही आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉक्टर जगदीश प्रसाद सिंह ने अभिभावकों से अनुरोध किया की निश्चित रूप से अपने बच्चों को अनुसंधान के क्षेत्र में प्रेरित करें तथा नई टेक्नोलॉजी पर आधारित कृषि के लिए उन्हें हर संभव मदद करें। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह, सहायक कुलसचिव मिथिलेश कुमार सिंह, कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ ए पी सिंह, शिक्षक गण एवं कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में एमएलसी ने उठाया शिक्षकों का मुद्दा

सासाराम।समाधान यात्रा के तहत सोमवार को शहर में पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष एमएलसी संजीव श्याम सिंह ने शिक्षकों के कई मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया. जिसमें रोहतास जिला के नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत से आठ किलोमीटर की परिधि में अवस्थित विद्यालय के शिक्षकों का मकान किराया भत्ता जून 2022 से क्रमशः 4% एवं 2% काट कर भुगतान किया जा रहा है जबकि इसके पूर्व क्रमशः 8% एवं 6% भुगतान किया जाता रहा है। इससे करीब पांच हजार से अधिक शिक्षकों के एचआरए का भुगतान लंबित है. एमएलसी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने तत्काल विभागीय सचिव से बातचीत कर मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिए. वहीं एमएलसी ने वित्तरहित कालेजों में समय से अनुदान का भुगतान नहीं होने और परीक्षाफल पर आधारित अनुदान नीति की समीक्षा की मांग की. इसके साथ जिला में नगर निगम,नगर परिषद नियोजन इकाइयों के शिक्षकों की समस्याओं में वेतन सत्यापन,योग्यता विस्तार, का आवेदन लंबित है।मातृत्व अवकाश और वरीयता का लाभ समय से नही मिलने को लेकर सवाल उठाया. मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को लेकर अपर मुख्य सचिव, डीएम और विभाग के स्थानीय अधिकारियों को शिक्षकों को मिलने वाले लाभ और भुगतान को ससमय करने का स्पष्ट निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जब शिक्षकों के भुगतान के लिए मुख्यालय से राशि समय पर आवंटित होती है तो स्थानीय स्तर पर भुगतान में लापरवाही या जानबूझ कर देरी कार्यशैली में लापरवाही उजागर करता है.वहीं एमएलसी संजीव श्याम सिंह ने जिला के अन्य नियोजन इकाइयों के अलावा सासाराम नगर निगम व नगर परिषद नियोजन इकाईयों के अंतर्गत सैकड़ों शिक्षकों का वेतन सत्यापन और योग्यता विस्तार के मामले को भी जोर- शोर से उठाया, जिनके आवेदन वर्षो से शिक्षा विभाग व नियोजन इकाइयों में लंबित पड़े हुए है।

स्वामी सहजानंद सरस्वती जंयती पर पटना चलने का आव्हान किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

बोलागंज। एतिहासिक नेयामतपुर आश्रम मे स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती को लेकर पार्टी की ओर से आश्रम समिति को आमंत्रित करने भाजपा के वरिष्ठ नेता कुमार कुमार सत्यशील के नेतृत्व भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पहुँचा है।इस आगामी 25 फरवरी को पटना के बापू सभागार में आयोजित उस समारोह आश्रम समिति को आमंत्रित करने का फैसला पार्टी की ओर किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि स्वामी की के अनन्य सहयोगी रहे पंडित यदुनंदन शर्मा जी के कर्मस्थली से भी लोग इस कार्यक्रम पहुंचे और उनके विचारों को भारत सरकार तक पहुंचाने का एक बड़ा माध्यम भी हो सकता है। यह कार्यक्रम के संयोजक राज्यसभा सदस्य विवेक ठाकुर हैं और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं। इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक सदस्य सरोज सिंह ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के संयोजक राज्यसभा सांसद के पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर लम्बे समय तक यह निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाते रहे हैं। समिति की इच्छा है कि 25 फरवरी से पहले सांसद विवेक ठाकुर का आगमन इस एतिहासिक आश्रम हो। ताकि पटना के कार्यक्रम के से पहले यहां के एतिहासिक महत्त्व को भी जानकारी उनके माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाने का प्रयास हो। ताकि इसका भी विकास हो सके। जिस पर भाजपा नेताओं ने विवेक ठाकुर के यहां बुलाने का हर सम्भव प्रयास का भरोसा दिया है।

इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रविशंकर कुमार, ट्रस्ट के सदस्य रामप्रवेश सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार मिश्रा, रामाश्रय सिंह कुनाल किशोर, भाजपा नेता धनंजय शर्मा राजेश कुमार राहुल परमार,शशि भूषण सिंह सुबोध कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

सरोजिनी नायडू की जयंती पर पुरखा पुरनिया संवाद आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।आज मालीघाट में सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा 'भारत कोकिला' स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू कीजयंती पर पुरखा पुरनिया संवाद का आयोजन किया गया। अध्यक्षता लोक कलाकार सुनील कुमार ने की।अपने अध्यक्षीय संबोधन मे उन्होने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू के जन्मदिन को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में जाना जाता हैं। आज ही के दिन 13 फरवरी स्वतंत्रता सेनानी और कवयित्री सरोजिनी नायडू का जन्म हुआ था। सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही स्त्रियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली प्रमुख कार्यकर्ता थीं। उन्हें 'नाइटेंगल ऑफ इंडिया' और 'भारत कोकिला' के रूप में भी जाना जाता है।

परफेक्ट सॉल्यूशन सोसाइटी के सचिव अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि सरोजिनी नायडू को देश की पहली महिला राज्यपाल होने का गौरव भी हासिल है। सरोजिनी नायडू 12 साल की उम्र से ही कविताएं लिखनी शुरू कर दी थीं। शिक्षा हासिल करने के दौरान ही वे राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ गईं और उसमें सक्रिय रूप से भाग लिया। महात्मा गांधी, जवाहल लाल नेहरू समेत तमाम बड़े नेता उनकी नेतृत्व क्षमता के कायल थे और उनका बहुत सम्मान करते थे। सरोजिनी नायडू ने औरतों को शिक्षा दिलाने और समाज में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए काफी संघर्ष किया।

सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी ने बताया कि सरोजिनी नायडू महिला अधिकारों की प्रबल समर्थक थीं। उन्होंने उनकी शिक्षा और समाज में उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए काफी प्रोत्साहन दिया।

सेवादार मंच के अध्यक्ष अविनाश कुमार ने कहा कि

भारतीय महिला संघ और अखिल भारतीय महिला सम्मेलन ने साल 2014 से इस दिवस को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया। धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक कांता देवी ने दिया।

यौन और प्रजनन :स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

सासाराम।यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवम अस्पताल, जमुहार के कम्यूनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के तत्वावधान में आज रोहतास जिला के अंकोढीगोला प्रखंड के गोपी बीघा गाँव और जिला मुख्यालय सासाराम में स्थित बौलिया रोड बस्ती मे स्वास्थ्य एवम जनजागरुकता शिविर का आयोजन किया गया ' शिविर में आये लोगों को यौन और प्रजनन रोग का संक्रमण, उपचार और प्रतिरोध के बारें में बताया गया ' सामाजिक प्रतिष्ठा और लज्जा की वजह से लोग इसके बारे में खुल कर सामने आने मे संकोच करतें है जिसके वजह से यह बीमारी आज देश मे भयानक रूप ले चुकी है ' स्वास्थ्य शिविर में लोगों को इस बीमारी के बारे मे जानकारी दी गयी साथ ही उनके स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की गयी और दवा भी उपलब्ध कराई गयी।

ग्रामीण स्वास्थ्य एवम प्रशिक्षण केंद्र, अंकोढीगोला एव शहरी स्वास्थ्य एवम प्रशिक्षण केंद्र, सासाराम के चिकित्सकों एवम मेडिकल छात्रों द्वारा पोस्टर के माध्यम से आम लोगों को इस बीमारी के बारें मे जागरुकता की गयी ' सरकार की तरफ से इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए जो सुविधायें सरकारी स्वास्थ्य केंद्र मे उपलब्ध हैं उसके बारे मे भी ग्रामीणों को जानकारी दी गयी ' इसी कार्यक्रम मे विभाग के अध्यक्ष डा एच. के. सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम के संचालन विभाग के सहायक प्राध्यापक डा रक्षिता ओझा व डा संतोष नायक ने किया ' कार्यक्रम के संचालन में विभाग के सहायक प्राध्यापक डा नवीन कुमार, डा राहुल चंद्रा, डा स्वेता सुमन, डा एन के जोशी, डा श्यामा एवम विभाग के सभी कर्मचारियों ने भरपूर योगदान दिया।

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री का रोहतास जिले में भव्य स्वागत

शराबबंदी पर वायरल गर्ल सलोनी का गाना सुन दंग रह गए सीएम, छात्रावास व सरोवर का उद्घाटन कर आला अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। समाधान यात्रा के तहत सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोहतास पहुंचे। जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कार्यकताओं ने फूलमाला से उनका भव्य स्वागत किया। एक घण्टे देरी से सासाराम के मोकर पंचायत में हेलीकॉप्टर से पहुंचे मुख्यमंत्री के समर्थन में वहां मौजूद लोगों ने जमकर नारे लगाए। प्रधानमंत्री कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो, नीतीश कुमार जिंदाबाद आदि नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार सर्वप्रथम सासाराम प्रखंड अंतर्गत मोकर में संचालित पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका उच्च विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने निकले। जहां उन्होंने नवनिर्मित गंगा छात्रावास सहित अन्य भवन व परिसर में स्थित एक तालाब का उद्घाटन किया। इसके बाद वहां उपस्थित छात्राओं से रूबरू होते हुए मुख्यमंत्री ने वायरल गर्ल सलोनी का गाना भी सुना तथा उसे शाबाशी देते हुए सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र के बाद मुख्यमंत्री सीधे सेमरा हाई स्कूल के प्रांगण में पहुंचे। जहां जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का उन्होंने निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित एक भारी जनसमूह का अभिवादन स्वीकार करते हुए सीएम ने उनकी समस्याओं को भी सुना। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों के समर्थन में कई आवेदन पत्र सौंपे। जिसे सीएम ने संबंधित अधिकारियों को थमाते हुए लोगों को आश्वस्त किया। वहीं निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के समर्थन में लगातार नारेबाजी होती रही तथा सीएम ने हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री जिला समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए संवाद कक्ष के लिए निकल गए। जहां उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, बिहार सरकार के मंत्रियों एवं जिले के आला अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की तथा तकरीबन 1 घंटे की बैठक के बाद बाहर आकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीधे मीडिया से मुखातिब हुए।

हालांकि समाधान यात्रा के संदर्भ में पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए सीएम शराबबंदी एवं अवैध बालू खनन के सवाल पर कन्नी काटते नजर आए तथा जवाब दिए बगैर हीं औरंगाबाद के लिए निकल गए। गौरतलब हो कि रोहतास जिले में मुख्यमंत्री का समाधान यात्रा पहले चार जगहों पर निर्धारित किया गया था। लेकिन किन्ही कारणों से जिला प्रशासन द्वारा बिक्रमगंज अनुमंडल के नोनहर पँचायत भवन प्रांगण एवं संझौली प्रखंड में आगमन को रद्द कर दिया गया। सूत्रों की माने तो दोनों जगहों पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियों द्वारा शराब बंदी को लेकर आक्रोश की आशंका जतायी जा रही थी। जिसके कारण संभवतः नोनहर पँचायत व संझौली का दौरा रद्द कर दिया गया। समाधान यात्रा के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी, उदय नारायण चौधरी, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, मंत्री अनिता देवी, विधायक संतोष मिश्रा, विधायक राजेश कुमार गुप्ता सहित अन्य नेतागण व जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे।

चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिसः मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा के दौरान जिला मुख्यालय सासाराम सहित सभी कार्यक्रम स्थलों एवं सड़कों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मुख्यमंत्री के आगमन से चंद मिनट पहले हीं सासाराम आरा पथ को बंद कर दिया गया। जिससे लगभग 2 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। मुख्यमंत्री के काफिले के लिए सड़कों पर बांस बल्ले से बैरिकेडिंग की गई थी। वहीं जगह जगह दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती भी देखी गई। सीएम के कार्यक्रम को लेकर मुख्य सड़क के बाधित होने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

जिले में लोगों का मिला भरपूर साथः रोहतास जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा के दौरान लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक लोगों की भारी भीड़ मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखी। हेलीपैड पर उतरते ही नीतीश कुमार को पार्टी कार्यकताओं ने चारों ओर से घेर लिया तथा फूल माला से उनका स्वागत कर जमकर नारेबाजी की। साथ हीं सेमरा हाई स्कूल के प्रांगण स्थित कार्यक्रम स्थल पर भी जनसमूह में गजब का उत्साह देखा गया तथा लोगों ने अपने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए नीतीश कुमार जिंदाबाद के खूब नारे लगाए।

संक्षिप्त खबरें

एफटी की बिजनेस स्कूलों की रैंकिंग, आईएसबी देश में पहले नंबर पर

फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) ग्लोबल एमबीए-2023 रैंकिंग में भारतीय बिजनेस स्कूलों में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) शीर्ष पर रहा है। हालांकि, इस वैश्विक सूची में आईएसबी इस साल 32वें स्थान से फिसलकर 39वें स्थान पर आ गया है। वैश्विक रैंकिंग में अहमदाबाद, बेंगलुरु, कलकत्ता, इंदौर और लखनऊ के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) को भी जगह मिली है। ह्यफाइनेंशियल टाइम्सह्न की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल रैंकिंग में आईआईएम-अहमदाबाद की स्थिति सुधरी है और वह 2022 के 62वें से 51वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, जब देश के बिजनेस स्कूलों (बी-स्कूल) की बात आती है, तो आईएसबी पहले स्थान पर कायम है। वैश्विक स्तर पर बिजनेस स्कूलों में आईएसबी शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय बिजनेस स्कूल है। एशिया में यह छठे स्थान पर है।

जी20 कृषि उपप्रमुखों की पहली बैठक इंदौर में शुरू

भारत की जी20 की अध्यक्षता में कृषि उपप्रमुखों की पहली बैठक सोमवार को यहां शुरू हुई। तीन दिन की इस बैठक में जलवायु स्मार्ट पहल और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मोटे अनाज पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण मोटे अनाज और मूल्य वर्धित उत्पादों के अलावा पशुपालन और मत्स्यपालन से संबंधित स्टाल रहेंगे। तीन दिन के इस कार्यकम में जलवायु स्मार्ट पहल, छोटे किसानों के साथ कृषि विपणन सूचना तंत्र द्वारा जलवायु स्मार्ट प्रौद्योगिकी को अपनाना, गेहूं से संबंधित पहल, कृषि जोखिम प्रबंधन और खाद्यान्न की बबार्दी रोकने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दूसरे दिन बैठक में मौजूद रहेंगे।

जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का उत्पादन जनवरी में 15 प्रतिशत बढ़ा

जेएसडब्ल्यू स्टील का जनवरी माह का कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 18.91 लाख टन पर पहुंच गया। जनवरी, 2022 में कंपनी का उत्पादन 16.46 लाख टन रहा था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि एकल आधार पर जनवरी, 2023 में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 18.91 लाख टन पर पहुंच गया। जनवरी, 2023 में कंपनी का क्षमता इस्तेमाल 99 प्रतिशत रहा, जो जनवरी, 2022 में 96 प्रतिशत था।

अडाणी की कंपनियों के शेयरों में सुबह के कारोबार में गिरावट, अडाणी एंटरप्राइजेज चार प्रतिशत टूटा

अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को सुबह के कारोबार में भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने समूह की चार कंपनियों के परिदृश्य को ह्यस्थिरह्न से ह्यनकारात्मकह्न कर दिया है। इसका असर सुबह के कारोबार में समूह की कंपनियों पर दिखा। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर सुबह के कारोबार में 4.32 प्रतिशत के नुकसान से 1,767.60 रुपये पर आ गया। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन 2.56 प्रतिशत के नुकसान से 568.90 रुपये पर कारोबार कर रहा था। समूह की कई कंपनियों के शेयर अपने निचले सर्किट को छू गए। अडाणी पावर 156.10 रुपये पर, अडाणी ट्रांसमिशन 1,126.85 रुपये पर, अडाणी ग्रीन एनर्जी 687.75 रुपये पर और अडाणी टोटल गैस 1,195.35 रुपये पर आ गया। इन सभी शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर अंबुजा सीमेंट्स 3.34 प्रतिशत टूटकर 349 रुपये, अडाणी विल्मर 3.31 प्रतिशत टूटकर 421.65 रुपये, एनडीटीवी 2.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 203.95 रुपये पर आ गया।

"उत्तम" यूपी को मिले 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव : योगी

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर प्रदेश को निवेश के लिये सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य होने का भरोसा दिलाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में प्रदेश को 33.50 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले है जिससे 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। तीन दिवसीय समिट के समापन समारोह को संबोधित करते हुये श्री योगी ने दस पार्टनर कंट्री समेत 40 देशों से आये प्रतिनिधियों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशी राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। उन्होने कहा कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए निवेश मिले हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भो पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो

सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश महाकुंभ को 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई ऊंचाई प्रदान की। विगत नौ वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस बढ़े सम्मान का लाभ ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश को भी मिला है। वैश्विक समुदाय निवेश के सबसे अच्छे गंतव्य उत्तर प्रदेश के प्रति आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राचीनकाल से ही आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है। विश्व की सबसे प्राचीन नगरी, काशी का बाबा विश्वनाथ धाम पूरी दुनिया को आकर्षित करता है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या हो या कान्हा मथुरा वृंदावन यूपी में है। गंगा, जमुना और सरस्वती की त्रिवेणी, कुंभ की धरती प्रयागराज भी यही है। भगवान बुद्ध की साधना स्थली, बाल्यकाल का क्षेत्र, प्रथम उपदेश की प्रथम भूमि और महापरिनिर्वाण स्थली भी यूपी के सौभाग्य में शामिल है। या विद्या की धरती है तो विशिष्ट पहचान रखने वाले परंपरागत उद्यम के आकर्षण की भी धरती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पाद, परंपरागत उद्यम को ओडीओपी से जोड़कर इन उद्यमों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दुनिया की सबसे उर्वरा भूमि है। दुनिया के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी आबादी उत्तर प्रदेश में निवास करती है। सबसे बड़ी युवा शक्ति उत्तर प्रदेश में ही है। उन्होंने कहा कि 6 वर्ष पूर्व तक उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य जाना जाता था। अपने पुरुषार्थ और परिश्रम से उत्तर प्रदेश के नागरिकों ने बीमारू राज्य के दंश को मिटाने का संकल्प लिया। 25 सेक्टर चिह्नित कर पारदर्शी नीतियां बनाई और आज उसका परिणाम है कि वैश्विक निवेशक समुदाय यहां निवेश करने को तत्पर है। सीएम योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मार्गदर्शन देने व सहभागी बनने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के साथ ही केंद्रीय मंत्रीगण राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, श्रीमती स्मृति ईरानी, अश्वनी वैष्णव, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, सभी 10 साझीदार देशों, डेनमार्क, यूएई, यूके के मंत्रियों, नौ देशों के उच्चायुक्त, देश के सभी प्रमुख उद्योगपतियों, 40 देशों के डेलीगेट समेत सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्रीद्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, देश विदेश के निवेशक, उद्यमी आदि उपस्थित रहे।

जनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 2.98 लाख इकाई पर

नई दिल्ली, एजेंसी

यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री इस साल जनवरी में 17 प्रतिशत बढ़कर 2,98,093 इकाई पर पहुंच गई। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सियाम ने कहा कि माह के दौरान स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) सहित यूटिलिटी वाहनों की बढ़ती मांग से कुल यात्री वाहन बिक्री बढ़ी है। जनवरी, 2022 में वाहन कंपनियों ने डीलरों को 2,54,287 वाहनों की आपूर्ति की थी। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सियाम ने कहा कि माह के दौरान यूटिलिटी वाहनों की बिक्री बढ़कर 1,49,328 इकाई पर पहुंच गई। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 1,16,962 इकाई का रहा था। इसी तरह यात्री कारों की बिक्री 1,16,962 इकाई से बढ़कर 1,36,931 इकाई हो गई। वैन की बिक्री 10,632 इकाई से बढ़कर 11,834 इकाई पर पहुंच गई। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि बेहतर उपभोक्ता धारणा से यात्री वाहनों की मांग बढ़ रही है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, ह्यह्यजनवरी में यात्री वाहनों की बिक्री सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। अप्रैल से जनवरी यानी 10 माह की अवधि में यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 30 लाख इकाई को पार कर गया है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी की अवधि में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 32 प्रतिशत बढ़कर 31,69,788 इकाई पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यात्री वाहनों की बिक्री 24,03,125 इकाई रही थी।

अगले वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 9-11 प्रतिशत बढ़ेगी : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2023-24 में सालाना आधार पर 9-11 प्रतिशत बढ़ सकती है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर करीब छह प्रतिशत रहने के आधार यह अनुमान लगाया है। क्रिसिल का कहना है कि वाणिज्यिक वाहन बाजार को मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री से रफ्तार मिलेगी। इसके अलावा, अगले वित्त वर्ष के लिए केंद्रीय बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च में वृद्धि से मांग को समर्थन मिलेगा। यह घरेलू वाणिज्यिक वाहन उद्योग के लिए वृद्धि का लगातार तीसरा साल होगा। क्रिसिल ने कहा कि कुल घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री में हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) खंड की वृद्धि आठ से 10 प्रतिशत रहेगी। वहीं मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 13 से 15 प्रतिशत बढ़ेगी। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा, मजबूत मांग की संभावनाओं के मद्देनजर हम उम्मीद करते हैं कि एलसीवी बिक्री अगले वित्त वर्ष में 8-10 प्रतिशत बढ़ेगी और यह महामारी पूर्व (2018-19) को पार कर जाएगी। मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर जाएगी। इसमें 13 से 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2021-22 में घरेलू बाजार में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री साल-दर-साल आधार पर 31 प्रतिशत बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष में बिक्री में वृद्धि 27 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

शेयर बाजार ने की सपाट शुरूआत, सेंसेक्स 342 अंक लुढ़का

